



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 161 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.12 2079 **बुधवार, 24 अगस्त 2022**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## कांग्रेस ने जारी किए 'भारत जोड़ो यात्रा' के लोगो व पर्चे, 7 सितंबर से होगी शुरू

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस 7 सितंबर से देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर रही है। मंगलवार को पार्टी ने इस यात्रा का लोगो, टैगलाइन व पर्चे जारी किए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और दिग्विजय सिंह ने दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा की रूपरेखा मीडिया के सामने रखी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यात्रा को लेकर एक वेबसाइट भी लांच की गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर से तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू होगी और 12 राज्यों से होते हुए जम्मू-कश्मीर में समाप्त होगी।

# राजा सिंह को जेल पहुंचने से पहले जमानत

## कोर्ट ने रिमांड याचिका खारिज की, पैगंबर पर आपत्तिजनक बयान के बाद हुई थी गिरफ्तारी और भाजपा से निलंबन



अदालत में वकीलों के साथ विधायक राजा सिंह।

हैदराबाद, 23 अगस्त (एजेंसियां)। पैगम्बर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने विधायक टी राजा सिंह को चेतावनी देते हुए जमानत दे दी है। जानकारी के मुताबिक, कोर्ट ने पहले भाजपा नेता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में कोर्ट ने रिमांड ऑर्डर वापस लेते हुए उन्हें बेल दे दी। पुलिस ने टी राजा सिंह को हैदराबाद के नामपल्ली कोर्ट में पेश किया था।

टी राजा ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। बयान के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके विरोध में सड़कों पर उतरे थे। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिर भाजपा ने भी विधायक टी राजा को पार्टी से निलंबित कर दिया। टी राजा के बयान के खिलाफ सोमवार रात से ही हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन होता रहा। नाराज भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए गोशामहल से विधायक टी राजा की गिरफ्तारी की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने टी राजा के बयान की तुलना पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान से की थी।

**पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को भी हिरासत में लिया :**

इसके बाद दबीरपुरा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ आईपीसी की 295(ए), 153(ए) समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों में से भी कई लोगों को हिरासत में लिया है। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर ऑफिस, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ऑफिस और पुराने पुलिस कमिश्नर ऑफिस के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के खिलाफ जारी किया वीडियो

भाजपा विधायक ने कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के खिलाफ एक वीडियो जारी किया था। मुनव्वर ने पिछले हफ्ते ही हैदराबाद में एक कॉमेडी शो में परफॉर्म किया था। इससे पहले राजा सिंह ने फारुकी के शो को रोकने की धमकी दी थी और सेट को आग लगा देने की बात कही थी। राजा सिंह का कहना था कि मुनव्वर फारुकी ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इस धमकी के बाद उन्हें हाउस अरेस्ट में रखा गया था।

**27 मई को नूपुर शर्मा ने की थी पैगंबर पर टिप्पणी :**

भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने 27 मई को एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद साहब पर विवादित बयान दिया था। बयान के चलते भाजपा ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। नूपुर के बयान के विरोध में देश में कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में नूपुर शर्मा को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि नूपुर ने टेलीविजन पर धर्म विशेष के खिलाफ उकसाने वाली टिप्पणी की। उन्होंने लोगों की भावनाएं भड़काई हैं और देशभर में जो कुछ भी हो रहा है, उसकी जिम्मेदार नूपुर ही हैं।

उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया है।

## सीबीआई कोर्ट के जज को धमकी

### टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को बेल दो वरना...

कोलकाता, 23 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल आसनसोल के स्पेशल सीबीआई कोर्ट के जज राजेश चक्रवर्ती ने मंगलवार (23 अगस्त, 2022) को दावा किया है कि उनको एक धमकी भरा पत्र मिला है। पत्र में पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि अगर अनुब्रत मंडल की रिहाई सुनिश्चित नहीं की गई तो जज के परिवार के सदस्यों के खिलाफ एनडीपीएस मामले के झूठे केस में फंसाया जाएगा।

न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि उन्हें एक बप्पा चटर्जी के एक पत्र के माध्यम से धमकी मिली, जिसमें कहा गया था कि अगर मंडल को जमानत पर रिहा नहीं किया गया तो उनके परिवार को एनडीपीएस मामले में गंभीर आरोपों में फंसाया जाएगा। न्यायाधीश ने अपनी शिकायत में चटर्जी से प्राप्त पत्र को भी संलग्न किया और पश्चिम बर्धमान में जिला न्यायाधीश से मामले पर ध्यान देने का अनुरोध किया। उन्होंने अनुरोध किया कि इस मामले को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया जाए। पशु तस्करी के एक मामले में टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसके बाद अनुब्रत को आसनसोल की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने उसको 10 दिन की रिमांड पर भेज दिया था। वहीं रविवार को सीबीआई ने अनुब्रत मंडल के करीबी बिदुयत बरन के आवास पर छापा मारा था। बिदुयत बरन, अनुब्रत की बेटी सुकन्या मंडल के स्वामित्व वाली कंपनियों का जॉइंट डायरेक्टर है।

## विधायक के बयान पर भड़के एआईएमआईएम चीफ



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक टी. राजा सिंह की विवादित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पहले देर रात सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया, इसके बाद सुबह टी राजा को गिरफ्तार कर लिया गया। अब भाजपा विधायक की टिप्पणी पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा मुस्लिमों और पैगंबर मोहम्मद से नफरत करती है।

ओवैसी ने कहा, मैं भाजपा विधायक के बयान की निंदा करता हूं, ये लोग हैदराबाद में शांति कायम होते नहीं देखना चाहते। उन्होंने कहा ये लोग भारत के सामाजिक ताने-बाने को तबाह करना चाहते हैं। ओवैसी ने कहा, हमसे राजनीतिक लड़ाई जरूर लड़ो, लेकिन इस तरह नहीं। उन्होंने आगे कहा, अगर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा इस तरह के बयानों का समर्थन नहीं करती है, तो उन्हें इस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने 'सर तन से जुदा' नारे की भी आलोचना करते हुए कहा, किसी को कानून को अपने हाथों में लेने का अधिकार नहीं है। भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो को लेकर उन्होंने पैगंबर मोहम्मद को लेकर कथित तौर पर टिप्पणी की थी। यह पूरा विवाद छह मिनट तैंतीस सेकंड के वीडियो से जुड़ा है। उन्होंने विवादों में रहने वाले कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी को निशाना बनाते हुए टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, एक कॉमेडियन है जो थर्ड क्लास कॉमेडी करता है और हिंदुओं, भाजपा के बड़े अधिकारियों को टारगेट करता है।

## तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर भड़के नड्डा



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। हैदराबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तेलंगाना सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने कहा, मैं टीआरएस सरकार द्वारा भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय की अवैध गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करता हूं। जेपी नड्डा ने तेलंगाना सीएम पर हमला बोलते हुए कहा, टीआरएस की भ्रष्ट और परिवार केंद्रित राजनीति के खिलाफ राज्य के हर कोने से भाजपा को मिल रहे भारी समर्थन को देखकर केसीआर चिंतित हैं। हम लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले चुनावों में टीआरएस और केसीआर का सफाया हो जाएगा।

## चुनावी वादे रोकने पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर सुनवाई

### कोई सिंगापुर भेजने का वादा करे तो ईसी कैसे रोकेगा : सीजेआई

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त वादों के खिलाफ लगी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को करीब 45 मिनट तक सुनवाई हुई। इसमें पार्टियों के मुफ्त वादों पर रोक लगाने की मांग गई है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया कि वह इस केस को बड़ी बेंच में भेजी जा सकता है। अगली सुनवाई बुधवार यानी 24 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान वकील विकास सिंह ने कहा कि मुफ्त वादों के चलते देश दिवालिया होने की स्थिति में है।

इस पर सीजेआई रमण ने कहा कि, मान लीजिए कोई वादा कर दूं कि चुनाव जीतने पर लोगों को सिंगापुर भेज दूंगा। तो चुनाव आयोग इस पर कैसे रोक सकता है। सुप्रीम कोर्ट में आज की सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल न्याय मित्र के तौर पर, जबकि अभिषेक मनु सिंघवी आम आदमी पार्टी और विकास सिंह याचिकाकर्ता के वकील के तौर पर पेश हुए। केस की सुनवाई कर रही चीफ जस्टिस एनवी रमण की बेंच में जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली शामिल थीं। सीजेआई रमण : यह मुद्दा समाज और अर्थव्यवस्था की भलाई के लिए उठाया गया है। सभी पार्टियां, भले वो भाजपा हो या कोई और... मुफ्त घोषणओं के पक्ष में हैं।

## दिलीप घोष के बयान पर अमित शाह और जेपी नड्डा ने मांगी बीजेपी स्टेट यूनिट से रिपोर्ट

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल भाजपा से पार्टी उपाध्यक्ष दिलीप घोष की सीबीआई के खिलाफ टिप्पणी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने वायरल वीडियो का विवरण हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद में मांगा है, जिसमें दिलीप घोष को कथित तौर पर सीबीआई के खिलाफ बोलते हुए दिखाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि अमित शाह और जेपी नड्डा ने पार्टी की राज्य इकाई से उन्हें अलग-अलग रिपोर्ट भेजने को कहा है। दिलीप घोष ने रविवार को आरोप लगाते हुए कहा था कि बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कुछ नेताओं ने सीबीआई अधिकारियों के साथ सेटिंग की, जिसके चलते केंद्रीय वित्त मंत्रालय को पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को भेजने पड़ा। सोमवार को भी दिलीप घोष सीबीआई पर अपनी टिप्पणी पर कायम रहे और एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने फिर कहा, मैंने रविवार को अपने विचार व्यक्त किए हैं और मैं आज भी इसके साथ खड़ा हूं। अदालत ने (राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा में) सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

कितनी गिरफ्तारियां हुई हैं? कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं? हमें सीबीआई पर भरोसा है। मुझे परवाह नहीं है कि इसे कौन चलाता है। हमें इससे न्याय की उम्मीद है लेकिन हमें अब तक नहीं मिला है। दिलीप घोष ने बंगाल बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का बिना नाम लिए उनपर निशाना साधा और कहा कि जब मैं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष था, तब मैंने सीबीआई कार्यालय के बाहर आंदोलन किया था।

## भाजपा नेता सोनाली फोगाट का निधन




हिसार, 23 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा की भाजपा नेता सोनाली फोगाट का मंगलवार को निधन हो गया। वे 42 साल की थीं। वे अपने स्टाफ के साथ गोवा गई थीं, जहां उन्हें सोमवार देर रात दिल का दौरा पड़ा था। सोनाली के भाई ने बताया कि एक घंटा पहले उनका निधन हो गया। सोनाली टिक-टॉक स्टार और बिग बॉस-14 की कंटेस्टेंट बनने के बाद पॉपुलर हुई थीं। उनकी एक बेटी है और पति की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

**मौत से चंद घंटे पहले की थी फेसबुक पोस्ट :**

सोनाली ने 27 अगस्त को वर्करों की मीटिंग बुलाई थी। सोनाली ने अपनी मौत से चंद घंटे पहले रात को फेसबुक पर अपनी फोटो अपलोड की थी। जिस पर सोनाली ने लिखा था कि ऑलवेज रेडी, दबंग लेडी, रियल बॉस लेडी। सोनाली अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने आदमपुर से कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ चुनाव लड़ा था। वे इस चुनाव में हार गई थीं। कुलदीप बिश्नोई ने 29 हजार 471 वोट से ज्यादा वोट हासिल किए थे।

## कर्नाटक में हिंदू सेना की धमकी

### *सावरकर के पोस्टर को छुआ तो हाथ काटकर फेंक देंगे*

बेंगलुरू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में पिछले कई दिनों से पोस्टर विवाद जारी है। एक दिन पहले यहां के विजयपुरा जिले में भाजपा ने कांग्रेस के रीजनल हेड ऑफिस में सावरकर की तस्वीरें चिपका दीं। अब हिंदू सेना ने धमकी देते हुए कहा है कि उनकी संस्था उन लोगों के हाथ काट देगी जो सावरकर के पोस्टरों को हटाने की कोशिश करेंगे।

हिंदू सेना के प्रमुख प्रमोदी मुथालिक ने कहा सावरकर मुस्लिमों के खिलाफ नहीं थे, वे अंग्रेजों के खिलाफ थे। अगर कोई मुस्लिम या कोई कांग्रेस कार्यकर्ता सावरकर की उन तस्वीरों या पोस्टरों को हाथ लगाया है तो हम उसके हाथ काटकर फेंक देंगे। यह हमारी चेतावनी है।

सावरकर ने 23 साल देश के लिए लड़ाई लड़ी है। हम इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सावरकर के योगदानों और उनके कामों को हर कोने में दर्शाया जाए। हिंदू महासभा गौरी गणेश सेवा समिति के प्रेसिडेंट राकेश रामामूर्ति ने कहा कि हमने गणेश चतुर्थी के पोस्टरों पर बाल गंगाधर तिलक और वीर सावरकर की तस्वीरों को शामिल किया है। कुछ शरारती तत्व इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन हमें इसकी परवाह नहीं है। हमने कुछ पोस्टर लगा दिए हैं और कुछ पोस्टर जल्दी लगाए जाएंगे। वीर सावरकर स्वतंत्रता सेनानी थे।

प्रमोद मुथालिक ने एक दिन पहले बताया कि राज्य में कम से कम 15 हजार जगहों पर वीर सावरकर और तिलक के पोस्टर लगाए जाएंगे। हम इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए अभियान चलाना चाहते हैं। कर्नाटक के शिवमोगा में पिछले सोमवार को दो गुटों में झड़प हुई थी। यहां के अमीर अहमद सर्कल में हिंदू संगठन के लोगों ने वीर सावरकर का पोस्टर लगाया था। इसके बाद टीपू सुल्तान सेना ने विरोध किया और अपना झंडा लेकर पहुंच गए। इन्होंने टीपू सुल्तान के पोस्टर लगाने की कोशिश की। विवाद रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बाद में सावरकर की तस्वीर भी हटा दी गई।





E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership. | Maruti Suzuki vehicles are now available under CSD & CPC* | For bulk order, mail at: nishant.vijayvergia@maruti.co.in.

AUTHORISED DEALERS: TELANGANA STATE: VARUN: (NIZAMBAD) CALL: 8462236236, (KARIMNAGAR) CALL: 0878- 2950555. HYDERABAD: ADARSHA: (ATTAPUR) CALL: 8897973366, (KARMANGHAT) CALL: 8297576633. KALYANI MOTORS: (NACHARAM) CALL: 9100102157, (LB NAGAR) CALL: 9100102157. GEM MOTORS: (KONDAPUR) CALL: 9272506060. ACER: (TIRUMALGIRI) CALL: 9154073240. AUTOFIN: (BOWENPALLY) CALL: 040-67292222. JAYABHERI: (GACHIBOWLI) CALL: 8100823456. PAVAN: (SECUNDERABAD) CALL: 7093711199. VARUN: (BEGUMPET) CALL: 040-44607676, (BANJARA HILLS) CALL: 040-44887676, (KUKATPALLY) CALL: 040-44587676, (VANASTHALIPURAM) CALL: 040-24029979, (GACHIBOWLI) CALL: 040-49497676. RKS: (SOMAJIGUDA) CALL: 9848898488, (MALAKPET) CALL: 9848898488, (SECUNDERABAD) CALL: 9848898488, (KUSHAIGUDA) CALL: 9848898488. MITHRA: (HIMAYATHNAGAR) CALL: 040-27634444, (MEHDIPATNAM) CALL: 7799884949. SAI SERVICE: (ERRAGADDA) CALL: 7331168888, (MIYAPUR) CALL: 7331168888. E-OUTLETS: SAI SERVICE: (SANGAREDDY) CALL: 7331168888. ADARSHA: (SIDDIPET) CALL: 9581656633. VARUN: (MEDAK) CALL: 9703656111. AUTOFIN: (MEDCHAL) CALL: 8885040034. PAVAN: (IBRAHIMPATNAM) CALL: 7093711199.

**Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, and ISL/ Corporate offer (wherever applicable) on S.Presso (MT Petrol- V & V+ variants only). ^Gold coin offer up to ₹5000 is Applicable on select Models/ variants of S.Presso and value of coin may vary depending on variant. Gold coin offer is valid on Invoicing till 31st August 2022. ***Terms & Conditions apply. Finance scheme details mentioned in the Advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the bank. ^^Up to 100% on-road funding is provided by select financiers only. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. #As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. (CMVR is an Acronym for Central Motor Vehicles rules, 1989). Mileage Mentioned is for VXI(O) AGS & VXI+(O) AGS. *For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. Creative Visualization. The black glass is the vehicle is due to the lightning effect. Images used are for illustration purposes only. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 31st August 2022.

## संजय सिंह बोले, भाजपा का महाराष्ट्र, कर्नाटक, एमपी व गोवा का प्रयोग दिल्ली में फेल हुआ



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व गोवा में विधायक तोड़ कर सरकार बनाई, मगर दिल्ली में भाजपा का यह प्रयोग पूरी तरह से फेल हो गया है, क्योंकि भाजपा ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अपने साथ लेने के लिए उनके घर पर छापामारी कराई है। मनीष सिसोदिया के खुलासे के बाद भाजपा सदमे में है। उसके पास कोई जवाब नहीं है। सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी आंदोलन की कोख से निकली हुई पार्टी है। यहां भाजपाइयों के प्रयास कभी सफल होने वाले नहीं हैं। भाजपा शासित केंद्र सरकार की फर्जी और झूठी कार्रवाइयों को पूरा देश देख रहा है और समय आने पर जवाब देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बंगाल और गोवा सहित पूरे देश में विपक्षी सरकारों को गिराने, विधायक खरीदने और तोड़ने के चलाए सिलसिले में सबसे बड़े हथियार के तौर पर सीबीआई और ईडी का उपयोग किया था। वह दिल्ली में भी ये प्रयोग करना चाहते थी। दिल्ली सरकार में तोड़फोड़ करने के लिए मनीष सिसोदिया से कहा कि सभी की तरह तुम्हारी भी ईडी, सीबीआई की जांच खत्म हो जाएगी, मगर मनीष सिसोदिया ने साफ कह दिया कि हम महाराणा प्रताप के वंशज हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की मुलाकात



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। कांग्रेस की तरफ से इस मुलाकात को शिष्टाचार और औपचारिक मुलाकात बताया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की विवादित टिप्पणी और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की ये मुलाकात हुई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (64) ने 25 जुलाई को देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वह शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन होने वाली सबसे कम उम्र की और पहली आदिवासी हैं। वह ऐसी पहली राष्ट्रपति हैं, जिनका जन्म देश की आजादी के बाद हुआ है। बता दें कि हाल ही में कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए बयान को लेकर जमकर विवाद हुआ था। अधीर रंजन ने कहा था कि वे राष्ट्रपति मुर्मू से माफी मांगेंगे।

लेकिन इन पाखंडियों से माफी नहीं मांगेंगे। अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'राष्ट्रपत्नी' बोल दिया था। इसे लेकर बीजेपी ने कांग्रेस और अधीर रंजन चौधरी पर जमकर निशाना साध रही है। यहां तक कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी, महिला विरोधी और गरीब विरोधी बताया। उन्होंने इस मामले में सोनिया गांधी से माफी की मांग की थी। लोकसभा में ईरानी और सोनिया गांधी के बीच इसे लेकर काफी तनाव भी देखा गया था। हालांकि, चौतरफा विवादों में घिरे अधीर रंजन चौधरी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने राष्ट्रपति से मिलकर माफी मांगने के लिए समय मांगा था। लेकिन बीजेपी सोनिया गांधी पर निशाना क्यों साध रहे हैं।

उन्होंने कहा था, 'मैं बीजेपी को चुनौती देता हूं कि आगे आकर मुझे लड़े। हमारी नेता, जो महिला हैं, उन्हें टारगेट न करें। मैं फिर कह रहा हूं कि गलती हुई है। मैं बंगाली हूं... मेरी हिंदी अच्छी नहीं है। मुझे संसद में बोलकर स्पष्टीकरण देने दीजिए।'

## बहुत मदद की नवीन पटनायक ने अब एनडीए में आ जाएं, रामदास आठवले ने फेंका चुनावी पासा



भुवनेश्वर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक से भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल की अपील की है। उन्होंने यह दावा भी कि अगर ऐसा होता है तो इससे क्षेत्रीय पार्टी को बहुत फायदा होगा। आठवले ने कहा, 'बीजू जनता दल ने एनडीए सरकार की बहुत मदद की है। संसद के दोनों सदनों में कई अहम बिल पास करने में उसका सहयोग मिला है। अगर नवीन पटनायक एनडीए से हाथ मिलाते हैं तो 2024 के चुनावों में बीजद को बहुत लाभ मिलेगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ओडिशा के लिए और अधिक फंड मंजूर कर सकती है।' रामदास आठवले ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए बड़े नंबर के साथ आगे आएगी। उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार ने बिहार में हाल के दिनों में एनडीए का साथ छोड़ दिया है लेकिन उनकी पार्टी भविष्य में दोबारा बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा बन सकती है। नीतीश के एनडीए से अलग होने का कोई भी असर 2024 के चुनावों में होने वाले गठबंधन पर नहीं पड़ेगा।

देवी-देवताओं की जाति पर जेएनयू चांसलर का बयान

# कोई भी देवता ब्राह्मण नहीं : शिव आदिवासी जो सांप के साथ कब्रिस्तान में बैठते थे



लक्ष्मी, शक्ति, जगन्नाथ और सभी देवता। आप देखेंगे तो पता चलेगा कि ये सभी आदिवासी थे। तो हम ये भेदभाव क्यों कर रहे हैं। शांतिश्री धुलीपुड़ी, कुलपति JNU

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी की कुलपति ने शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित ने सोमवार को देवी-देवताओं और जाति को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू देवता किसी ऊंची जाति से नहीं आते हैं। भगवान शिव भी शूद्र हैं, क्योंकि वे श्मशान में बैठते हैं।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिल्ली में एक सेमिनार रखा, जिसका विषय था- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर थॉट ऑन जेंडर जस्टिस: डिकोडिंग द यूनिफॉर्म सिविल कोड।

**हम आज तक कास्ट सिस्टम क्यों मान रहे- शांतिश्री**

शांतिश्री पंडित ने कहा, "कोई देवता ब्राह्मण नहीं है। सबसे ऊंचा दर्जा क्षत्रिय का है। शिव जरूर अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के होंगे, क्योंकि वह श्मशान में सांप के साथ बैठते हैं। उनके पास पहनने के लिए बहुत कम कपड़े हैं। मुझे नहीं लगता कि ब्राह्मण कब्रिस्तान में बैठ सकते हैं। तो स्पष्ट रूप से देवता ऊंची जाति से नहीं आते हैं। अगर आप देखें लक्ष्मी, शक्ति और जगन्नाथ सभी देवी-देवता आदिवासी हैं। तो हम अभी भी इस भेदभाव को क्यों जारी रख रहे हैं, जो बहुत ही अमानवीय है।"

**भारतीय समाज और अंबेडकर पर भी दिया बयान**

अगर भारतीय समाज कुछ अच्छा करना चाहता है तो जाति को खत्म करना बेहद जरूरी है। मुझे समझ में नहीं आता कि हम उस पहचान के लिए इतने इमोशनल क्यों हैं, जो भेदभावपूर्ण और असमान है। हम इस आर्टिफिशियल आइडेंटिटी की रक्षा के लिए किसी को भी मारने के लिए तैयार हैं। बौद्ध धर्म सबसे महान धर्मों में से एक है, क्योंकि यह साबित करता है कि भारतीय सभ्यता असहमति, विविधता और अंतर को स्वीकार करती है। गौतम बुद्ध ब्राह्मणवादी हिंदू धर्म के पहले विरोधी थे। वे इतिहास के पहले तर्कवादी भी थे। आज हमारे पास डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की पुनर्जीवित की हुई एक परंपरा है। शांतिश्री ने अपने भाषण में राजस्थान में नौ साल के दलित लड़के की मौत का जिक्र किया, जिस पर उसकी ऊंची जाति के टीचर ने हमला किया था। वे बोलीं-"दुर्भाग्य से आज जाति जन्म के आधार पर होती है। अगर कोई ब्राह्मण या मोची है, तो क्या वह पैदा होते ही दलित हो जाता है? नहीं, मैं ऐसा इसलिए कह रहीं हूं क्योंकि हाल ही में राजस्थान में एक दलित को सिर्फ इसलिए पीट-पीटकर मार डाला गया, क्योंकि उसने पानी को पिया नहीं, बस छुआ था। कृपया समझिए, यह मानवाधिकार का सवाल है। हम एक साथी इंसान के साथ ऐसा व्यवहार कैसे कर सकते हैं?"

प्रो. शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित तेलुगु, तमिल, मराठी, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, कन्नड, मलयालम और कोकणी भाषा अच्छी तरह जानती हैं। वे कई किताबें भी लिख चुकी हैं। इनमें पार्लियामेंट एंड फॉरेन पॉलिसी इन इंडिया, रिस्ट्रक्चरिंग एन्वायरनमेंटल गवर्नेंस इन एशिया-इथिक्स एंड पॉलिसी शामिल हैं।

## वायुसेना के 3 अफसर बर्खास्त

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। नौ मार्च को भारत की एक ब्रह्मोस मिसाइल (इस पर वॉर हेड यानी हथियार नहीं थे) पाकिस्तान के मियां चन्नू शहर में गिरी थी। गलती से फायर हुई इस मिसाइल पर भारत ने अफसोस जाहिर करते हुए जांच का भरोसा दिलाया था। अब इस मामले में इंडियन एयरफोर्स के तीन ऑफिसर्स को बर्खास्त कर दिया गया है।

भारतीय वायु सेना के अधिकारी ने बताया कि जिन अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है उनमें एक ग्रुप कैप्टन, एक विंग कमांडर और एक स्क्वाड्रन लीडर शामिल हैं।

केंद्र सरकार के इस आदेश को फौरन लागू भी कर दिया गया है। 23 अगस्त को संबंधित एयरफोर्स अधिकारियों को इस आदेश की जानकारी दे दी गई। यह जानकारी इंडियन एयरफोर्स की तरफ से दी गई है। पाकिस्तान के तात्कालिक प्रधानमंत्री इमरान खान ने तब इस पर कहा था कि हम भारतीय मिसाइल के पाकिस्तान में गिरने के बाद जवाब दे सकते थे, लेकिन हमने संयम बरता।

# मुंबई में फिर हमले की धमकी

## बड़े होटल में 5 बम लगाने का दावा, 5 करोड़ रुपये मांगे



मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में धमकियों का दौर रुक नहीं रहा है। खबर है कि अब शहर के एक प्रमुख होटल में बम धमाके की धमकी दी गई है। फिलहाल, मामले की गंभीरता के मद्देनजर मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई है। साथ ही अज्ञात कॉलर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हाल ही में मुंबई में ट्रैफिक पुलिस को धमकी भरा मैसेज आया था, जिसमें 26/11 जैसे हमले की बात की गई थी। मंगलवार को मुंबई पुलिस ने जानकारी दी कि मुंबई के एक प्रमुख होटल में धमकी भरा कॉल आया है। कॉलर ने दावा किया है कि होटल में पांच स्थानों पर बम लगाए गए हैं। इतना ही नहीं अज्ञात शख्स ने इन्हें डिफ्यूज करने के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग भी की गई है। सहर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 336, 507 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

**पाकिस्तान से आई 26/11 जैसे हमले की धमकी**

शुक्रवार को मुंबई में 26/11 आतंकवादी हमले जैसी हमले की धमकी भरा मैसेज आया था। ट्रैफिक पुलिस को रात करीब 11:35 बजे व्हाट्सऐप पर संदेश आया था। इसकी जानकारी लगते ही मुंबई पुलिस ने तटीय और भीड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी थी। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, यह मैसेज पाकिस्तान से आया था। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में भी लिया था।

**रायगढ़ में मिली हथियारों से भरी नाव**

इसके अलावा रायगढ़ जिले के तट पर हथियारों से भरी नाव मिलने से भी हड़कंप मच गया था। हालांकि, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि जांच में पता चला है कि यह नाव ऑस्ट्रेलियाई महिला की थी, जो यूरोप से मस्कट जा रही थी, लेकिन 26 जुलाई को इसका इंजन खराब हो गया। उन्होंने कहा था कि इसमें कोई टेरर एंगल नजर नहीं आ रहा है। रायगढ़ पुलिस के अनुसार, नाव में कोई सवार नहीं था और इसे स्थानीय लोगों ने हरिहरेश्वर बीच पर देखा था। लोगों को इसमें एक मेटल बॉक्स दिखा, जिसे खोलने पर उसमें तीन एके56 राइफल मिलीं। जानकारी लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

## ममदोट में बॉर्डर से हथियारों का जखीरा बरामद, बीएसएफ को गश्त के दौरान मिली सफलता

फिरोजपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को पंजाब के फिरोजपुर में बीएसएफ की पोस्ट जोगिंदर के सामने सीमा पार से तस्करी किए गए हथियारों का एक जखीरा बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक की जांच में दो पिस्टल, एके-47, तीन वेपन और दो आधुनिक हथियार मिले हैं। ये हथियार एके-47 जैसे है, लेकिन काफी खतरनाक है। बीएसएफ इलाके की छानबीन में लगी हुई है। छह मैगजीन के साथ तीन एके सीरीज राइफल, चार मैगजीन वाली 2 एम3 सब-मशीन गन और दो मैगजीन के साथ दो मैगजीन बरामद की। उन्होंने बताया कि इन हथियारों की पाकिस्तान से तस्करी कर लाए जाने की आशंका है।

# गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा के झटके के बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा की भी कांग्रेस हाईकमान को नसीहत



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बीते एक सप्ताह में कांग्रेस को दिग्गज नेताओं की ओर से जम्मू कश्मीर से लेकर हिमाचल तक में झटके लगे हैं। इस बीच हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा ने भी कांग्रेस लीडरशिप को सलाह दी है कि वह वरिष्ठ नेताओं की चिंताओं को सुने। गुलाम नबी आजाद ने जम्मू-कश्मीर कांग्रेस की चुनाव समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद आनंद शर्मा ने भी हिमाचल प्रदेश की चुनाव समिति से इस्तीफा दे दिया था। दोनों नेताओं की राय थी कि वह राष्ट्रीय राजनीति में रह चुके हैं और प्रदेश के मामलों की समिति में रखना एक तरह से उनका डिमोशन है। इस बीच भूपिंदर सिंह हुड्डा का कहना है कि हाईकमान को नेताओं के कद के अनुसार ही उन्हें काम देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह वक्त ऐसा है, जब पार्टी को एकजुट और मजबूत रहने की जरूरत है। गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा ने कांग्रेस की चुनाव समितियों से इस्तीफा दे दिया। मैं पार्टी हाईकमान से अपील करता हूं कि वह इन दोनों नेताओं के कद को देखते हुए उनकी बातों को सुने और समस्याओं के समाधान तलाशे। यह जरूरी है कि कांग्रेस को इस वक्त एकजुट और मजबूत रखा जाए।' गुलाम नबी आजाद ने यह कहते हुए इस्तीफा दिया था कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, वह उनके कद के मुताबिक ठीक नहीं है। इसके अलावा आनंद शर्मा ने आरोप लगाया था कि उनके गृह राज्य में चुनाव को लेकर उनसे कोई राय नहीं ली गई। बिना किसी चर्चा के ही उन्हें यह पद दे दिया गया। भूपिंदर सिंह हुड्डा उन 23 नेताओं में रहे हैं, जिन्होंने पार्टी में सुधार के लिए सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। हालांकि भूपिंदर सिंह हुड्डा को हरियाणा में पार्टी ने अहम रोल दिया है। उनके करीबी नेता उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा भूपिंदर सिंह हुड्डा ही हरियाणा में कांग्रेस की स्टेट यूनिट के सबसे वरिष्ठ नेता हैं। सोनिया गांधी को जी-23 नेताओं की ओर से लिखे पत्र को लेकर भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा, 'हमारी ओर से लिखा गया पत्र एक ईमानदार कोशिश थी कि पार्टी में सुधार किया जाए। मुझे उम्मीद है कि इस मसले से निपटने के लिए लीडरशिप की ओर से प्रयास किए जाएंगे। इस संबंध में कुछ कदम उठाए भी गए हैं।' भूपिंदर सिंह हुड्डा हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं।


## नवजात का शव लेकर घूमता मिला कुत्ता

**धड़ से सिर अलग मिलने से बलि और हत्या की आंशका**

ग्वालियर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के भीम नगर में एक कुत्ते के मुंह में नवजात का शव देखकर सनसनी फैल गई। बड़ी मुश्किल से वहां मौजूद लोगों ने कुत्ते के मुंह से शव को छुड़ाया। नवजात के शरीर से उसका सिर गायब था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, लोगों ने बलि की आंशका भी जताई है। जनकारी के मुताबिक, भीम नगर में एक कुत्ता अपने मुंह में एक नवजात के शव को लेकर जा रहा था। तभी उसपर लोगों की नजर पड़ गई। नवजात के शरीर से उसका सिर गायब होने से लोग हैरान रह गए। सूचना मिलने पर आस-पास के लोगों की मौके पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। हाजीपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

# जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

**घबराकर घर से बाहर निकले लोग, 24 घंटे में दूसरी बार हिली धरती**





जम्मू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर में मंगलवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। केंद्र कटरा इलाके से 61 किलोमीटर पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप देर रात दो बजकर 20 मिनट पर आया, जिसका केंद्र कटरा इलाके से 61 किलोमीटर पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके तड़के करीब 2.20 बजे लोगों ने महसूस किया। जिसके बाद लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। इससे पहले सोमवार को राजस्थान के बीकानेर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई थी।

**यूपी में भी हिली धरती**

इससे यूपी में लखनऊ, बहराइच और सीतापुर समेत कई जिलों में 19 अगस्त की देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात करीब 1.12 बजे आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.2 मापी गई। इसका केंद्र लखनऊ से 139 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में 82 किमी की गहराई में रहा। भूकंप के कारण लोगों की नींद खुल गई और वे फौरन घरों से बाहर निकल आए। वहीं, कृष्ण जन्माष्टमी मना रहे लोग भी घबराकर पंडालों से बाहर निकल आए। लोगों के अनुसार झटका इतना तेज था कि घरों में रखे कूलर, फ्रिज, पंखे समेत कई सामान देर तक हिलते रहे।

# स्मृति ईरानी की बेटी से जुड़े विवाद में अब ट्विटर पहुंचा एचसी

**कांग्रेस नेताओं के ट्वीट हटाने का था आदेश**



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर की एक याचिका पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जवाब मांगा, जिसमें पीठ के पहले के आदेश में कुछ स्पष्टीकरण की मांग की गई है जिसमें उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया दिग्गजों को कथित तौर पर भाजपा नेता और उनकी बेटी के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री वाले वेब लिंक को हटाने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ण की पीठ ने ट्विटर द्वारा दायर एक याचिका पर ईरानी को नोटिस जारी किया है जिसमें उसने 29 जुलाई के आदेश में इस आशय का स्पष्टीकरण मांगा कि मंच केवल उसी सामग्री को हटाने के लिए बाध्य है जिसमें वादी ईरानी द्वारा प्रदान किए गए यूआरएल मानहानिकारक पाए गए हैं। ईरानी के लंबित दीवानी मानहानि के मुकदमे पर याचिका दायर किया गया था जिसमें उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई को कांग्रेस के तीन नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को समन जारी किया था और उनसे केंद्रीय मंत्री और उनकी बेटी पर लगे आरोपों पर ट्वीट और अन्य सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने के लिए भी कहा था। इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने सर्च इंजन गूगल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को आरोप, वीडियो, पोस्ट, ट्वीट, री-ट्वीट, कैप्शन, टैगलाइन के साथ-साथ वादी और उसकी बेटी की मॉर्फ्ड तस्वीरों को हटाने का निर्देश दिया था। ऐसी मानहानिकारक सामग्री या उससे मिलती-जुलती किसी भी चीज के साथ रेखांकित सामग्री, जिसमें उनके संबंधित प्लेटफॉर्म पर पुनरावर्तन भी शामिल है।

ट्विटर ने स्पष्टीकरण मांगा कि आदेश कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दिया गया था ना कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ। जैसे ही ईरानी के वकील ने आवेदन पर प्रतिक्रिया देने के लिए समय मांगा, उच्च न्यायालय ने जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दे दिया। इससे पहले गूगल ने उच्च न्यायालय को बताया था कि उसने ईरानी और उनकी बेटी के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री वाले वेब लिंक को हटाने के आदेश का अनुपालन किया है और कहा कि भाजपा नेता अन्य यूआरएल प्रदान कर सकती हैं, जिन पर कार्रवाई की जाएगी। गूगल के वकील ने दलील दी थी कि ईरानी ने उन्हें केवल एक यूआरएल मुहैया कराया था। उसे निष्क्रिय कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई के आदेश में से संशोधन की मांग वाली गूगल की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया है। इस पर भी स्मृति ईरानी से जवाब मांगा गया है।

**क्या है मामला**

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा की वरिष्ठ नेता और उनकी बेटी का संबंध महंगे रेस्टोरेंट "सिली सोल्स कैफे एंड बार" से है। ईरानी ने अपनी और अपनी 18 वर्षीय बेटी के खिलाफ कथित रूप से निराधार और झूठे आरोप लगाने के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उच्च न्यायालय ने अपने पिछले आदेश में कहा था कि चूंकि वादी भारत सरकार में एक मंत्री के रूप में एक सम्मानित पद पर आसीन है उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान बदनाम करने की प्रकृति में हैं और दुर्भावनापूर्ण इरादे से फर्जी प्रतीत होते हैं।"

# एनडीटीवी ग्रुप में हिस्सेदारी खरीदेगा अडाणी ग्रुप



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अडाणी समूह एनडीटीवी मीडिया समूह में 29.18% हिस्सेदारी खरीदेगा। अडाणी ग्रुप की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क के जरिए यह डील की जाएगी। एएमजी मीडिया नेटवर्क लिमिटेड की सब्सिडियरी वीपीसीएल के जरिए हिस्सेदारी खरीदने की बात कही गई है। अडाणी मीडिया नेटवर्क के सीईओ संजय पुगलिया ने लेटर जारी करके यह जानकारी दी। अडाणी ग्रुप के एएमजी मीडिया ने एनडीटीवी में 26% अतिरिक्त हिस्सेदारी के लिए भी पेशकश की है। अडाणी ग्रुप ने एनडीटीवी में 294 रुपए प्रति शेयर की दर से 26% हिस्सेदारी के लिए 493 करोड़ रुपए की खुली पेशकश की है। इसके बाद एनडीटीवी के शेयर मंगलवार को 5% बढ़कर 376.55 रुपए पर बंद हुए। लंबे समय तक कोयला और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश करने के बाद अडाणी ग्रुप अब राइस से लेकर ट्रैवल पोर्टल, मीडिया, ग्रीन एनर्जी और सीमेंट कंपनियों का अधिग्रहण करके कारोबार को डायवर्सीफाई कर रहा है। ब्लूमबर्ग द्वारा जुटाए गए डेटा के मुताबिक पिछले साल भर में ग्रुप ने 1.31 लाख करोड़ रुपए से 32 से ज्यादा सौदे किए हैं। अब यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे ज्यादा सौदे करने वाले समूहों में शुमार हो गया है। अडाणी ग्रुप ने पिछले सालभर में जो सौदे किए हैं, उनमें अधिकतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन एनर्जी कंपनियां हैं। इनमें सीमेंट से लेकर पोर्ट्स और एनर्जी प्रोजेक्ट शामिल हैं। हाल ही में अडाणी समूह ने दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी होलसिम से लगभग 81 हजार करोड़ रुपए में अंबुजा और एसीसी सीमेंट कंपनियों की हिस्सेदारी खरीदी थी।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक वर्तमान में गौतम अडाणी की नेटवर्थ लगभग 11 लाख करोड़ रुपए है। वे दुनिया के चौथे सबसे अमीर कारोबारी हैं। केवल एलन मस्क (टेस्ला), जेफ बेजोस (अमेजन) और बर्नार्ड अर्नाल्ट ही नेटवर्थ के मामले में उनसे ऊपर हैं।

## फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

### भारी मात्रा में नकली प्रमाण-पत्र आदि बरामद





हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा की विशेष अभियान दल (एसओटी) एलबी नगर की टीम और बालापुर की पुलिस ने विश्वसनीय सूचना पर एक फर्जी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने केक किंग बेकरी, एराकुंटा, बालापुर से इस मामले में 6 आरोपियों मुख्तार अहमद, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद फारूक अली, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद जुबैर अली, सैयद अतीफुद्दीन को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों की उम्र 44 से 25 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। इस मामले चन्द्रनरायनगुट्टा का रहने वाला कलीमुद्दीन फरार है। राचकोंडा के पुलिस ऑयुक्त महेश मुरलीधर भागवत ने कहा कि कलीमुद्दीन उर्फ कलीम और मुख्तार अहमद की जोड़ी नकली प्रमाण-पत्र तैयार करती थी। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले से प्रमाण-पत्र के लिए भारी धनराशि वसूली जाती थी। अब तक इन गिरोह ने करीब 500 लोगों को इंटरमीडिएट बोर्ड, दिल्ली माध्यमिक बोर्ड के नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र, बुंदेलखंड और आंध्र विश्वविद्यालय के साथ ही कई विश्वविद्यालयों के फर्जी प्रमाण पत्र दिए। पुलिस ऑयुक्त ने बताया कि आरोपी लोगों से प्रमाण-पत्र के लिए 25 हजार से लेकर 5 लाख रुपए वसूलते थे। इन लोगों के पास से आंध्र विश्वविद्यालय,



आंध्र प्रदेश इंटरमीडिएट सर्टिफिकेट बोर्ड, महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट, दिल्ली बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट्स, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय प्रमाणपत्र, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रमाणपत्र, कैथोलिक को-ऑप अर्बन बैंक लिमिटेड के प्रमाण पत्र, हेल्थ प्वाइंट फार्मेसी का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र, नकली स्थानांतरण प्रमाणपत्र फर्जी मिले है। सीपी ने बताया कि इस गिरोह का सरगना कलीम है।

## 15 करोड़ रुपये खर्च कर विकसित होगा सिद्दीपेट ऑटो नगर : हरीश राव



सिद्दीपेट, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने मंगलवार को सिद्दीपेट औद्योगिक पार्क में ऑटो नगर विकसित करने का शिलान्यास किया. प्रस्तावित ऑटो नगर को 15 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 25 एकड़ में विकसित किया जाएगा।

तेलंगाना स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएसआईआईसी) ने ऑटो नगर के लिए मंडपल्ली में जो 15 एकड़ जमीन पहले आवंटित की थी, उसे टीएसआईआईसी को वापस कर दिया जाएगा क्योंकि अधिकारियों ने औद्योगिक पार्क में ऑटो नगर विकसित करने के लिए चुना है। इस अवसर पर बोलते हुए हरीश राव ने कहा कि ऑटो नगर को राजीव राहधारी से जोड़ने के लिए सड़क बनाई जाएगी. उन्होंने आगे कहा कि दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन ऑटो यूनियनों के माध्यम से प्राप्त होंगे, जबकि जिनके पास दुकानें हैं उन्हें स्वतः ही दुकानें आवंटित कर दी जाएंगी. चूंकि वह ऑटो नगर को एक मॉडल के रूप में विकसित करना चाहते हैं, इसलिए राव ने कहा कि इसे हर वाहन के लिए शेड की मरम्मत करनी होगी। प्रस्तावित ऑटो नगर में 425 प्लाट होंगे।

मंत्री ने कहा कि 25 एकड़ रेलवे ट्रैक से इसकी निकटता और सिद्दीपेट-वारंगल सड़क के चार लेन राजमार्ग में प्रस्तावित विस्तार के कारण सही जगह पर स्थित है। उन्होंने आगे कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग जल्द ही ऑटो नगर श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा जहां डॉक्टर 57 प्रकार के परीक्षण करेंगे. राव ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को उन्हें मुफ्त में दवाएं देने का सुझाव दिया है। सिद्दीपेट में औद्योगिक विकास पर विस्तार से बताते हुए राव ने कहा कि आईटी टॉवर का निर्माण 2023 में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आईटी टॉवर में 1,600 पेशेवरों को काम करने की सुविधा होगी।

टीएसआईआईसी के अध्यक्ष ग्याधारी बालमल्लू ने कहा कि टीएसआईआईसी सभी औद्योगिक पार्कों में 60 फीट की सड़कें बिछा रहा है क्योंकि तेलंगाना सरकार बुनियादी ढांचा सुविधाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बालमल्लू ने कहा कि सरकार सभी जिला मुख्यालयों में आईटी टावर बनाने की योजना बना रही है. जिला परिषद अध्यक्ष वी रोजा शर्मा, आरटीए दुर्गा प्रसाद और अन्य उपस्थित थे।

## हैदराबाद और नागरसोल के बीच विशेष ट्रेनें

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे हैदराबाद और नागरसोल के बीच विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है।

मंगलवार को यहां एक विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष ट्रेन संख्या (07089) 24 अगस्त को शाम 7 बजे हैदराबाद से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9.25 बजे नागरसोल पहुंचेगी।

इसी तरह, विशेष ट्रेन संख्या (07090) 25 अगस्त को रात 10 बजे नागरसोल से निकलेगी और अगले दिन दोपहर 1 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में लिंगमपल्ली, विकाराबाद, जहीराबाद, बीदर, भालकी, उदगीर, लातूर रोड, परली, गंगाखेर, परभणी, सेलू, पर्तूर, जालना और औरंगाबाद स्टेशनों पर रुकेंगी. इन ट्रेनों में 2एसी, 3एसी, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच शामिल हैं।

## बंडारू ने किसानों से जैविक खेती अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का किया आह्वान



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को कहा कि किसानों को केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों की कृषि कल्याण नीतियों और कार्यक्रमों का लाभ उठाकर जैविक खेती को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें फायदा होगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

दत्तात्रेय हल्दी किसान उत्पादन संगठन, मनोहराबाद, जिला निजामाबाद के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ राजभवन में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने उनमें से प्रत्येक को शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सम्मान के तौर पर एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। देश में हल्दी उत्पादन के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत 90 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है. उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय उद्यमिता और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है जहां किसानों को उपकरण, खाद्य उत्पादन और भंडारण सुविधाओं पर अधिकतम सब्सिडी दी जा रही है। हल्दी उत्पादक किसान संगठन, मनोहराबाद, निजामाबाद के अध्यक्ष पी तिरुपति रेड्डी ने बताया कि उनके क्षेत्र के लगभग 100 गांवों में हल्दी का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि ये गांव देश के कुल हल्दी उत्पादन का 30 फीसदी उत्पादन करते हैं।

## अब चंद्रयानगुट्टा फ्लाईओवर का शुभारंभ 27 को

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को होने वाले चंद्रायंगुट्टा फ्लाईओवर का उद्घाटन स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, विस्तारित भागों वाले फ्लाईओवर का अब 27 अगस्त को उद्घाटन होने की उम्मीद है। मौजूदा चंद्रयानगुट्टा फ्लाईओवर 400 मीटर का था, और अन्य 674 मीटर जोड़े गए हैं। सुविधा की कुल लंबाई, अब एक चार-लेन द्वि-दिशात्मक फ्लाईओवर जिसकी चौड़ाई 16.6 मीटर है, अब 1.07 किमी है।

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) में सामरिक सड़क विकास योजना (एसआरडीपी) के तहत शुरू किए गए 41 कार्यों में से चंद्रयानगुट्टा विस्तारित फ्लाईओवर के उद्घाटन के साथ, 30 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 11 अन्य परियोजनाओं पर काम प्रगति पर है। एसआरडीपी के तहत, जीएचएमसी सीमा में यातायात की समस्याओं को कम करने के लिए अब तक 15 फ्लाईओवर का काम पूरा किया जा चुका है।

## भक्त गणेश उत्सव शांतिपूर्वक मनाएं और पुलिस का सहयोग करें : महेश भागवत

### गणेश उत्सव को लेकर राचकोंडा सीपी ने समन्वय बैठक की



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)।गरफ मंगलवार को राचकोंडा के सीपी महेश भागवत ने आयोजित समन्वय बैठक में अधिकारियों को आगामी गणेश उत्सव के लिए फुलप्रूफ व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। यह राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट की सीमा एलबी नगर में व्यापक रूप से मनाया जाना है। राचकोंडा, जीएचएमसी, ट्रांसको, आरटीसी के अधिकारी, अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी, भाग्य नगर गणेश उत्सव समिति और शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया और अपने विचार साझा किए। सभा को संबोधित करते हुए, सीपी ने कहा है कि गणेश उत्सव हर साल देश के साथ-साथ राज्य में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है और समाज के लगभग सभी वर्ग इस उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। सीपी ने अधिकारियों को गणेश प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए और कहा कि विसर्जन के लिए कई तालाबों, छोटे तालाबों और झीलों को अधिसूचित किया गया है। सीपी ने कहा कि भक्तों को केवल उन तालाबों और झीलों में विसर्जन के लिए जाना चाहिए, जिन्हें सरकार द्वारा जीएचएमसी और राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट की सीमा में अधिसूचित और व्यवस्थित किया जाता है। सीपी ने कर्मचारियों को विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सीपी ने भक्तों को पुलिस को सूचना देने, जीएचएमसी के निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया और दोहराया कि भक्तों और आयोजकों को त्योहार के पूरा होने तक सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। सीपी ने गणेश उत्सव के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए शांति समिति के सदस्यों और आयोजकों का सहयोग मांगा। बैठक के दौरान अतिरिक्त सीपी जी सुधीर बाबू , डीसीपी एलबी नगर सुनप्रीत सिंह , डीसीपी मलकाजगिरी रक्षिता के मूर्ति , डीसीपी ट्रैफिक श्रीनिवास, जीएचएमसी एलबी नगर जोनल कमिश्नर एस पंकजा, एसीपी श्रीधर रेड्डी और राचकोंडा के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## सीपी ने बेहतर कार्य करने वाले तीन सौ पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया

### दो नागरिक रियाजुद्दीन और गौतम जालंद भी सम्मानित





हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी पुलिस (एचसीपी) का त्रैमासिक पुरस्कार मेला नए आईसीसीसी और हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नरेट बिल्डिंग बंजाराहिल्स (टीएसपीआईसीसीसी) में आयोजित किया गया था। शहर के पुलिस प्रमुख सीवी आनंद द्वारा लगभग 300 पुलिस कर्मियों, पीसी से लेकर निरीक्षकों और दो नागरिकों को पुरस्कृत किया गया। यह इनाम वितरण हर तिमाही के अंत में कड़ी मेहनत करने वाले पुलिस कर्मियों की सराहना करने और दूसरों के बीच अच्छी भावना का विकास करने के लिए किया जा रहा है। विभिन्न इकाइयों में काम कर रहे पुलिस, हैदराबाद शहर के पीएस के प्रदर्शन को तकनीकी विशेषज्ञता, फ़ाइल प्रबंधन, जवाबदेही, त्वरित आशंका, मामलों की जांच और पता लगाने आदि जैसे विभिन्न मापदंडों पर जांचा गया है। पुरस्कार पाने वालों को संबोधित करते हुए, सीपी आनंद ने कहा कि पुलिस की कड़ी मेहनत से जनता के बीच विश्वास बढ़ है। स्नैचिंग, एचबी और अन्य सामान्य अपराधों में कमी आई है। वास्तव में साल भर चलने वाले बंदो-बस्त और अन्य आयोजनों के संचालन के बीच दिन-प्रतिदिन की पुलिसिंग और अपराध का पता लगाने में कड़ी मेहनत करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रयासों ने पुलिसिंग को बहुत लाभ दिया है। एसएचई टीमों, भरोसा केंद्रों ने सुनिश्चित किया कि महिलाएं सुरक्षित हैं। इस प्रदर्शन को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए। एचसीपी ने उन नागरिकों को पुरस्कृत करने का फैसला किया है जो अपराध का पता लगाने, रोकथाम में मदद करते हैं और शांति और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करते हैं। इसी कड़ी में रियाजुद्दीन और गौतम जालंद को शहर के पुलिस प्रमुख द्वारा सराहा और पुरस्कृत किया गया। यह पहली बार है कि अधिकारियों के साथ दो अच्छे नागरिकों लोगों को पुरस्कृत किया गया। रियाजुद्दीन ने पुलिस की मदद की इलाके में फेक न्यूज के प्रसार को रोकना और गौतम जालंद ने एचसीपी के साथ मिलकर कोविद -19 लहर के दौरान जनता की सेवा की।

## संगारेड्डी जिले में किसान को करंट लगा

संगारेड्डी, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अंडोल मंडल के अक्सनापल्ली गांव में मंगलवार को एक 56 वर्षीय किसान की करंट लगने से मौत हो गयी। पीड़ित अक्सानापल्ली के एमडी बाबू मियां थे। किसान अपने खेत में काम कर रहा था और बिजली के तार के संपर्क में आया। मृत्यु उसके लिए तत्काल थी। जोगीपेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने बंडी संजय का अनशन तोड़ा, गिरफ्तार किया



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जनगांव पुलिस ने सोमवार को यहां टीआरएस एमएलसी के. कविता के आवास पर विरोध प्रदर्शन करने वाले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार की प्रस्तावित "दीक्षा" का भंडाफोड़ किया।

संजय कुमार को गिरफ्तार करने की पुलिस की कोशिशों का इलाके में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया। हालांकि पुलिस ने कार्यकर्ताओं को तितर-बितर कर संजय कुमार को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस ने बंडी संजय को एहतियातन हिरासत में ले लिया और जबरन पुलिस वाहन में बिठा दिया। बाद में वे संजय को करीमनगर स्थित उनके आवास पर ले गए। दूसरी ओर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संजय की गिरफ्तारी के बाद उन्हें फोन किया और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। संजय ने उन घटनाओं के बारे में बताया जिनके कारण पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## टीआरएस ने बीजेपी को भ्रष्ट पार्टी बताया




हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राष्ट्र समिति ने प्रतिशोध की राजनीति करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार टीआरएस सरकार के खिलाफ अभियान चला रही है।

मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, टीआरएस विधायक बाल्का सुमन, बाजीरेड्डी गोवर्धन रेड्डी, जीवन रेड्डी और गणेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार मुख्यमंत्री के को डराने के लिए दिल्ली शराब नीति मामले में एमएलसी कविता के खिलाफ निराधार आरोप लगा रही है। चंद्रशेखर राव और विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। सरकारी सचेतक, बालका सुमन ने कहा कि केसीआर ने कई संघर्षों का सामना करके तेलंगाना आंदोलन का नेतृत्व किया और आखिरकार तेलंगाना के अलग राज्य को हासिल किया। बालका सुमन ने कहा कि वह डरपोक व्यक्ति नहीं हैं और भाजपा की घटिया राजनीति से डरते नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भ्रष्ट नेताओं की मांद बन गई है और पार्टी में शामिल होने के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को क्लीन सर्टिफिकेट दे रही है।

## राजा सिंह को चुनाव लड़ने से रोके बीजेपी : वीएच



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व पीसीसी प्रमुख वी. हनुमंत राव ने भाजपा के विवादास्पद विधायक टी. राजा सिंह को पैगंबर मुहम्मद, के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज भाजपा आलाकमान को स्पष्ट कर दिया कि राजा सिंह को केवल नोटिस जारी करना ही काफी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राजा सिंह को तेलंगाना में भविष्य के चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि पार्टी आलाकमान राजा सिंह को फिर से पार्टी में न ले।

वीएच ने सुप्रीम कोर्ट से इस तरह के संवेदनशील मुद्दों में हस्तक्षेप करने और इस तरह की विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। सत्तारूढ़ टीआरएस विधायक शकील पर निशाना साधते हुए वीएच ने दावा किया कि विधायक राज्य में विवादास्पद टिप्पणी भी कर रहे हैं। उन्होंने सीएम केसीआर से अपनी पार्टी के विधायकों को नियंत्रण में रखने के लिए कहा और कहा कि भाजपा विधायकों को चेतावनी देने के लिए कुछ भी नहीं है, उन्होंने देश की न्यायपालिका से आग्रह किया कि जब भी वे किसी भी धर्म के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करें तो सभी भाजपा विधायकों को अयोग्य घोषित कर दें। दिल्ली में पार्टी आलाकमान के साथ राज्य के पार्टी नेताओं की बैठक पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वह बैठक में शामिल नहीं हुए क्योंकि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। पार्टी सांसद कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी पर टिप्पणी करते हुए, वीएच ने कहा कि रेड्डी ने पार्टी के अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक पत्र लिखा था और कहा कि पार्टी आलाकमान सांसद के पत्र का ध्यान रखेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा के बाद वह मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव अभियान में हिस्सा लेंगे।

# गया के विष्णुपद मंदिर में मुस्लिम मंत्री के प्रवेश पर सियासी बवाल

## बीजेपी बोली- इसराइल मंसूरी को बर्खास्त कर माफी मांगें नीतीश कुमार

गया, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के गया स्थित विष्णुपद मंदिर में मुस्लिम के प्रवेश पर सियासी घमासान छिड़ गया है। बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने मंदिर में जाने वाले मंत्री इसराइल मंसूरी को बर्खास्त करने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से माफी मांगने की मांग की है। वहीं, बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता निखिल आनंद ने सीएम नीतीश कुमार को अधार्मिक व्यक्ति बताया है।

निखिल आनंद ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि 2009 की बात है जब सीएम नीतीश कुमार तरेगना में सूर्यग्रहण देखने गए थे। उस समय उन्होंने बिस्किट खाया था। तब आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि नीतीश ने सूर्यग्रहण के समय बिस्किट खाया इसलिए सूखा आ गया। नीतीश कुमार कर्मकांड में विश्वास नहीं करते, वे अधार्मिक आदमी हैं। यही



कारण है कि वे विष्णुपद मंदिर में उन लोगों के साथ ले गए जिनके प्रवेश की मनाही है। क्या नीतीश कुमार अन्य धर्मों के स्थलों पर ऐसा करेंगे?

बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो किया उससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। विष्णुपद मंदिर दुनियाभर के लोगों की आस्था का केंद्र है। जिस तरह उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं का मखौल उड़ाया है, उसकी हम निंदा करते हैं। इसके लिए सीएम को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

**मंसूरी को कैबिनेट से बर्खास्त करें : बीजेपी विधायक**

बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने भी सीएम नीतीश कुमार से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत की हैं। मंदिर में लिखा है कि दूसरे धर्म के लोगों का प्रवेश वर्जित है, फिर भी वे मुस्लिम मंत्री को साथ लेकर गए। उन्होंने मंत्री इसराइल मंसूरी को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग भी की।

**क्या है विवाद?**

गया के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है। मंदिर में लगे बोर्ड पर भी यह लिखा है। सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ मंत्री इसराइल मंसूरी भी थे। अब इस पर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर कमेटी ने भी मुस्लिम मंत्री के मंदिर में प्रवेश पर नाराजगी जताई है।

## लंपी वायरस के चलते यूपी में पशु परिवहन पर रोक



लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में लंपी वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार एक्शन मोड़ में आ गई है। सरकार ने राज्य में पशु परिवहन पर रोक लगा दी है। मंगलवार को लोकभवन में उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य में कोरोना और लंपी वायरस से बचाव और व्यापक टीकाकरण अभियान की समीक्षा बैठक हुई। गौरतलब है कि राजस्थान और गुजरात में लंपी वायरस की वजह से बड़े पैमाने पर पशुधन की हानि हुई है। हजारों पशुओं की जान गई है वहीं कई हजार पशु गंभीर रूप से बीमार हैं।

यूपी में भी पशुओं पर लंपी वायरस का असर दिखने लगा है। यही वजह है कि सरकार ने पशु मेले पर बैन लगा दिया है।

# टेनी के बयान पर राकेश टिकैत का पलटवार

## कहा-इन्होंने पहले बोला था तो हो गई थीं 8 हत्याएं

लखीमपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के विवादित बयान पर किसान नेता राकेश सिंह टिकैत ने पलटवार करते हुए कहा कि यह बयान उनके साथ-साथ किसानों के बारे में भी है। इसका जवाब प्रधानमंत्री जी देंगे जिन्होंने कहा था कि किसान भगवान है। इस तरह के लोगों को कैबिनेट में रखना अपनी भद पिटवानी है। पहले भी इन्होंने विवादित बयान दिया तो आठ लोगों की हत्या हो गई। आठ लोगों की हत्या के जिम्मेदार हैं ये।

एक निजी चैनल से बात करते हुए टिकैत ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को भड़काया जिसके नतीजे में लखीमपुर कांड हो गया। बेटा जेल में बंद है। ये विवादित बयान देते हैं तभी तो ये हालत हुई है। इसे पुलिस को संज्ञान में लेना चाहिए। खासकर भारत सरकार को इस तरह के लोगों को अपनी कैबिनेट से हटाना चाहिए। टिकैत ने कहा कि टेनी को बौखलाहट है कि लखीमपुर खीरी में 50 हजार लोग शांतिपूर्ण ढंग से 3 दिन प्रदर्शन करते रहे। हमारी मांग है



कि केंद्र के मंत्री पद से इनको हटाया जाए। जब तक ये पद पर रहेंगे लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच को प्रभावित करते रहेंगे। आज भी लखीमपुर के लोग दहशत में हैं। उनको भी मुक्ति चाहिए।

टिकैत ने कहा कि देश के उपराष्ट्रपति भी किसानों के नाम पर बने हैं। उपराष्ट्रपति जी और प्रधानमंत्री जी इसका जवाब देंगे। प्रधानमंत्री जी जवाब देंगे कि उनकी सरकार में किसानों का कैसा मान-सम्मान है। उन्होंने कहा कि देश का किसान आहत है लेकिन हम इस पर सरकार से जवाब चाहते हैं। जब तक लखीमपुर खीरी कांड का निस्तारण नहीं होता तब तक केंद्रीय गृहराज्य मंत्री का नाम आता रहेगा। ये जब तक पद पर रहेंगे जांच को प्रभावित करते रहेंगे। इस तरह के लोग पदों पर नहीं रहने चाहिए।

किसान नेता ने कहा कि इन्होंने (टेनी ने) हमारे लिए कहा उसकी कोई बात नहीं है लेकिन किसानों पर जो कहा उसका जवाब सरकार को देना चाहिए। इन्हें हटाना चाहिए। लखीमपुर के लोग दहशत में हैं। वहां पर इनका टेरर है। इनके लोग आम जनता को धमकाते रहते हैं। पुलिस फोर्स भी इनके अंडर में है। वो भी लोगों को धमकाती है लेकिन इस तरह का टेरर अब देश में नहीं चलने वाला। टिकैत ने कहा कि हम लखीमपुर खीरी दोबारा जाएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ को भी संज्ञान लेना चाहिए कि लखीमपुर खीरी दहशत में हैं। यह सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार इनकी जुबान पर लगाम लगाए। गृह राज्य मंत्री 120 बी के आरोपी हैं। इन पर अंकुश लगाना चाहिए।

# पटना में तीन दिनों के लिए धारा 144 लागू

## नहीं कर सकेंगे कोई धरना-प्रदर्शन जिलाधिकारी का बड़ा फैसला

पटना, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में शिक्षक भर्ती को लेकर चल रहे उग्र प्रदर्शन के मद्देनजर अब पटना के जिलाधिकारी ने शहर के तीन इलाकों में धारा 144 लागू कर दिया है। इन इलाकों में गांधी मैदान, जेपी गोलंबर और डाक बंगला चौराहा शामिल हैं। बता दें कि कल राजधानी पटना में शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन करने पर पुलिसवालों ने जमकर लाठियां भांजीं। दरअसल, बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने और सातवें चरण की शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर पूरे बिहार से राजधानी पटना पहुंचे शिक्षक अभ्यर्थी सोमवार को डाक बंगला चौराहा पर बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने इन अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज किया। पुलिस के बल प्रयोग में कई अभ्यर्थियों को चोटें भी आईं हैं। बिहार पुलिस के इस लाठीचार्ज के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि किस बेरहमी से पुलिस ने इन प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को पीटा है। वहीं, प्रदर्शन के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के के.सिंह ने भी प्रदर्शनकारियों को जमकर पीटा।



**पुलिस की कार्रवाई पर तेजस्वी यादव ने दी सफाई**

एडीएम की इस हरकत को लेकर तेजस्वी यादव ने सफाई जारी की है। उन्होंने कहा है कि पटना में लाठीचार्ज प्रदर्शनकारी छात्रों को नियंत्रित करने के लिए किया गया। इसमें एडीएम को भी छात्रों पर लाठी भांजते देखा गया। इस घटना को लेकर इंक्वायरी कमेटी बिठाई गई है। अगर एडीएम दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। तेजस्वी ने आगे कहा कि विद्यार्थियों(एसटीईटी) से अपील है कि धैर्य रखें। हम काम कर रहे हैं। हमारी लड़ाई रोजगार और नौकरी को लेकर ही रही है। हमने 15 अगस्त को ऐलान किया है कि 10 लाख नौकरी देंगे और उसके अलावा भी रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे और 20 लाख को रोज़गार मिलेंगे।

**क्या है मामला?**

दरअसल, बिहार में काफी लंबे समय से अभ्यर्थी सातवें चरण की शिक्षक भर्ती की बहाली की मांग कर रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षक मोर्चा के बैनर तले 2019 के क्वालीफाई छात्र बीते 21 दिनों से गर्दनीबाग धरनास्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को ये सभी अभ्यर्थी डाक बंगला चौराहा पहुंचे थे। यहां पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने इन लोगों को रोक दिया। इससे उग्र हुए छात्र और अभ्यर्थियों ने शिक्षामंत्री और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस ने इन लोगों को वहां से हटाने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इन अभ्यर्थियों की मांग थी कि अविलंब बहाली प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा ये लोग बीटीईटी परीक्षा कराने की मांग कर रहे है। वहीं, प्राथमिक शिक्षा विभाग अभी परीक्षा कराने से मना कर रहा है।

# शिक्षक अभ्यर्थी लाठीचार्ज मामले पर बिहार में सियासत

## मंत्री विजय चौधरी बोले- हाथ में तिरंगा थमाकर बीजेपी कर रही साजिश



मंत्री विजय चौधरी

पटना, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी पटना में शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के प्रदर्शन और पिटाई के मामले पर बिहार की सियासत गर्मा गई है। नीतीश सरकार में वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को शिक्षक अभ्यर्थियों द्वारा किए गए प्रदर्शन के लिए बीजेपी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को जान-बूझकर बाधित करने वाले शिक्षक अभ्यर्थी हो ही नहीं सकते। जिस ढंग से हाथ में तिरंगा लेकर प्रदर्शन किया गया, वह बीजेपी की साजिश लग रही है।

मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जो अभ्यर्थी सातवें चरण की शिक्षक बहाली की मांग कर रहे हैं उन्हें धैर्य रखना चाहिए। जब वह शिक्षा मंत्री थे, तब भी यह कहा था कि अभी छठा चरण चल रहा है। इसके पूरा होने के बाद रिक्तियों का आकलन कर ही सातवां चरण शुरू किया जा सकता है।

मंत्री ने कहा कि उग्र प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था को बाधित करने के बाद स्थिति पर नियंत्रण के क्रम में अभ्यर्थियों को जो चोटें लगी हैं, वह अच्छी बात नहीं है। अभ्यर्थियों को इस बात से संतोष होना चाहिए कि जिलाधिकारी इसकी जांच करवा रहे हैं।

पटना के डाकबंगला चौराहे पर सोमवार को शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ प्रधर्शनकारियों के हाथ में तिरंगा भी था। पुलिस ने उन्हें काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। इस मामले में पटना डीएम चंद्रशेखर ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने पटना सेंट्रल एसपी और उप विकास आयुक्त की टीम से दो दिन में रिपोर्ट मांगी है।

## गाड़ी की कीमत 30 हजार चालान हुआ 78 हजार का

### बार-बार तोड़ रहे यातायात नियम

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में यातायात के नियमों को तोड़ खुद को सयाना समझने वाले लोगों को सीसीटीवी कैमरे सबक सिखा रहे हैं। पिछले तीन महीने में ऐसे 115 लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने खूब ट्रैफिक रुल तोड़े हैं। सीसीटीवी कैमरों से पिछले तीन महीने में इनकेवाहनों का 10 से लेकर 39 बार ऑनलाइन चालान हुआ है। किसी के वाहन का 78 हजार रुपए का चालान हुआ है तो किसी का 20 हजार। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम इनको मैसेज भी भेज रहा है। इसे भी यह नजरअंदाज कर रहे हैं। जल्दी ही इनके घरों में आरसी पहुंचेगी। अंजुमन सिंध वाल्दा कोठी नंबर-दो जिमखाना क्लब रोड के सुरेश कनौजिया के पास मोटरसाइकिल है। इसका नंबर यूपी 32 एचएल 1922 है। यह कभी लाल बत्ती जम्प करते हैं तो कभी उल्टी साइड चलते हैं। कभी बिना हेलमेट के गाड़ी दौड़ाते हैं तो कभी ज्यादा स्पीड में चलाते हैं। पिछले ढाई महीने में इनकी गाड़ी का 39 बाहर ऑनलाइन चालान हुआ है। इनका कुल 78 हजार रुपए का चालान हो चुका है। लगातार इन्हें स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस सेंटर से मैसेज भेजा जा रहा है।

# माफिया अतीक अहमद पर गिरेगी योगी सरकार की गाज

## करीब 80 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी



प्रयागराज, 23 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात जेल में बंद माफिया अतीक अहमद की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली हैं। माफिया की की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से कौशाम्बी के पुरामुफ्ती सहित अन्य स्थानों पर करोड़ों की जमीन होने का पता चला है। प्रशासन जमीन को कुर्क करने की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए कागजात तैयार कराए जा रहे हैं। शासन के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि कौशाम्बी में अतीक अहमद की पत्नी के नाम से करीब आठ बीघा जमीन का पता चला है। इसके अलावा एक अन्य स्थान पर भी बेशकीमती जमीन होने का सुराग मिला है। प्रशासन इसके लिए जमीन के कागजात आदि का पता लगाने में लगा है। प्रयागराज जिला प्रशासन के निर्देश पर चायल तहसील के रसूलाबाद उर्फ कोईलहा गांव में 12 अगस्त को माफिया के नाम रही करीब 25 करोड़ रुपये की संपत्ति को सीज कर दी गई। करीब छह बीघा रकवे की इस भूमि को भूमि कुर्क करते हुए मुनादी कराकर बोर्ड लगाया गया है। गैंगेस्टर के मामले में गुजरात जेल में बंद अतीक अहमद की करीब 25 करोड़ रुपये की संपत्ति चायल तहसील के रसूलबाद उर्फ कोईलहा में स्थित है। करीब छह बीघा रकबे की इस भूमि को कुर्क करने की कार्रवाई प्रयागराज प्रशासन ने शुरू की।

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, दो जिलों में बनेंगे थाने

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया है। जो प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध के पर्यवेक्षण में काम करेगा। इसके लिए प्रथम चरण में बाराबंकी व गाजीपुर में नारकोटिक्स थाने स्थापित किए जाएंगे।

## वर्दी वाला बना अपराधी


### पटना में सिपाही बना फर्जी अधिकारी, हिरासत के बहाने दिव्यांग को किया अगवा, गिरफ्तार

पटना, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में एक सिपाही ने न सिर्फ वर्दी की गरिमा को तार तार किया बल्कि अपराधी बन गया। खुद को अधिकारी बताकर उसने एक दिव्यांग दुकानदार को हिरासत मे लेने के बहाने अगवा कर लिया। यह वाक्या गर्दनीबाग थाना इलाके के चितकोहरा बाजार का है। एक आम आदमी की जागरुकता से वह पकड़ा गया तब मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। सिपाही का नाम चिंटू कुमार है।

कैमूर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही चिंटू कुमार ने रविवार की शाम को पहले एक पान दुकानदार पर गांजा बेचने का आरोप लगाया। फिर उसके गल्ले से 1540 रुपये निकाल लिये। उसने दुकानदार से खुद को पहले आयकर का अधिकारी बताया। फिर आयकर का सिपाही भी बताया।

# नीलाम हो रहा योगी सरकार का दिया टैबलेट

## प्रयागराज के छात्र ने बेचने के लिए सोशल मीडिया पर किया पोस्ट, यूजर ने लिखा- एफआईआर कराऊंगा



प्रयागराज, 23 अगस्त (एजेंसियां)। योगी सरकार, छात्रों को डिजिटल इंडिया से जोड़ने के लिए उन्हें टैबलेट मुहैया करा रही है, लेकिन छात्र तो उसे खुलेआम नीलाम कर दे रहे हैं। प्रयागराज में बीए के एक छात्र ने कुछ ऐसा ही किया है। उसे कॉलेज से टैबलेट मिला तो उसने तीसरे दिन सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बेचने की बात कही। सोमवार को उसका पोस्ट देखते ही लोगों ने रेट लगाने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा, योगी जी से तो फ्री में पाए हो। तुम्हारे खिलाफ एफआईआर कराना हऽोगा। इसका स्क्रीनशॉट लेकर अभी मुख्यमंत्री पोर्टल पर डालता हूं, ऐसा ही करना था तो लिया ही क्यों? छात्र उसे खरीदने के लिए बोली लगाने लगे। उस टैबलेट की किसी ने 1500 रुपए कीमत लगाई तो किसी ने चार हजार। आठ घंटे में सबसे ज्यादा 6 हजार रुपए तक की बोली लग चुकी है। टैबलेट नीलाम करने वाले छात्र को अभी उस व्यक्ति का इंतजार है जो सबसे ज्यादा कीमत देगा। प्रयागराज के रहने वाले दिव्यांश द्विवेदी ने 22 अगस्त को 'कमरा खाली है' फेसबुक ग्रुप में एक पोस्ट डाला। जिसमें उसने लिखा, मेरे पास योगी का दिया हुआ एक टैबलेट है, जो मुझे 20 अगस्त 2022 को कॉलेज से दिया गया था यदि कोई भाई लेने के लिए इच्छुक है तो कृपया संपर्क करे। उसके आगे उसने अपना मोबाइल नंबर भी डाला। फेसबुक पर पोस्ट करते ही खरीदने के लिए लोग कीमत लगाने लगे।

# 75 साल के बुजुर्ग को तलवार से काटा

## हत्या कर भाग रहे दो भाइयों को लोगों ने पकड़ा, पूछने पर बोला- बदमाश था मार दिया

पटना, 23 अगस्त (एजेंसियां)। पटना में 75 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति की तलवार से काट कर हत्या कर दी गई है। दो सगे भाइयों ने मिलकर इस सनसनीखेज वारदात को मंगलवार की सुबह अंजाम दिया। धारदार तलवार से सीधे बुजुर्ग के गर्दन पर ही वार कर दिया। साथ में पीठ और पेट पर भी वार किया। जिसके बाद बुजुर्ग लहूलुहान हो गया। गंभीर हालत में पीएमसीएच ले जाया गया। वहां इलाज के दरम्यान उनकी मौत हो गई। वारदात दीघा थाना के कुर्जी बालू पर के पास गेट नंबर 74 की है। इस बुजुर्ग की हत्या हुई, उनका नाम सुखदेव चौधरी है।

सुखदेव चौधरी सुबह में अपने घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसके बाद गेट नंबर 74 के पास एक चाय दुकान पर आकर बैठे। सुबह 8 बजे के करीब दोनों भाई राजेश कुमार और विकास कुमार तलवार लेकर आए और बगैर कुछ अचानक से सुखदेव चौधरी पर हमला कर दिया। हत्या करने के बाद तलवार को नाला में फेंक दिया। फिर दोनों वहां से भाग रहे थे। पर वहां मौजूद इलाके के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद जमकर पिटाई कर दी। दोनों को खूब मारा। फिर दीघा थाना को जानकारी दी और वहां पहुंच कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

थाना लाकर दोनों से पूछताछ की गई। वारदात के पीछे की वजह जानने की कोशिश की गई। थानेदार राजकुमार पांडेय के अनुसार दोनों भी स्मैकियर है। इनकी पहचान राजेश कुमार और विकास कुमार के रूप में हुई है, जो कुर्जी गेट नंबर 14 के निवासी है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पूर्व में कोई विवाद हुआ था।

# ललन सिंह बोले- नीतीश कुमार के क्रिएशन हैं आरसीपी सिंह

## जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आरोप- नीतीश कुमार के पीठ में छुरा भोंकने का काम किया



लखीसराय, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन ने सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आरसीपी सिंह क्या है। आरसीपी सिंह नीतीश कुमार के क्रिएशन थे। नीतीश कुमार ने ही उन्हें खादी का कुर्ता पायजामा दिया और पहनने के लिए सिखलाया भी। आरसीपी सिंह बताएं कि वह खादी का कुर्ता पजामा पहनना जानते थे। वे नीतीश कुमार के स्टाफ थे। रेल मंत्री रहते हुए भी और मुख्यमंत्री के समय में भी। उन्होंने कभी संघर्ष किए हैं। राजनीतिक कार्यकर्ता बनता है संघर्ष से। सांसद ने कहा कि हम लोग राजनीतिक कार्यकर्ताओं 1974 से हैं। काफी संघर्ष किया हूं। संघर्ष करने के बाद ही राजनीतिक कार्यकर्ता बनता है।

उन्होंने कहा कि जिस आदमी ने उन्हें बनाया , जिनके वे क्रिएशन हैं, उन्हीं के पीठ में छुरा भोंकने का काम कर रहे हैं। उन्हीं को कहते हैं कि वह झूठ बोलते हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि आरसीपी सिंह का कोई चरित्र ही नहीं है। उनकी चरित्र की बात छोड़ दीजिए, कुछ है ही नहीं।

## भर व राजभर जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के मामले में प्रमुख सचिव समाज कल्याण तलब



प्रयागराज, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भर व राजभर जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के मामले में प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग को अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि हाईकोर्ट के 11 मार्च 2022 के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने जागो राजभर जागो समिति की अवमानना याचिका को सुनकर दिया है। याची ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2022 को प्रमुख सचिव समाज कल्याण को आदेश दिया था कि राजभर जाति को जनजाति का दर्जा दिए जाने के संबंध में उनका प्रत्यावेदन दो माह के भीतर केंद्र सरकार को अग्रसारित करें। आरोप है कि आदेश की प्रति तामील कराने के बावजूद दो माह से अधिक का समय बीत गया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण को नोटिस जारी करते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया मामला जानबूझकर आदेश की अवमानना का है।

# नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसना शुरू

## 785 आरोपी गिरफ्तार, साढ़े पांच करोड़ रुपये से ज्यादा के मादक पदार्थ जब्त

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए योगी सरकार ने नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में यूपी पुलिस ने हुक्काबार एवं अवैध मादक पदार्थो के तस्करों के विरूद्ध प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ अभियान चलाया, जिसमें 785 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और साढ़े पांच करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए गए। मुख्यमंत्री योगी ने अवैध शराब तथा ड्रग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि इसमें संलिप्त माफियाओं और उनके गुर्गों के खिलाफ क ठोरतम कार्रवाई की जाए।

इस अभियान में चिन्हित अपराधियों की संपत्ति जब्त की जाने की कार्रवाई की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर्स लगाए जाएं ताकि राष्ट्र के खिलाफ अपराध कर रहे ऐसे अपराधियों को सबक सिखाया जा सके। प्रदेश में पहले चरण में नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसते हुए 785 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस ने साढ़े पांच करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

प्रदेश भर के 342 हुक्काबारों और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के 4338 ठिकानों पर छापे पड़े।

## पटना समेत 19 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

पटना, 23 अगस्त (एजेंसियां)। पटना समेत बिहार के 19 जिलों में अगले 24 घंटे में तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में रुक-रुक कर बूंदाबांदी की संभावना है। पटना में गंगा का जलस्तर 46 मीटर से नीचे होना चाहिए। 19 अगस्त के बाद से लगातार इसमें बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सोमवार रात बढ़कर 48.6 पहुंच गया। हालांकि यह जलस्तर मंगलवार सुबह तक स्थिर दिखा। वहीं गंगा में बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है। आंधी और बारिश की संभावना वाले जिलों में पटना, गया, जहानाबाद, भोजपुर, नालंदा, नवादा, सारण, सिवान, पूर्वी चंपारण, पश्चमि चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, किशनगंज और बक्सर शामिल हैं। बिहार के बाकी जिलों में रुक-रुक कर आंशिक रूप से बादल छाए रहेगी। इन जिलों में बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिलेगी। आज मंगलवार को पूरे बिहार का तापमान 27 से 36 डिग्री रहने की उम्मीद है। लोगों को धूप से राहत तो मिलेगी पर उमस भरी गर्मी लोगों को कुछ परेशान करेगी।

## मुख्तार अंसारी पर मुसीबतों का पहाड़

मऊ, 23 अगस्त (एजेंसियां)। बाहुबली मुख्तार अंसारी की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मुख्तार के करीबी का करोड़ों का कॉम्प्लेक्स कुर्क किया गया। शहर कोतवाली के जहांगीराबाद स्थित फातिमा कॉम्प्लेक्स को मंगलवार को प्रशासन ने कुर्क किया। एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अगुवाई में पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने बकायदा डुगडुगी बजवाकर इसकी सूचना प्रसारित कराई। उसके बाद कुर्की की कार्रवाई की गई। मुख्तार अंसारी के करीबी हाजी मुख्तार की 13 करोड़ की लागत से बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को कुर्क करने का आदेश जिलाधिकारी ने सोमवार को दिया था। जिसका पालन करते हुए मंगलवार को कॉम्पलेक्स को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, वहीं आमजन भी मौजूद रहे। एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि हाजी मुख्तार पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 ए के तहत संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की गई है।

# मेरे पास भी 'आप' से फोन आया था

## पार्टी में शामिल होने के लिए कह रहे हैं- दिल्ली भाजपा प्रवक्ता का वीडियो वायरल





नेहा शालिनी दुआ

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है। इसी बीच उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी की तरफ से उन्हें "आप को तोड़कर" मुख्यमंत्री बनने का ऑफर दिया गया है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि इसके बाद मेरे खिलाफ चल रहे केस को बंद का वादा भी किया गया। मैं इसे कभी स्वीकार नहीं करूंगा। उपमुख्यमंत्री के इस दावे पर दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने वीडियो जारी कर तंज कसा है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता नेहा शालिनी ने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें वह किसी से बात करते हुए दिखाई देती है फिर कहती हैं, "दिन में भी लगा रखी है क्या?" फोन काटने के बाद वह कहती हैं, "यह फोन मुझे आप की तरफ से आया था। वो मुझे भाजपा छोड़कर आप ज्वाइन करने के लिए कह रहे हैं।"

**वीडियो में बोलीं- नेहा शालिनी दुआ**

नेहा शालिनी आगे कहती हैं कि फोन पर मुझे कहा कि आप ज्वाइन कर लो क्योंकि पूरा दिन हमें धोती रहती हो, पार्टी ज्वाइन कर लो ताकि हमें धोना कम करो। मैंने कहा- नहीं, सट-अप! नेहा शालिनी ये यह वीडियो आप पर तंज कसने के लिए बनाया है जिसे उन्होंने खुद अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया है। सपा नेता जीतेंद्र वर्मा ने लिखा कि वैसे आपकी जरूरत सिर्फ हाफ पैंट हाफ दिमाग वाले आर एस एस बीजेपी के लोगों को ही है। किसी दूसरे दल में महात्मा गांधी जी के हत्यारे का समर्थन करने व गोडसे की पूजा करने वाले लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। केपी पाठक नाम के यूजर ने लिखा कि अब आम आदमी पार्टी की इतनी गरिमा गिर गई है कि आप जैसे लोगों को पार्टी में रखेगी, यह असंभव है। बृज मोहन वैश्य नाम के यूजर ने लिखा कि बस 2 सेकेण्ड ही बात चली और उसको धो दिया। मेरे पास भी अंबानी जी का फोन आया था, वो मुझे अपनी आधी संपत्ति देने के लिए बोल रहे थे पर मैने आपकी तरह ही ठुकरा दिया। मुकेश झा नाम के यूजर ने लिखा कि देख रहा है ना बिनोद, सबके पास फोन आ रहा है।

बस मेरे पास फोन नहीं आ रहा, पता नहीं ये मेरे कौन से जन्म के कर्मों का फल है। बता दें कि मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा था कि मेरे पास भाजपा का संदेश आया है कि "आप" तोड़कर भाजपा में आ जाओ, सारे सीबीआई ईडी के केस बंद करवा देंगे। मेरा भाजपा को जवाब है कि मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूं, राजपूत हूं। सर कटा लूंगा लेकिन भ्रष्टाचारियो-षड्यंत्रकारियों के सामने झुकूंगा नहीं। मेरे खिलाफ सारे केस झूठे हैं।

## कोरबा से इतवारी जा रही शिवनाथ एक्सप्रेस हुई हादसे का शिकार, दो डिब्बे पटरी से उतरे



रायपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सोमवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां कोरबा से इतवारी जा रही शिवनाथ एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। यह ट्रेन डोंगरगढ़ यार्ड के पास डिरेल हो गई। इस घटना में ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन के पटरी से उतरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। ट्रेन के डिरेल होने की खबर मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, ट्रेन की रफ्तार बहुत कम थी। इस कारण कोई हताहत नहीं हुआ। पटरी से उतरे दो डिब्बों को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि हादसा किस वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया, नागपुर से 200 किलोमीटर दूर डोंगरगढ़ यार्ड में तड़के करीब 3 ।42 बजे यह हादसा हुआ। इंजन के बगल में दो डिब्बों के पांच पहिए पटरी से उतर गए। इन डिब्बों में करीब 40 यात्री सवार थे। यात्रियों को उतारकर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें जरूरी सामान मुहैया कराया गया।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतु-शरद,दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी- 08-30 तक उपरान्त, त्रयोदशी
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष ,बुधवार, 24 August
नक्षत्र - पुनर्वसु - 13 -38 - तक उपरान्त, पुष्य
योग - व्यतिपात- 01- 24 - तक उप- वरियान
करण- तैतिल - 08 -30 - तक,उप- गर
विशेष:- प्रदोष व्रत
व्रत -त्योहार - पर्युषण पर्व

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 05-34 बजे |
| चंद्र- | मिथुन में | कन्या | 07-42 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-47 बजे |
| बुध- | सिंह में | वृश्चिक | 11-57 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 14-11 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 16-17 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 18-08 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-46 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-22 बजे |
| | | वृष-- | 23-07 बजे |
| | | मिथुन.. | 01-07 बजे |
| | | कर्क... | 03-19 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल** 12:18 से 13:52 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:04 - 07:36 | शुभ | उत्पात | 18:35 - 20:01 | अशुभ |
| अमृत | 07:36 - 09:10 | शुभ | शुभ | 20:01 - 21:27 | शुभ |
| काल | 09:10 - 10:44 | अशुभ | अमृत | 21:27 - 22:53 | शुभ |
| शुभ | 10:44 - 12:18 | शुभ | चंचल | 22:53 - 00:18 | शुभ |
| रोग | 12:18 - 13:52 | अशुभ | रोग | 00:18 - 01:44 | अशुभ |
| उत्पात | 13:52 - 15:27 | अशुभ | काल | 01:44 - 03:10 | अशुभ |
| चंचल | 15:27 - 17:01 | शुभ | लाभ | 03:10 - 04:36 | शुभ |
| लाभ | 17:01 - 18:32 | शुभ | उत्पात | 04:36 - 06:04 | अशुभ |

## प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में भाजपा नेता का बेटा गिरफ्तार



रुड़की, 23 अगस्त (एजेंसियां)। रुड़की में प्रॉपर्टी डीलर इमरान हत्याकांड के मामले में मंगलवार को नामजद भाजपा नेता अशोक वर्मा के बेटे रिज़ुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लक्सर के संघीपुर गांव निवासी प्रापर्टी डीलर की हत्या के मामले में भाजपा नेता अशोक वर्मा, उसके बेटे रिज़ुल और बिजेंद्र फरार चल रहे थे। जिसमें से देर रात नारसन क्षेत्र से पुलिस ने रिज़ुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिज़ुल को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। एसपी देहात प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि भाजपा नेता व एक अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। समान बरामदगी के लिए रिज़ुल को पुलिस साथ लेकर गई है। रुड़की के गणेशपुर में 27 जुलाई की सुबह संदिग्ध हालात में एक बिल्डिंग की छत से गिरकर इमरान निवासी गढ़ी संघीपुर, लक्सर की मौत हो गई थी। परिजनों ने राज्य मत्स्य सहकारी संघ लिमिटेड अध्यक्ष अशोक वर्मा उर्फ मंत्री, रिज़ूल वर्मा और वीरेंद्र सैनी समेत छह पर छत से फेंककर हत्या का आरोप लगाया था। आरोप था कि हरिद्वार रोड पर एक जमीन के सौदे के लिए इमरान रुड़की पहुंचा था। वहां से उक्त लोग इमरान को अपने साथ गणेशुपर ले गए और बिल्डिंग में बंधक बनाकर रखा था।

## डांसर सपना चौधरी के गिरफ्तारी वारंट जारी

### लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट का पेश करने का आदेश शो में नहीं पहुंचने पर हुई थी एफआईआर



रेवाड़ी, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मशहूर डांसर और सिंगर सपना चौधरी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए है। लखनऊ की (एसीजेएम ) अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांतनु त्यागी की कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। 9 माह पहले भी इसी कोर्ट से उनके गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे। जिसके बाद सपना कोर्ट में पेश हुई और फिर उन्हें जमानत भी मिल गई। सोमवार को उन्हें फिर से कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुई और ना ही उनके वकील ने छूट देने की याचिका दायर की, जिसके बाद कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए। इस केस की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। बता दें कि लखनऊ में एक शो की तमाम टिकट एडवांस बिकने के बाद भी सपना चौधरी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंची थी, जिसके बाद वहां काफी बवाल हुआ था और मामला थाने तक पहुंचा, जिसके बाद सपना और शो के आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दरअसल, सब-इंस्पेक्टर फिरोज खान ने 14 अक्टूबर 2018 को लखनऊ के आशियाना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में सपना चौधरी के अलावा कार्यक्रम के आयोजक जुनैद अहमद, नवीन शर्मा, इवाद अली, अमित पांडे और रत्नाकर उपाध्याय का भी नाम है। डांस शो के लिए 13 अक्टूबर, 2018 को दोपहर 3 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया था और टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन 300 रुपए में खरीदे गए थे। जब सपना चौधरी शो में नहीं पहुंची। साथ ही टिकट खरीदने वाले फैंस के पैसे भी किसी ने नहीं लौटाए। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर हजारों लोगों ने हंगामा किया था। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले सपना चौधरी ने अपने करियर की शुरूआत हरियाणा से की थी। डांसर और सिंगर सपना चौधरी बिग-बोस भी फेमस रही है। सपना चौधरी के चाहे कही भी शो हो उनमें भारी भीड़ उमड़ती है। कई मौकों पर फैंस के हंगामे के कारण शो रद्द भी करने पड़े हैं।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे। लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें।कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है।दूसरों के बारे में सोच सोचकर खुद को तनाव न दें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज का दिन गृहों की स्थिति के कारण उलझन में डालने वाला रहेगा। आप किसी परेशान करने वाली समस्या के बारे में लगातार सोचते रहेंगे। लेकिन केवल सोचते रहने से कुछ समाधान हाथ न लगेगा। आप जैसा सोच रहे थे आज आपको उससे विपरीत सूचनाएं मिलेंगी जिसके कारण आपको अपने पहले से सोचे हुए में बदलाव करना पड़ेगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आप किसी करीबी को कोई सलाह देंगे और वह इसे बहुत कृतज्ञता के साथ स्वीकार करेगा। आप आज बहुत अच्छे और नरम मूड में हैं ,आज का दिन अपने पुराने दोस्तों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा है।अपने किसी पुराने स्कूल के दोस्त से फोन पर बाते क्र लें,आपको बहुत अच्छा लगेगा।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं।आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी।आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगें।समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं।दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं।अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है।घबराए नहीं किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आपके मुख्य शब्द आराम और राहत रहेंगे।आप पिछले कुछ दिनों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और अब इस मेहनत का आनंद लेने की बारी है बहुत बड़ी पार्टी ना रखें।छुट्टी का दिन शांति से बिताएं।अपने किसी विशेष प्रियजन से बात कर लेने से आपको बहुत संतुष्टि मिलेगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी बन रही है की आपको सुधार करने एवं स्वस्थ होने का विशेष अवसर मिलने वाला है।आप भूतकाल में की हुई अपनी किसी गलती को स्वीकार कर लेंगे और सामने वाले को संतुष्ट करने में कामयाब रहेंगे।ऐसा करके आप अपने दिल से काफी बड़ा बोझ उतार पायेंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी।आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे।अपने दोस्तों साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे।जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें।अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं।लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है। अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये रखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी। लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें।

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज आपको कई सारे मुद्दे सलझाने हैं और ये सभी काफी महत्व के मसले हैं।इन सबके चक्कर में आपको कम समय मिल पायेगा और आप इन सबमे फंसा हुआ सा अनुभव करेंगे।इसके अलावा आज आपको कुछ ऐसी योजनाओं के बारे में भी पता चलेगा जो कुछ अलग सी दिखाई दे रही हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आप एक आशावादी व्यक्ति हैं और आज यह बात सबको जान्ने देने और इससे लाभ उठाने का दिन है।इससे आपकी छवि एक प्रेरणात्मक वक्ता की बनेगी,जिसकी कोशिश आप लम्बे समय से करते आ रहे हो।समाज में आपके सम्बन्ध जिन लोगों के साथ बहुत अच्छे नही हैं ,उनके साथ भी आपके संबंधों में अब सुधार आना शुरू हो जाएगा।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज आपके लिए गंभीरता से मेहनत करने का दिन है। आप काफी लम्बे समय से लटक रहा एक काम संतोषजनक ढंग से पूरा करने में सफल रहेंगे।इससे आपके अफसर प्रभावित होंगे। आज आप पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की भी नजर पड़ेगी और इस बात का आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

## सुकेश चंद्रशेखर व उसकी पत्नी को मंडोली जेल शिफ्ट करने का आदेश, जैकलीन भी मुश्किल में



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आज आदेश दिया कि ठग सुकेश चंद्रशेखर व उसकी पत्नी लीना पॉलोज को दिल्ली की तिहाड़ जेल से दिल्ली की मंडोली जेल में शिफ्ट किया जाए। ठग ने तिहाड़ में अपनी जान को खतरा बताया है। शीर्ष कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर और लीना पॉलोज को एक सप्ताह के भीतर मंडोली जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। सुकेश के साथ रिश्तों को लेकर अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस भी घेरे में है।सुकेश ने दिल्ली की तिहाड़ जेल में जान को खतरा बताते हुए बंगलुरू या अन्य किसी और शहर की जेल में भेजने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने उसे शिफ्ट करने के आदेश के साथ ही तिहाड़ जेल में सुकेश को अवैध ढंग से सुविधाएं देने वालों पर उचित कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। जस्टिस एसआर भट और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने यह आदेश दिया। चंद्रशेखर को मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों को ठगने के आरोप में जेल भेजा गया है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड पर पेश की गई सामग्री और 17 जून 2022 के आदेश को देखते हुए दोनों को दूसरी जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया जाता है। सुकेश के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नाम आने के बाद से ही जैकलीन फर्नांडीज की मुसीबतें कम होना का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बार-बार अभिनेत्री को सम्मन कर रही है।

वहीं दूसरी तरफ जबरन वसूली मामले में नाम आने के बाद से ही अभिनेत्री के हाथ से तेजी से प्रोजेक्ट्स निकलते जा रहे हैं। जी हां, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि जैकलीन फर्नांडीज तेजी से काम खोते जा रही हैं। हाल ही में उन्हें बच्चन पांडे और विक्रांत रोणा जैसी फिल्मों में देखा गया था, जो पुराने प्रोजेक्ट्स थे। अनिश्चितता को देखते हुए कोई भी उन्हें नई फिल्मों के लिए साइन नहीं कर रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में चार्जशीट दायर करते हुए जैकलीन को आरोपी बनाया था।

## ईडी ने राजीव कुमार से पूछा कैसे अमित के संपर्क में आए, कोलकाता कनेक्शन की भी जांच



रांची, 23 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजीव कुमार से सोमवार को दिन भर पूछताछ की। शेल कंपनियों व अवैध खनन से जुड़ी पीआईएल करने वाले अधिवक्ता राजीव कुमार से ईडी ने पूछा कि वह इस मामले में कारोबारी अमित अग्रवाल के संपर्क में कैसे आए। कब-कब उनकी बात या मुलाकात अमित अग्रवाल से हुई। ईडी यह भी पड़ताल कर रही है कि याचिका दायर करने के बाद से राजीव कुमार कब-कब कोलकाता गए थे। सोमवार को ईडी ने पूछताछ के दौरान राजीव कुमार से यह भी पूछा कि उनके लिए एयर टिकट और होटल की बुकिंग किसने करायी थी। पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर ईडी इस मामले में संबंधित अन्य लोगों से भी पूछताछ करेगी। साजिश कर ट्रैपिंग की बात बताई ईडी सूत्रों के मुताबिक, राजीव कुमार ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें साजिश के तहत ट्रैप कर फंसाया गया। ईडी ने 31 जुलाई का पूरा घटनाक्रम राजीव कुमार से जाना है।

## पूर्व सांसद एवं मंत्री डीपी यादव के पिता महाशय तेजपाल गांधीवादी चिंतक व विचारक थे : वीरेश शांडिल्य

### स्वतंत्रता सेनानी महाशय तेजपाल सिंह की प्रतिमा के अनावरण पर पहुंचे शांडिल्य ने कहा डीपी यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया है





नोएडा, 23 अगस्त (एजेंसियां)। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एव ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एव पूर्व सांसद डीपी यादव के पिता महाशय तेजपाल सिंह ने न केवल आज़ादी की लड़ाई लड़ी बलिक वो एक गांधीवादी चिंतक व विचारक थे और भारत माता के अनन्य उपासक थे । शांडिल्य डीपी यादव के पिता तेजपाल सिंह यादव की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर डीपी यादव के निमंत्रण पर नोएडा पहुंचे । इस मौके पर पूर्व सीएम मुलायम सिंह के भाई शिवपाल यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एव नोएडा के बीजेपी सांसद डॉ महेश शर्मा, सिख इंटरनेशनल कौंसिल के चेयरमैन मुख्यतायर सिंह आंसल, पूर्व मंत्री अवध पाल, सुनील यादव,बॉलीवुड अभिनेता रंजीत सहित पूर्व सांसद ,पूर्व मंत्री व कई विधायक व संत समाज व आर्य समाज के संतों के अलावा डीपी यादव के पिता महाशय तेजपाल सिंह की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हजारों लोग मौजूद थे।

एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने कहा कि मीडिया को डीपी यादव को बाहुबली लिखने से परहेज करना चाहिये और जिस डीपी यादव के पिता ने आजादी के लिए अंग्रेजी हकूमत से टक्कर ली वो आज अपने पिता की सोच को उत्तर प्रदेश के माध्यम से पूरे देश मे ले जा रहे हैं। डीपी यादव के पिता एक संस्थान थे जिन्होंने समाज मे शिक्षा पर बल दिया उसी सोच पर उनके बेटे पूर्व मंत्री डीपी यादव चल रहे हैं और आज डीपी यादव यूपी में शिक्षण संस्थाओं को तेजी से खोल गरीब जरूरतमंद बच्चो को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं।

डीपी यादव ने पिता की प्रतिमा बनाकर संदेश दिया कि कांशी या गंगा व कुंभ करने की जरूरत नही अपने माता पिता की सेवा करो ओर बताएं रास्ते पर चलो और इंसानियत के नाते हर जरूरतमंद व्यकित की मदद करो । शांडिल्य ने कहा कि ब्राह्मण महापंचायत डीपी यादव के साथ है ।और उन्होंने कहा आज डीपी यादव ने देश मे उद्योग लगाकर बेरोजगारों को रोजगार देने का काम किया ये महाशय तेजपाल सिंह के संस्कार हैं। डीपी यादव जैसे ताकतवर जमीनी नेता को यूपी में नही पूरे देश मे राजनीति में सक्रिय होना चाहिए और उन्होंने बीजेपी शीर्ष नेतृत्व से मांग की है कि डीपी यादव जैसे लोगो को बीजेपी में लेकर आना चाहिए क्योंकि यादव की सोच देश को समर्पित है और जन कल्याण की है । वीरेश शांडिल्य ने तेजपाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजंलि दी व कार्यक्रम में हजारों की तादाद में भीड़ को संबोधित किया ।

## खुले में नहाने के लिए मजबूर हुई महिला

### तांत्रिक ने काला जादू से बेटे के जन्म लेने का दिया झांसा

पुणे, 23 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे में काला जादू के नाम पर महिला को सार्वजनिक स्थान पर नहाने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला के पति और ससुराल वालों ने किसी तांत्रिक बाबा के झांसे में आकर उसके साथ यह ज्यादती की। तांत्रिक ने काले जादू की इस रस्म से बेटा पैदा होने की बात कही थी। पीड़िता की शिकायत पर पुणे पुलिस के भारती विद्यापीठ पुलिस थाने ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तांत्रिक की पहचान मौलाना बाबा जमादार के तौर पर हुई है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर जगन्नाथ कलास्कर ने बताया, 'पुलिस ने महाराष्ट्र मानव बलि और अन्य अमानवीय बुराई की रोकथाम व उन्मूलन की धारा 3 के साथ आईपीसी की धारा 498 ए, 323, 420 और 504 406 के तहत मामला दर्ज किया है। अघोरी व्यवहार और काला जादू अधिनियम, 2013 के तहत भी चारों लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।' पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 'पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके ससुराल वाले 2013 से ही मानसिक और शारीरिक रूप से उसका शोषण कर रहे हैं। दहेज और बेटे को जन्म न देने को लेकर उसे सताया जा रहा है। इसे लेकर उसके साथ पहले भी कई बार कालू जादू किया गया। इसी कड़ी में उसे इस बार रायगढ़ जिला ले जाया गया और उससे खुले से नग्न होकर नहाने के लिए मजबूर किया गया।'

**'पति ने जबरन साइन कराकर 75 लाख रुपये का लिया लोन'**

पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि उसके पति ने जबरन उसकी साइन कराकर 75 लाख रुपये का लोन लिया है। महिला कहना है कि यह कर्ज उसकी संपत्ति को दिखाकर बिजनेस के मकसद से लिया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

## भारत में मिली लंबी अंगुलियों वाले चमगादड़ों की नई प्रजाति

**खोज में जुटी थी 13 शोधकर्ताओं की टीम**



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की टीम ने भारत और श्रीलंका में चमगादड़ों की एक नई प्रजाति का पता लगाया है। जिसकी लंबी अंगुलियां हैं। शोधकर्ताओं ने चमगादड़ों की नई प्रजाति का नाम 'मिनिओप्टेरस फिलिप्सी' रखा है। इनका डेरा गुफाओं और सुरंगों में होता है। इस प्रजाति के नमूने श्रीलंका में उवा प्रांत में इदुल्गाशिन्ना गुफा से एकत्र किए गए थे और अब पड़ोसी देश के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम में जमा किए गए हैं। प्रारंभिक शोध 2019 में श्रीलंका में किया गया था। लेकिन इसे श्रीलंका और भारत दोनों में पूरा होने में तीन साल लग गए। यह वास्तव में चमगादड़ों की मौजूदा प्रजातियों से एकदम अलग है। इनके हाथ के साथ-साथ इनके शरीर की बनावट भी अलग तरह की है। भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के वरिष्ठ वैज्ञानिक उत्तम सैकिया ने कहा कि श्रीलंका में रोहाना विश्वविद्यालय से थरका कुसुमिंडा के नेतृत्व में टीम ने इसका पता लगाया है। इस शोध में कम से कम 13 प्रसिद्ध वैज्ञानिक शामिल थे। इनमें श्रीलंका से छह और भारत, रूस, स्विट्जरलैंड, हंगरी, ब्रिटेन और अमेरिका से एक-एक वैज्ञानिक शामिल हैं। इसका नाम डब्ल्यू। डब्ल्यू। ए। फिलिप्स (1892-1981) के नाम पर श्रीलंका और दक्षिण एशिया के स्तनधारियों पर अध्ययन में उनके योगदान की मान्यता के तौर पर रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका 'एक्टा चिरोप्टेरोलोजिका' में प्रकाशित शोध के अनुसार 'मिनिओप्टरिडे' परिवार से संबंधित लंबी उंगलियों वाले चमगादड़ दुनियाभर में कम से कम 40 प्रजातियों के एक बड़े समूह का हिस्सा हैं। इससे पहले शोधकर्ताओं को मेघालय में चमगादड़ों की मोटे अंगूठे वाली प्रजाति मिली थी। जिसका नाम ग्लिस्क्रोपस मेघलायनस रखा गया। इनका आकार छोटा था। शरीर का रंग भूरा और पेट का रंग पीला था। ये एक विशेष प्रकार के चमगादड़ होते हैं, जो बांस के पोर में रहते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 24 अगस्त, 2022

# पाकिस्तान में उथल-पुथल

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुखिया और पूर्व पीएम इमरान खान गहरे संकट में घिर गए हैं। उन्हें आतंकवाद से जुड़े मामले में गुरुवार यानी 25 अगस्त तक गिरफ्तारी से बचाव के लिए मोहलत दी गई है। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ रविवार को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी थी। इसके साथ ही पाकिस्तान में सत्ता का संघर्ष और विकराल रूप ले चुका है। पाक की राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता। बताना जरूरी है कि इसी साल जब अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए इमरान खान को सत्ता से हटा दिया गया था तभी से वे फिर से चुनाव कराए जाने की मांग पर अडे हुए हैं। फिर से मतदान की मांग को लेकर वे देश भर में रैलियां करते हुए वे न सिर्फ मौजूदा सरकार पर हमले कर रहे हैं बल्कि सेना को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। हाल के दिनों में इमरान के एक करीबी सहयोगी शहनाज गिल को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे एक टीवी टॉक शो के दौरान सेना के अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश न मानें। अब इमरान खान और उनकी पार्टी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जेल में शहनाज गिल को बुरी तरह टॉर्चर किया गया। उन पर थर्ड डिग्री का प्रयोग भी किया गया। हालांकि सरकार इस आरोप को सिरे से खारिज करती है। आरोप लगाने में माहिर इमरान ने एक सार्वजनिक सभा में दो पुलिस अफसरों और एक जज का नाम लेकर उनके खिलाफ एक्शन लेने की धमकी तक दे डाली। इमरान का कहना है कि उनके कहने का मकसद कानूनी कार्रवाई करने से था, लेकिन सरकार ने इसे न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन को आतंकित कर उन्हें अपने कर्तव्य पालन से रोकने की कोशिश करार दिया। स्वतंत्र प्रेक्षकों ने भी इमरान के इस बयान को गंभीर बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के योग्य माना है। उनके मुताबिक अगर किसी खास ऑफिसर की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण लगती है तो इमरान की पार्टी या उससे जुड़े लोगों के पास उन अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का विकल्प हमेशा खुला है, लेकिन एक पूर्व प्रधानमंत्री जब सार्वजनिक सभा में ऐसी धमकी दे, तो उसके निहितार्थ बहुत दूर तक जाते हैं। ऐसी धमकी किसी पूर्व प्रधानमंत्री के मुख से शोभा भी नहीं देते। बहरहाल, सरकार के पास इमरान खान को गिरफ्तार करने का ठोस आधार भले ही मिल गया हो, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में व्यापक प्रतिक्रिया मिलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वर्तमान सरकार को भी इस बात का एहसास है कि सत्ता से बाहर होने के बाद इमरान की लोकप्रियता में काफी तेजा से इजाफा हुआ है। देश के अलग-अलग हिस्सों में उमड रही उनकी रैलियों की भीड़ इस बात की गवाही दे रही है। इस बढ़ी हुई लोकप्रियता की वजह से उनको चुनावी कामयाबी मिलना भी तय माना जा रहा है। जुलाई में पंजाब प्रांत के स्थानीय चुनावों में उनकी पार्टी पीटीआई ने शानदार कामयाबी हासिल की है। इस महीने देश के व्यावसायिक केंद्र कराची में भी इमरान की पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जाहिर है, पाकिस्तान में चल रहे इस सत्ता संघर्ष में कोई भी पक्ष पीछे हटने की तैयार नहीं है। ऐसे में कोई भी सरकारी कदम आगे बढ़ाने का परिणाम देश भर में अशांति और सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन के रूप में सामने आ सकता है। पाकिस्तान जिन कठिन आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा है, उनके मद्देनजर इस समय किसी भी तरह की राजनीतिक अस्थिरता और अशांति विशेष रूप से नुकसानदेह होगी। ऐसे में पाकिस्तान के हुक्मरानों को कोई भी कदम फूंक-फूक कर उठाना पडेगा, तभी बात बन सकती है।

# जातिवाद के भंवर में उलझा इंसान



श्याम कुमार कोलारे

आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके है, जहाँ देश 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है, लेकिन जात-पात और छुआछूत से आजादी मिलने में अभी शायद फिर से बहुत संघर्ष करना होगा । हम विदेशी शासन से आजादी तो ले चुके है परन्तु हमारे देश में जो उच्च वर्ग कहे जाने वाले जातिवाद के ठेकेदारों से आजादी लेने में अभी कोसों दूर है । एक 9 साल का बच्चा क्या जाने जाति का मतलब ! उसके तो अभी खेलने-कूदने शिक्षा ग्रहण करने के दिन थे । उसने तो स्कूल दाखिला इसलिए लिया होगा की यह से उसे जीवन जीने एवं एक अच्छा इंसान बनने की शिक्षा दी जाएगी । उसे क्या पता था की यह इच्छा इसके लिए जीवन का वलिदान देकर चुकानी पड़ेगी । प्यास बुझाना उस बालक की जैसे मौत की सजा हो गई । जातिवाद के इसी भेदभाव में राजस्थान के जालोर में एक दलित छात्र को अपनी जान गवानी पड़ी । स्कूल में मटके से पानी पीने पर टीचर ने इतनी बेरहमी से पीटा कि छात्र की नस फट गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया । जाती के नाम पर अत्याचार होने की खबर एक मानसिक गुलामी की ओर इंगित करती है । आए दिन सोशल मीडिया एवं न्यूज़ खबरों में पढ़कर मन फट सा जाता है कि हम किस युग में जी रहे है ? एक तरफ अपने कार्य, संस्कृति, रीति-रिवाजों से संपन्न होने का दावा कर देश विश्व गुरु बनने की तैयारी कर रहा है और दूसरी ओर जाती के नाम पर मासूमों से लेकर बूढों को भी सताया जा रहा है । क्या हमारे देश में इंसानियत से ज्यादा जाति को महत्व दिया जा रहा है, क्या जाति इंसानियत पर इतनी भारी है कि इंसान को इंसान न समझकर उसे पशु से भी बदतर समझा जाता है । यदि ऐसा है तो हमें इंसानियत के पाठ को पढने की फिर से जरूरत है । हर स्कूल में और शिक्षा संस्थानों में इंसानियत का पाठ को सर्वोपरि से सिखाया व उस पर अमल करने को लेकर नियम बनाया जाना चाहिए जिसका कड़ाई से पालन किया जाये । सभी धर्म ग्रंथो में गुरु की महिमा को सर्वोपरि एवं उच्च स्थान प्राप्त है, गुरु अपने विद्यार्थिओं के भविष्य निर्माता होता है परन्तु एक गुरु ही जाति के नाम पर भेदभाव करना प्रारंभ कर दे तो विद्यार्थियो में इसकी क्या छाप होगी, इसे सोचकर मन बैठ सा जाता है । इन्द्र नाम के दलित बच्चा पर हुए अत्याचार की घटना ने देश के सामने दलितों पर हो रहे अत्याचार की एक छोटी सी तस्वीर उजाकर की है, यदि इसकी मौत नही होती तो शायद ये अत्याचार चारदिबारी में कही दफन हो जाता । ऐसी हजारो घटनाये रोजाना घटती है जहाँ बेचारा बच्चा डर के कारण अपना मुंह तक नहीं खोल पाता है और इस प्रकार का जातिगत भेदभाव को अपना भाग्य मानकर सहने की आदत डाल लेता है । कबीरदास के इस दोहा में गूंढ़ विचार एवं भाव को स्पष्ट करते हुए कहा है - "कबीरा कुआँ एक हैं पानी भरैं अनेक । बर्तन में ही भेद है, पानी सबमें एक" । आज जाति ने लोगों के मन को ऐसे गुलाम कर दिया है कि मानसिक कुंठा से ग्रसित लोग इसके बाहर जाने की चेष्टा तक नहीं कर पा रहे है । क्या जाति के आधार पर मनुष्य पहचाना जाए? क्या ये ईश्वर के बनाए गए नियमों के अनुरूप है! हम किस ज़माने में जी रहे है इस पर विचार करने की नित्तांत आवश्यकता है ।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून आवश्यकता या बाध्यता ?



डॉ. अजय कुमार मिश्रा

किसी भी देश के विकास में वहां की जनसंख्या तब लाभदायक है जब उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का समुचित रूप से दोहन हो सकें, साथ ही जमीनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी पक्ति में खड़े अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक पहुँच सकें । विभिन्न विषमताओं से पूर्ण इस देश में सभी के पीछे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कारणों में से देश की जनसख्यॉं ही बड़े कारण के रूप में दिखाई पड़ती है । देश में जनसँख्या नियंत्रण की मांग लम्बे समय से हो रही है जिसका कही सहयोग तो कही विरोध भी दिख रहा है । हाल ही में सामने आये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण यानि की एनएचएफएस - 5 की रिपोर्ट का कुछ लोग खूब हवाला दे रहें है । इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रजनन दर में लगातार कमी आ रही है । साथ ही देश अब प्रतिस्थापन दर को प्राप्त करने वाला है । इसके आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि देश में अब जनसंख्या नियंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है । जबकि हकीकत यह है की यह एक सीमित समूह का सर्वेक्षण है, जो वास्तव में जमीनी सच्चाई को बयां नहीं कर रहा है । यू.एन. पापुलेशन प्रास्पेक्ट्स की वर्ष 2019 की रिपोर्ट में भारत के लिए यह कहा गया था की वर्ष 2027 में चीन की जनसंख्या को हम पार कर लेंगे । वर्तमान में चीन दुनियां की सबसे अधिक आबादी वाला देश है । हाल ही में यूएन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या वर्ष 2023 में ही चीन से अधिक हो जाएगी । एक तरफ एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर को प्राप्त करने वाली है, वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2027 के स्थान पर चार वर्ष पूर्व ही वर्ष 2023 में हमारे देश की जनसँख्या चीन को पीछे छोड़ने जा रही है । क्या यह इस बात का जीवंत प्रमाण नहीं है की देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है ? चीन और भारत की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन, तीसरे देश की निर्णायक आँखों से देखेगे तो आप एक दो नही अनेकों मामलों में चीन को भारत से कही आगे पायेगे । इसे इस बात से भी समझा जा सकता है की भारत की वर्ष 2022 की अनुमानित




जीडीपी $ 3.535 ट्रिलियन है जबकि इसी अवधि की चीन की जीडीपी $ 19.91 ट्रिलियन है । यह फर्क कई बातों को स्पष्ट बयां कर रहा है । चीन अपने देश में जनसंख्या नियन्त्रण कानून पहले ही लागू कर उद्देश्यों की पूर्ति के पश्चात उसे हटा भी चूका है । जनसँख्या नियंत्रण कानून लागू किये जाने की आवश्यकताओं पर कई बिंदु और तर्क समर्थन करतें है, जरुरत है तो उन्हें समझने की ।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हम देखे तो पता चलता है कि रूस का क्षेत्रफल भारत का पांच गुना है, जबकि आबादी महज 15 करोड़ है । क्षेत्रफल की दृष्टि से देखे तो कनाडा का क्षेत्रफल अपने देश के क्षेत्रफल से 3 गुना बड़ा है, जबकि आबादी महज 4 करोड़ है । यदि हम अमेरिका की बात करें तो इसका भी क्षेत्रफल भारत से 3 गुना बड़ा है और आबादी महज 33 करोड़ है । पड़ोसी देश चीन का भी क्षेत्रफल हमसे 3 गुना अधिक है और उनकी जनसँख्या 144 करोड़ है । ब्राजील का भी क्षेत्र हमसे 3 गुना अधिक है और आबादी मात्र 22 करोड़ है । ऑस्ट्रेलिया का क्षेत्रफल भारत का 2.5 गुना है, जनसँख्या महज 3 करोड़ है । यदि देश की अनुमानित जनसँख्या की बात करें तो वेबसाइट वर्ल्डवोमीटर के अनुसार वर्तमान जनसँख्या 156.59 करोड़ है । यह आकड़ें हमें पुनः जनसँख्या नियंत्रण पर न केवल सोचने के लिए विवश करतें है, बल्कि त्वरित कार्यवाही करने की प्राथमिकता को दिखा रहे है । यदि हम अन्य पहलुओं की बात करें तो जहाँ चीन में प्रतिदिन तकरीबन 46 हजार बच्चे जन्म लेतें है वही भारत में यह संख्या 86 हजार है । विश्व में हमारा क्षेत्रफल मात्र 2% है । पीने योग्य पानी की बात करें तो महज 4 प्रतिशत है, जबकि हमारी आबादी विश्व की कुल आबादी का 20 प्रतिशत है। प्राकृतिक संसाधनों की तुलना में आबादी कही अधिक है और जिस गति से बढ़ रही है वह वास्तव में गम्भीर चिंता का विषय है । भारत की कुल जनसँख्या अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, थाईलैंड, फ़्रांस, रूस, इटली, अर्जेंटीना, कोरिया,स्पेन, पोलैंड, कनाडा, ब्राजील, न्यूजीलैंड, स्वीडन, बेल्जियम, क्यूबा, पुर्तगाल, ग्रीस, कजाकिस्तान, अफ्रीका की कुल जनसँख्या के बराबर है, जबकि क्षेत्रफल इनके कुल क्षेत्रफल का 1/20 है । यदि हम अमेरिका की बात करें तो वहां का क्षेत्रफल भारत से 3 गुना अधिक है और वहां प्रतिदिन मात्र 11 हजार बच्चे जन्म लेते है जबकि भारत में 86 हजार । ये आकड़ें देश में जनसँख्या वृद्धि की गंभीर समस्या पर मुहर लगा रहे है । हाल ही में एक न्यूज़ ने देश में सुर्खियाँ बटोरी थी एक ऑटो में 27 लोग सवारी कर रहे थे । हम अक्सर देखतें है की बाइक, निजी सवारी के साथ- साथ सार्वजानिक सवारी पर अधिक भीड़ यात्रा करतें देखी जाती है । केंद्र सरकार को सभी को घर मुहैया कराने की मुहीम जब तक पूरा होगी तब तक करोड़ों नए पात्र घर की मांग करतें नजर आयेगे । क्योंकि बेरोजगारी और गरीबी के कई कारणों में से एक महत्वपूर्ण कारण अधिक जनसँख्या भी है । देश में तकरीबन 80 करोड़ लोगों को सरकार फ्री में राशन बाट रही है इस आधार पर कहा जा सकता है की देश में 80 करोड़ गरीब लोग है । यदि समुचित आवश्यकता इन लोगों की पूरी होती तो शायद इस राशन की जरूरत नहीं होती । ईमानदारी से हम सभी को यह समझना होगा कि – दो कमरें के मकान में 5-6 सदस्यों का परिवार आराम से रहेगा या 20-25 सदस्यों का ? दस हजार मासिक आय में 5 सदस्यों का परिवार ख़ुशी से रहेगा या फिर 25 सदस्यों का ? कोरोना काल में यदि हमारी जनसँख्या वर्तमान की आधी रहती तो स्थति क्या होती ? उपरोक्त आकड़ें महज एक उदहारण है जो देश की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति जनसँख्या के मामले में बयां कर रहें है । आज एक - एक भर्ती के लिए कितने आवेदन आ जातें है, यह हाल ही में अग्निवीर में प्राप्त संख्या से आकलन निकाला जा सकता है । जबकि यह नियुक्ति मात्र 5 वर्ष के लिए है । सरकारी अस्पतालों में भीड़ और इलाज से जनसँख्या की स्थिति को और बेहतर समझा जा सकता है । शिक्षा की स्थिति सभी के सामने है । देश की एक दो नहीं अनेकों समस्याएं सिर्फ और सिर्फ जनसँख्या की वजह से है । यदि सही समय पर तत्कालीन सरकारों ने इस पर निर्णय लिया होता तो देश की स्थिति कही और बेहतर होती । कुछ विद्वानों का मत है की जनसँख्या के नियंत्रण के अन्य उपाएँ पर सोचना चाहिए जबकि हकीकत यह है की जब तक कोई भी निति नियम सरकार लागू नहीं करती हम कई बातों से बधें रहतें है, फिर चाहे धर्म हो, जाति हो, रितिरिवाज हो या फिर कुछ और । केंद्र सरकार को इस विषय में त्वरित निर्णय देश के हित में लेने की जरूरत है । हालाँकि कुछ राज्य सरकारों ने इस पर पहल किया पर चुनाव हो जाने के पश्चात उसे ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया है । देश के हित में इन मुद्दों पर कोई भी सोचेगा तो, यह अति आवश्यक प्रतीत होगा की तत्काल जनसँख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए अन्यथा की स्थिति में देश का वर्तमान परिवेश सभी के सामने है । अब समय की मांग के अनुसार देखा जाए तो जनसँख्या नियंत्रण कानून आवश्यकता नहीं बल्कि बाध्यता बन गया है ।

# एमपी में शिवराज सबसे पसंदीदा चेहरा



नरेंद्र तिवारी

केंद्रीय भाजपा के संसदीय बोर्ड ओर चुनाव समिति में सांगठनिक परिवर्तन के बाद मध्यप्रदेश के सियासी गलियारों में अचानक मुख्यमंत्री परिवर्तन के कयास लगाए जाने लगे हैं। क्या संसदीय बोर्ड में परिवर्तन को एमपी में मुख्यमंत्री परिवर्तन के तौर पर देखा जाना अभी उचित होगा ? क्या सचमुच भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे की तलाश में है ? क्या मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संसदीय बोर्ड से हटाना उनकी मुख्यमंत्री के तौर पर अयोग्यता का प्रमाण-पत्र है ? अथवा शिवराज को किसी ओर बड़ी जवाबदेही से नवाजने की तरफ इशारा है ? यह सब चर्चा मध्यप्रदेश के राजनीतिक गलियारों में सुनी जा रही हैं। इन सब सियासी सवालों के मध्य जो सबसे बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है, वह यह कि शिवराज सिंह का विकल्प कौन है ? ऐसा मजबूत विकल्प जो मध्यप्रदेश राज्य की जवाबदेही उस राजनैतिक कौशल के साथ सम्भाल सकें जिस कुशलता से विगत 17-18 वर्षो से शिवराज सिंह चौहान ने संभाल रखी है। कहीं ऐसा तो नहीं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान भाजपा की मजबूरी बन गए हो। कई बार लगा कि अब शिवराज कमजोर होने लगे हैं, किंतु हर बार वें और अधिक मजबूत होकर प्रदेश के राजनैतिक आकाश में चमकते सूर्य के मानिंद प्रभावान दिखाई देने लगे। सतत 17 बरसो से मुख्यमंत्री के दायित्व को सफलता पूर्वक निभाने वाले शिवराज का विकल्प ढूढना भाजपा के लिए इतना आसान नहीं हैं। वह इसलिए कि शिवराज मैं एक आमआदमी की छवि दिखती हैं, एक ऐसा आमआदमी जो बेहद संवेदनशील हैं, आमजन के विषयों पर इस आमआदमी की गहरी पकड़ हैं। मध्यप्रदेश भाजपा के पास निश्चित रूप से शिवराज का कोई विकल्प दिखाई नहीं देता और इसी कारण से ऐसा प्रतीत होता हैं कि वें भाजपा की मजबूरी बन गए हैं। राजनीति में ओर खासकर भाजपा की राजनीति में चेहरों की अपेक्षा संगठन को महत्ता दी जाती हैं। किंतु यह भी सच हैं कि चेहरों की अपनी महत्ता ओर जन स्वीकार्यता होतीं हैं। केंद्र में जिस तरह मोदी की स्वीकार्यता है। यूपी में योगी की स्वीकार्यता हैं, बंगाल में ममता की, दिल्ली में केजरीवाल की स्वीकार्यता से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। ये वें चेहरे है जो संगठन पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी शिवराज की स्वीकार्यता से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। प्रदेश के राजनैतिक पटल पर शिवराज के बाद जिन चेहरों की चर्चा हैं उनमें कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए ग्वालियर के महाराज, राज्यसभा सदस्य, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिवराज के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा हैं। वैसे महाराज सिंधिया को वर्तमान परिस्थियों में प्रदेश की कमान सौपना भाजपा का आत्मघाती कदम हो सकता हैं। सिंधिया का चयन भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं की नाराजी का कारण बन सकता हैं जो बरसो से पार्टी की सेवा में लगे हुए हैं। जिनके दिमाग मे प्रदेश का सर्वोच्च पद पाने की लालसा हैं। सिंधिया के पास विशेष योग्यताओं में उनका युवा होना तो है ही यह भी तमगा जुड़ा हुआ हैं कि प्रदेश में सत्ता से बाहर भाजपा को पुनः सता पर काबिज कराने में विशेष योगदान दिया हैं। सिंधिया के बाद एमपी में सीएम के रूप में केंद्रीय नेतृत्व की सबसे अधिक पसंद प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा हैं। वें प्रदेश का मुखर ब्राह्मण चेहरा हैं। प्रदेश के गृहमंत्री के रूप में उनकी सख्ती की चर्चा तो बहुत हैं। सुर्खियों में बने रहने के लिए अधिक बोलने से उनपर बड़बोले होने का आरोप लगने लगे हैं। वें बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ते ओर इसी कारण उन विषयों पर भी बोल जाते हैं जो प्रदेश के गृहमंत्री के रूप में बोलना जरूरी नहीं हैं। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप समय-समय पर ही अच्छे लगतें हैं। इसकी आदत हो जाने पर विवाद तो उपजते है जनता में भी नेता की स्वीकार्यता कम हो जाती हैं। शालीनता नेता का श्रृंगार हैं। इस श्रृंगार की कमी नरोत्तम मिश्रा दिखाई देतीं हैं। एक ओर ब्राह्मण चेहरा प्रदेश के राजनैतिक पटल पर अपनी उपस्थिति बना चुका हैं, जो प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी सांगठनिक क्षमता से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ओर जनता के मध्य चर्चा में हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीड़ी शर्मा जिनका नाम प्रदेश में सुपर फाइव में शामिल हैं। संघ से जुड़ाव हैं, शालीनता भी हैं, किंतु प्रदेश की जनता से सीधे जुड़ाव की कमी हैं। इस क्रम में प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी हैं। श्री तोमर का ग्राफ किसान आंदोलन के बाद कम हुआ हैं। चांस कम ही है किन्तु चर्चा तो कैलाश विजयवर्गीय की भी होती ही रहती हैं। बंगाल चुनाव में अपने राजनैतिक कौशल से उन्होंने भाजपा का माहौल बनाया। बंगाल में भाजपा की सीटों में बढ़ोतरी कैलाश जी के प्रबंध कौशल का ही परिणाम हैं। विजयवर्गीय पर भी बड़बोले होने की छाप हैं। चुनावी प्रबन्धन में उनका कोई सानी नहीं हैं। विजयवर्गीय का प्रबंधन जीत की ग्यारंटी माना जाता हैं। विवादों को आमंत्रित करना इनकी आदत हैं। पुत्र का अधिकारी को बेट मारने की घटना से केंद्रीय नेतृत्व की नाराजगी झेलना पड़ी थी। एक अलग प्रकार की राजनीति के चलतें बेहद ख्यात होकर भी सर्वोच्च पद की दौड़ में पीछे रह जातें हैं। इन सभी ख्यातनाम चेहरों में शिवराज सिंह चौहान का चेहरा प्रदेश की जनता के मन को सबसे अधिक भाने वाला चेहरा हैं। शिवराज की आमजनता के विषयों पर बेबाकी जनता को उनका करीबी बनाती हैं। उनकी शालीनता ओर संवेदनशीलता उन्हें प्रदेश का सबसे चर्चित मजबूत और टिकाऊ चेहरा बनाती हैं।

# आदरणीय, काहे को ऐसी आचार संहिता बनाई?



डॉ.विलास जोशी

उन्होने पदभार संभालते ही एक नई पहल की हैकि- से बड़े व्यक्ति को पैर नहीं छूने देना है आदरणीय, आपने तो यह एक अच्छी पहल की है, लेकिन शायद आप जानते नहीं कि जिसका बैल अड गया हो,उसे तो गधे के भी पैर छूना पड़ता है,फिर यह उसकी विवशता ही समझ लीजिए,तब न तो कोई उम्र का बंधन ही होता है और न जाति या भाषा का ही। आपकी इतनी अच्छी पहल करने के बाद भी यदि अचानक कोई बुजूर्ग किसी मंत्री के पैर छू ही ले तो आपकी यह नई पहल उनका क्या कर लेगी ? फिर आपकी यह नई आचार संहिता का क्या रह जाएगा.? यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि मैंने ऐसे कई बुजूर्ग लोगों को यूवा मंत्रियों के पैर छूते देखा है,जो हालात से मजबूर थे।क्या करे किसी को अपनी बच्ची का तबादला किसी देहाती गांव की स्कुल से तहसील में करवाना था।यकीन मानिए, संबंधित विभाग का आला अफसर उसका तबादला करने के लिए लाख रूपए मांग रहा था और इतने रूपए देना उस बुजूर्ग के बस की बात नहीं थी। बेचारा ऐसे में करता भी क्या? मजूबर होकर वह शिक्षा मंत्रीजी के पास गया, जो उससे उम्र में आधे ही होंगे, के चरण कमल छूए ओर दया की याचना करी कि महोदय, आप कुछ कीजिए और मेरी बिटिया का तबादला तहसील में करवा दीजिए। विश्वास कीजिए उस बुजूर्ग के इतने पैर छूने के बाद भी मंत्रीजी का दिल नहीं पसीजा और उन्होने उसके काम को तबज्जो नहीं दी। आदरणीय, आपने अपनी आचार संहिता में एक और नई पहल की है कि मंत्रियों द्वारा किसी से उपहार नहीं लेना है। यानी मंत्रीगण ये उपहार स्वंय न लेते हुए उनके परिवारवालों के माध्यम से प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र है? आदरणीय, लोग तो इस बात का अर्थ यही निकाल सकते है न! संभव है कि कुछ मंत्री आपके इस आचार संहिता का पालन करते हुए स्वंय कोई किसी से उपहार न भी ले,लेकिन क्या यह आचार सहिता उनके संबंधित मंत्रालयों के आला अफसरों के लिए भी लागू होगी? नही तो मंत्रीगण उनके आला अफसरों के माध्यम से उपहार प्राप्त करने लगेंगे! क्या आपने उसके लिए भी कोई आचार संहिता में व्यवस्था की है? आदरणीय, आपने अपनी आचार संहिता में एक व्यवस्था और यह की है कि विभाग में किसी मंत्री को नई कार नहीं खरीदनी है यानी मंत्रीगण चाहे तो अपनी स्वंय की नई कार खरीद कर अपने अपने मंत्रालयों में आ सकते है?- इसका तो यही अर्थ हुआ न ?आदरणीय, आप यह बताए कि आपने अपनी इस आचार संहिता में जो व्यवस्था अपने मंत्रिमंडल के मंत्रियों के लिए ही बनाई है तो फिर इसका विज्ञापन अखबारों और टीवी चैनलों के समाचारों में सार्वजनिक करने की क्या आवश्कता थी? ये काम तो आप मंत्रियों की एक गोपनिय बैठक बुलवाकर उसमें भी कर सकते थे?

# आजाद कश्मीर पर पाकिस्तान का नया ड्रामा



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कश्मीर के सवाल पर भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में काफी गहमागहमी चल रही है। भारत ने अपने जम्मू-कश्मीर में कई नए कदम उठाए हैं तो उधर पाकिस्तान भी उसके तथाकथित 'आजाद कश्मीर' को अपना पांचवां प्रांत घोषित करने की सोच रहा है। अभी तक पाकिस्तान ने हमारे कश्मीर के जिस हिस्से को कब्जा लिया था, उसे स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे रखा था। उसकी सरकार के मुखिया को 'प्रधानमंत्री' कहा जाता है। ऐसे कई 'प्रधानमंत्रियों' से पाकिस्तान में मेरी मुलाकातें हो चुकी हैं। उनमें से कुछ ने मुझसे यह भी कहा कि हमारी हैसियत नगरपालिका के अध्यक्ष जैसी भी नहीं है। तथाकथित 'आजाद कश्मीर' को पाकिस्तान का पांचवां प्रांत घोषित करने का विरोध जमीयत-ए-उलेमा-ए-इस्लाम के नेता फजलुर रहमान ने खुले-आम कर दिया है। वैसे पाकिस्तान के कई कश्मीरी नेताओं ने व्यक्तिगत बातचीत में मुझसे कई बार कहा है कि हम लोग कश्मीरी हैं, हम आजाद रहना चाहते हैं। हम पाकिस्तान का हिस्सा बनकर पंजाबियों की गुलामी क्यों करेंगे?

पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने एक 'ऑफ द रेकॉर्ड' बातचीत में मुझसे कहा था कि हम कश्मीर को आजाद मुल्क नहीं बनाना चाहते। आप अपना कश्मीर हमारे हवाले कर दें तो हम उसे अपना नया प्रांत बना लेंगे। यही बात उन्होंने एक ब्रिटिश पत्रकार को दूसरे दिन कही। उसने उसे सार्वजनिक कर दिया। हमारे नीति-निर्माताओं के सोचने लायक महत्वपूर्ण सवाल यही है कि पाकिस्तान में तथाकथित 'आजाद कश्मीर' के भविष्य के बारे में आज इतने सवाल क्यों उठ रहे हैं। जवाब मुश्किल नहीं है। पाक माने या न माने, इन सवालों के उठने का मूल कारण है- भारतीय कश्मीर। हमारे कश्मीर के पूर्ण विलय की प्रक्रिया को देखकर अब पाकिस्तान की फौज और नेताओं के होश ठंडे पड़ गए हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी लाख कोशिशों के बावजूद अब वे कश्मीर को भारत से छीन नहीं सकते। यदि कश्मीर का विशेष दर्जा भारत ने खत्म कर दिया है तो पाकिस्तान ने अपने कश्मीर में आजादी का जो ढोंग रचा रखा था, वह भी अर्थहीन हो गया है। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त से हुई एक औपचारिक भेंट में कश्मीर की समस्या के शांतिपूर्ण समाधान की मांग की है। लेकिन उन्हीं की सरकार के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद में कश्मीर के सवाल को जिस आक्रामक ढंग से उठाया है, उससे साफ जाहिर होता है कि अभी भी पाकिस्तान को पता नहीं चला है कि कश्मीर का मसला कैसे हल करना है। जहां तक भारत का सवाल है, भारत ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर या देश में भी इस सवाल को कभी जमकर नहीं उठाया है कि पाकिस्तान का कब्जाया हुआ कश्मीर भारत को वापस कब और कैसे मिलेगा? इससे क्या सिद्ध होता है? क्या यह नहीं कि यदि पाकिस्तान 'आजाद कश्मीर' को अपना पांचवां प्रांत बना लेगा तो भारत औपचारिक विरोध करके चुप हो जाएगा? सर्वश्रेष्ठ तरीका तो यह है कि दोनों कश्मीर एक किए जाएं और जो दोनों देशों के बीच गहरी खाई बने हुए हैं, वे एक शानदार सेतु बन जाएं। भारत ने इधर पिछले तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर का काया-पलट कर दिया है। सबसे पहले उसने धारा 370 और 35 ए को खत्म करके जम्मू-कश्मीर को केंद्र-प्रशासित प्रदेश बनाया। दूसरा, उसने चुनाव-क्षेत्रों का फिर से निर्धारण कर दिया है, जिसके कारण जम्मू की विधानसभा सीटें बढ़ गईं हैं। तीसरा काम चुनाव आयोग करने जा रहा है, जिसने कश्मीरी नेताओं की नींद हराम कर दी है। वह यह कि कश्मीर में बसे गैर-कश्मीरियों को मतदान का अधिकार दे दिया जाएगा। कश्मीर के 75 लाख मतदाताओं में अब लगभग 25 लाख ये नए मतदाता जुड़ जाएंगे। चुनाव आयोग के इस कदम का लगभग सभी कश्मीरी नेता और पार्टियां एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। उनका विरोध स्वाभाविक है। यदि जम्मू की सीटें बढ़ जाएं और 25 लाख गैर-कश्मीरी मतदाता भी उनके साथ जुड़ जाएं तो जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम-बहुल पार्टियों का हश्र क्या होगा? जो परिवार पिछले कई दशकों से कश्मीर के सिंहासन पर सवार थे, अब उनके बिना भी कश्मीर में सरकारें चल सकेंगी। लेकिन कश्मीर के नेता यदि ठंडे दिमाग से सोचें तो उनकी परेशानी अपने आप दूर हो सकती है। बस कुछ सवालों पर पूर्वाग्रह छोड़कर विचार करना होगाः यदि कोई भी कश्मीरी भारत के किसी भी हिस्से में रहकर वोट डाल सकता है तो कश्मीर में रहकर कोई भी भारतीय वोट क्यों नहीं डाल सकता? जैसे भारत के अन्य प्रांत, वैसे ही कश्मीर भी! यदि कश्मीरी नागरिक भारत का गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत, भारत-सरकार का सचिव आदि बन सकता है तो यही अधिकार किसी भी गैर-कश्मीरी नागरिक को कश्मीर में क्यों नहीं दिया जाना चाहिए?



# बुध प्रदोष आर्थिक समृद्धि और सुख की कामना से करते हैं ये व्रत

## शाम को शिव-पार्वती की पूजा का भी विधान

**भादो प्रदोष व्रत 2022 तिथि**

**पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 24 अगस्त 2022 को सुबह 08:30 बजे और इसकी समाप्ति 25 अगस्त 2022 को सुबह 10:37 बजे होगी।**

**भादो प्रदोष व्रत 2022 पूजा मुहूर्त**

**ज्योतिष अनुसार भादो प्रदोष व्रत की पूजा का प्रदोष काल मुहूर्त शाम 06:52 बजे से रात्रि 09:04 बजे तक है।**

**प्रदोष व्रत का महत्व**

स्कंद पुराण में इस व्रत के बारे में जिक्र करते हुए लिखा गया है कि इस व्रत को किसी भी उम्र का व्यक्ति रख सकता है और इस व्रत को दो तरह से रखे जाने का प्रावधान है। कुछ लोग इस व्रत को सूर्योदय के साथ ही शुरू कर के सूर्यास्त तक रखते हैं और शाम को भगवान शिव की पूजा के बाद शाम को अपना व्रत खोल लेते हैं, तो वहीं कुछ लोग इस दिन 24 घंटे व्रत को रखते हैं और रात में जागरण करके भगवान शिव की पूजा करते हैं और अगले दिन व्रत खोलते हैं।

**बुध प्रदोष महत्व**

शिव पुराण के अनुसार प्रदोष व्रत करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वार के अनुसार अलग-अलग दिन त्रयोदशी तिथि का संयोग बनने पर उसके फल का महत्व भी बदल जाता है। काशी के ज्योतिषाचार्य पं. गणेश मिश्र के अनुसार बुधवार को त्रयोदशी तिथि होने से बुध प्रदोष का योग बनता है। इस संयोग में भगवान शिव की पूजा और व्रत करने से हर तरह की परेशानियां दूर हो जाती है। बुधवार को प्रदोष व्रत रखने से नौकरी और बिजनेस में सफलता मिलती है। इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती की पूजा से पहले गणेशजी की पूजा की जाती है। इससे हर तरह की मनोकामना पूरी हो जाती है। बुध प्रदोष का व्रत करने से हर तरह के रोग, शोक, दोष और कलह दूर हो जाते हैं।

**प्रदोष का हर दिन के साथ अलग संयोग**

1. रविवार को प्रदोष व्रत होने से उसे भानु प्रदोष या रवि प्रदोष कहा जाता है। अच्छी सेहत और लंबी उम्र की कामना से ये व्रत किया जाता है।
2. सोमवार को त्रयोदशी तिथि होने से सोम प्रदोष या चंद्र प्रदोष कहा जाता है। किसी खास मनोकामना को पूरी करने और निरोगी रहने के लिए सोम प्रदोष का विशेष महत्व है।
3. मंगलवार प्रदोष का संयोग बनने से उसे भौम प्रदोष कहते हैं। कर्ज और लंबे समय से चल रही बीमारी से छुटकारा पाने के लिए भौम प्रदोष व्रत किया जाता है।
4. बुधवार को त्रयोदशी तिथि होने से बुध प्रदोष का संयोग बनता है। इस व्रत को करने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और संपन्नता बढ़ती है।
5. गुरुवार को प्रदोष व्रत होने से गुरु प्रदोष कहा जाता है। इस दिन व्रत करने से पुण्य मिलता है। हर तरह के पाप दूर हो जाते हैं। इस दिन शिव-पार्वती पूजा से हर तरह की परेशानियां दूर हो जाती है।
6. शुक्रवार को प्रदोष होने से शुक्र प्रदोष का संयोग बनता है। इस दिन व्रत और शिव-पार्वती पूजा से समृद्धि आती है। सौभाग्य और दांपत्य जीवन में भी सुख बढ़ता है।
7. संतान प्राप्ति के लिए शनिवार को प्रदोष व्रत किया जाता है। इस व्रत से शत्रुओं पर जीत भी मिलती है। शनिवार को त्रयोदशी तिथि होने से शनि प्रदोष का संयोग बनता है।

# गणेश उत्सव 31 अगस्त से

## अभी से करें मिट्टी के गणेश बनाने की तैयारी

## कैसी मिट्टी का उपयोग करें और प्रतिमा कैसे बनाएं



बुधवार, 31 अगस्त से दस दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत हो रही है। घर-घर में गणपति जी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। घर में स्थापित करने के लिए, पूजा के लिए और पर्यावरण की बेहतरी के लिए मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं सबसे अच्छी रहती हैं। ये प्रतिमाएं पानी में आसानी से घुल जाती हैं, जबकि प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी प्रतिमाएं पानी में घुल नहीं पाती हैं। इसलिए घर में मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा ही विराजित करें। अभी गणेश चतुर्थी में काफी दिन हैं, मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने के काफी समय है। इतने दिनों में प्रतिमा बनाने से उसे सूखने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, इसके बाद रंगों से प्रतिमा की सुंदरता बढ़ाई जा सकती है।

मिट्टी से बनी प्रतिमा की पूजा को श्रेष्ठ बताया गया है। मिट्टी से बनी प्रतिमा में पंच तत्व समाए हुए रहते हैं। मिट्टी यानी पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश, पांचों तत्वों से ही हमारा शरीर बनता है और इन पंच तत्वों से मिलकर ही मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनती है।

**गणेश प्रतिमा बनाने के लिए कैसी मिट्टी का करें उपयोग**

प्रतिमा बनाने के लिए किसी नदी या तालाब या किसी अन्य साफ-सुथरी जगह की मिट्टी का उपयोग करना चाहिए। ध्यान रखें मिट्टी में कंकड़-पत्थर, पेड़-पौधे की जड़ें या घास नहीं होनी चाहिए।

**कैसे बना सकते हैं मिट्टी की गणेश प्रतिमा**

गिली मिट्टी से 5 समान आकार के गोले बनाएं। पहले गोले से गणेश के लिए आसन बनाना है। आसन का आकार अपनी इच्छा अनुसार गोल या चौकोर बना सकते हैं।

दूसरे गोले से गणेशजी का पेट बनाएं और उसे आसन पर विराजित करें। तीसरे गोले को दो समान भागों में बांटें। इन दो भागों में से एक भाग से गणेश जी के दो पैर और दूसरे भाग से दो हाथ बनाएं।

मिट्टी के चौथे गोले से गणेश जी का सिर और सूंड बनाना है। गणेश जी के पेट के ऊपर सिर और सूंड लगाएं।

मिट्टी के पांचवें गोले से गणेश जी के कान, लड्डू, दांत, आंखें और मुकुट बनाना है। इन सभी हिस्सों को जोड़कर प्रतिमा तैयार करें।

प्रतिमा बन जाने के बाद घर में ऐसी जगह जहां धूप आती हो, वहां रख दें। कुछ दिनों में प्रतिमा सूख जाएगी। इसके बाद प्रतिमा पर मनचाहे रंग किए जा सकते हैं।

**ऐसे कर सकते हैं गणेश जी की सरल पूजा**

मिट्टी की गणेश प्रतिमा पर थोड़ा जल अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। जनेऊ चढ़ाएं। दूर्वा अर्पित करें। लड्डू का भोग लगाएं। गणेश जी के साथ ही शिव जी और पार्वती की भी पूजा करें। शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। गणेश जी, शिव जी और पार्वती जी को वस्त्र अर्पित करें। गणेश जी के सामने धूप-दीप जलाएं। आरती करें। श्री गणेश के मंत्र का जप करें। ध्यान रखें गणेश जी को और शिवजी को तुलसी न चढ़ाएं। पूजा में श्री गणेशाय नमः, ॐ नमः शिवाय नमः मंत्र का जप करना चाहिए।



# विश्व शांति और अहिंसा का महान पर्व - पर्युषण



मुनि चैतन्य कुमार "अमन"

वर्तमान युग को हिंसक युग की उपमा से उपमित किया जाए तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि आज पूरे विश्व में सभी ओर हिंसक गतिविधियों का साम्राज्य हो रहा है। कितने-कितने मारक अस्त्र शस्त्रों की भरमार, मारक दवाइयां, नई-नई मारक पद्धतियों का प्रशिक्षण हो रहा है। विश्व में भारत एक ऐसा देश जहां पर कितने महापुरुष हुए हैं जिन्होंने मानविय हितों के लिए अहिंसा का उपदेश दिया। महावीर, बुद्ध, गांधी की धरती- जो अहिंसा की गूंज से गुंजायमान थी। यह देश की भावना और नैतिक चारित्रिक ऊंचाइयों के लिए प्रसिद्ध था। आज मनुष्य अपने जीवन धारण के अतिरिक्त अनिवार्य हिंसा के साथ और भी कितने प्रकार की हिंसा में लिप्त हो रहा है जिसका विवरण बड़ा ही रोमांच बनने वाला है। जैन धर्म का सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्व कल्याणकारी, सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय केवल उन व्यक्तियों के लिए रह गया है जिनका मन दया, करुणा में आद्र है। अहिंसा का जन्म जिन महापुरुषों द्वारा हुआ जिन्होंने पर्युषण पर्व मनाया। आज सब उनके विपरीत हो रहा है आत्महत्या, भ्रूण हत्या, और आतंकवाद घर घर में घुसकर निरीह मानवों की हत्या में निमित्त बन रहा है।

अहिंसा की साधना के लिए व्यक्ति को हिंसा के कारणों से बचना होगा। अपवित्र मनों में पवित्रता की साधना के लिए भाव शुद्धि पर ध्यान देना होगा क्योंकि जैसा भाव वैसा स्वभाव, जैसा स्वभाव वैसा प्रभाव होता ही है। पर्युषण के दिन आध्यात्मिक, नैतिक, मानसिक प्रसन्नता से सराबोर होने के दिन हैं। किसी ने हिंसा को परिभाषित करते हुए लिखा है हिंसा एक निषेधात्मक चिंतन अर्थ (धन) का उन्माद अधिक संग्रह मनोवृति, पूंजी और दुर्भावना पूर्ण व्यवहार आवश्यकता है। दुनिया में जहां हिंसा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उन्हें अहिंसा का प्रशिक्षण दिया जाए। यदि उन्हें अहिंसा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाए तो कुछ मायने में हिंसा पर रोक लग सकती है।

आज जैन समाज की नई पीढ़ी को यह जानना बहुत ही महत्वपूर्ण है कि एक मुस्लिम शासक बादशाह अकबर जैन धर्म की ओर क्यों



आकृष्ट हुआ। उसको इस दिशा में प्रेरित करने वाले कौन थे जिन से प्रेरित होकर बादशाह अकबर अहिंसा की ओर प्रभावित हुए।

एक बार बादशाह अकबर की प्रार्थना पर जब आचार्य हीर विजय सूरी फतेहपुर सीकरी पधारे तब बादशाह ने ज्ञान चर्चा करते हुए कहा आपने महान अनुकंपा करके मेरी विनती पर ध्यान देते हुए इतनी दूर पधारे हैं तो मेरे लायक आपकी तथा आपके शासन को कोई सेवा हो तो मुझे अवसर प्रदान कराने की मेहरबानी करें। तब सूरी जी ने कहा मुझे अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। आपका यदि इतना ही मन सेवा करने का है तो आप एक काम कर सकते हैं और वह है हमारे पर्यूषण पर्व के 8 दिन और उन 8 दिनों में आपके राज्य में कहीं पर भी पशु वध नहीं होना चाहिए। आप इस आदेश को पूरे राज्य में प्रसारित करा दें। बादशाह ने अति प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा 8 दिन आपके और 4 दिन मेरी ओर से इस प्रकार मैं 12 दिन के लिए पूरे राज्य में मांसाहार निषेधाज्ञा प्रसारित करवा दूंगा। इतना ही नहीं स्वयं बादशाह ने भी 6 माह तक मांसाहार नहीं करने का संकल्प लिया, जो प्रतिदिन 500 चिड़िया की जीव का मांस खाने वाला सम्राट था वह भी जैन आचार्य से प्रभावित होकर शाकाहार का समर्थक बन गया। तथा राज्य में जितने जैन मंदिर थे उन मंदिरों व तीर्थ स्थानों पर लगने वाले टैक्स माफ कर दिए।

कुछ वर्षों पूर्व जो गोधरा में हिंसक घटनाओं का क्रम हुआ था उस समय आचार्य श्री महाप्रज्ञ द्वारा जारी अहिंसा यात्रा के समय वहां काफी जटिल स्थिति बन गई थी किंतु आचार्य महाप्रज्ञ के वार्तालाप से अहमदाबाद में रथयात्रा शांति पूर्वक हुई तथा परस्पर में सौहार्द्र का वातावरण निर्मित हो गया। अहिंसक व्यक्तित्व का होना दुर्लभ है। अहिंसक व्यक्तित्व हमेशा दीर्घ जीवी, आरोग्य, सौभाग्य और प्रतिष्ठा को प्राप्त करने वाला होता है। जैन परंपरा में वर्ष में एक बार आने वाला यह पर्व जैन एकता आत्मावलोकन क्षमा, सहिष्णुता का महान पर्व है। 8 दिनों तक मनाया जाने वाला इस पर्व का अंतिम दिन को संवत्सरी महापर्व के रूप में मनाया जाता है। संवत्सरी के बाद क्षमापना पर्व होता है उस दिन हर्ष और उल्लास के साथ मन में उत्पन्न सभी गानों को खोलकर शमा का आदान प्रदान किया जाता है। इस प्रकार जैन धर्म का यह महान पर्व अहिंसा का पर्व है। जनमानस को हिंसा कर्म से मुक्त करने की दिशा प्रेरित करता है। जैन धर्म मानवता धर्म है। भगवान महावीर की अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह व्रत का सिद्धांत को यदि मानव अपना ले तो सामाजिक और राष्ट्रीय ही क्या विश्व की जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान हो सकता है और विश्व में शांति का साम्राज्य स्थापित हो सकता है।



निर्मला वैद

# सभी पर्वों का राजा है "पर्युषण पर्व"

पर्यूषण पर्व जैन धर्म का मुख्य पर्व है। श्वेतांबर इस पर्व को 8 दिन और दिगंबर संप्रदाय के जैन अनुयायी इसे 10 दिन तक मनाते हैं। इस पर्व में जातक विभिन्न आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि योग जैसी साधना तप-जप के साथ करके जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करते हैं। दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म जैन धर्म को श्रमणों का धर्म कहा जाता है। जैन धर्म का संस्थापक ऋषभ देव को माना जाता है, जो जैन धर्म के पहले तीर्थंकर थे और भारत के चक्रवर्ती सम्राट भरत के पिता थे। वेदों में प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ का उल्लेख मिलता है। जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए हैं। तीर्थंकर अर्हंतों में से ही होते हैं।

यह पर्व भाद्रपद कृष्ण 12 से प्रारम्भ हो कर भाद्रपद शुक्ला 4 को पूर्ण होता है। पर्युषण पर्व का अन्तिम दिन संवत्सरी कहलाता है। संवत्सरी पर्व पर्युषण ही नहीं जैन धर्म का प्राण है। इस दिन सांवत्सरिक प्रतिक्रमण किया जाता है जिसके द्वारा वर्ष भर में किए गए पापों का प्रायश्चित्त करते हैं। सांवत्सरिक प्रतिक्रमण के बीच में ही सभी 84 लाख जीव योनी से क्षमा याचना की जाती है। यहाँ क्षमा याचना सभी जीवों से वैर भाव मिटा कर मैत्री करने के लिए होती है। क्षमा याचना शुद्ध हृदय से करने से ही फलप्रद होती है। इसे औपचारिकता मात्र नहीं समझना चाहिए। पर्यूषण पर्व पर क्षमत्क्षमापना या क्षमावाणी का कार्यक्रम ऐसा है जिससे जैनेतर जनता को काफी प्रेरणा मिलती है। इसे सामूहिक रूप से विश्व-मैत्री दिवस के रूप में मनाया जा सकता है। पर्यूषण पर्व के समापन पर इसे मनाया जाता है। श्वेताम्बर संप्रदाय के पर्यूषण 8 दिन चलते हैं। उसके बाद दिगंबर संप्रदाय वाले 10 दिन तक पर्यूषण मनाते हैं। उन्हें वे 'दसलक्षण' के नाम से भी संबोधित करते हैं।

उस दिन लोग उपवास रखते हैं और स्वयं के पापों की आलोचना करते हुए भविष्य में उनसे बचने की प्रतिज्ञा करते हैं। इसके साथ ही वे चौरासी लाख योनियों में विचरण कर रहे, समस्त जीवों से क्षमा माँगते हुए यह सूचित करते हैं कि उनका किसी से कोई बैर नहीं है।पर्युषण पर्व को आध्यात्मिक दीवाली की भी संज्ञा दी गई है। जिस तरह दीवाली पर व्यापारी अपने संपूर्ण वर्ष का आय-व्यय का पूरा हिसाब करते हैं, गृहस्थ अपने घरों की साफ- सफाई करते हैं, ठीक उसी तरह पर्युषण पर्व के आने पर जैन धर्म को मानने वाले लोग अपने वर्ष भर के पुण्य पाप का पूरा हिसाब करते हैं। वे अपनी आत्मा पर लगे कर्म रूपी मैल की साफ-सफाई करते हैं। पर्युषण आत्म जागरण का संदेश देता है और हमारी सोई हुई आत्मा को जगाता है। यह आत्मा द्वारा आत्मा को पहचानने की शक्ति देता है। इस दौरान व्यक्ति की संपूर्ण शक्तियां जग जाती हैं।

**खामेमि सव्वे जीवा, सव्वे जीवा खमंतु मे।**
**मित्तिमे सव्व भुएस वैरं ममझं न केणई।**

यह वाक्य परंपरागत जरूर है, मगर विशेष आशय रखता है। इसके अनुसार क्षमा माँगने से ज्यादा जरूरी क्षमा करना है। क्षमा देने से आप अन्य समस्त जीवों को अभयदान देते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। तब आप संयम और विवेक का अनुसरण करेंगे, आत्मिक शांति अनुभव करेंगे और सभी जीवों और पदार्थों के प्रति मैत्री भाव रखेंगे। आत्मा तभी शुद्ध रह सकती है जब वह अपने से बाहर हस्तक्षेप न करे और बाहरी तत्व से विचलित न हो। क्षमा-भाव इसका मूलमंत्र है।

पर्युषण शब्द का अर्थ है एक स्थान पर निवास करना। द्रव्य से इस समय साधू साध्वी भगवंत एक स्थान पर निवास करते हैं। भाव से अपनी आत्मा में स्थिरवास करना ही वास्तविक पर्युषण है। इस लिए इस समय यथासंभव विषय एवं कषायों से दूर रह कर अपनी आत्मा में लीन होने के लिए आत्म चिंतन करना चाहिए। साथ ही सामायिक, प्रतिक्रमण, देवपूजन, गुरुभक्ति, साधर्मी वात्सल्य आदि भी यथाशक्ति करने योग्य है।

जैन संस्कृति में जितने भी पर्व व त्योहार मनाए जाते हैं, लगभग सभी में तप एवं साधना का विशेष महत्व है। जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है पर्युषण पर्व। पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है– आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण का एक अर्थ है– कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण–पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। पर्युषण आत्मशुद्धि का पर्व है, कोई लौकिक त्यौहार नहीं।

पर्युषण में दान, शील, तप व भाव रूप चार प्रकार के धर्म की आराधना की जाती है। इस में भी भाव धर्म की विशेष महत्ता है। दान, शील व तप रूप धर्म-क्रिया मात्र भाव-धर्म को पुष्ट करने के साधन हैं। पर्युषण में अनुकम्पा दान, सुपात्र दान व अभय दान रूप दान-धर्म, सदाचार, विषय त्याग, ब्रह्मचर्य अदि रूप शील धर्म, उपवास, आयम्बिल, विगय त्याग, रसत्याग आदि रूप बाह्य धर्म व प्रायश्चित्त, विनय, सेवा, स्वाध्याय, ध्यान व कायोत्सर्ग रूप अभ्यंतर तप की आराधना करनी चाहिए।

यह सभी पर्वों का राजा है। इसे आत्मशोधन का पर्व भी कहा गया है, जिसमें तप कर कर्मों की निर्जरा कर अपनी काया को निर्मल बनाया जा सकता है। पर्युषण पर्व को आध्यात्मिक दीवाली की भी संज्ञा दी गई है। जिस तरह दीवाली पर व्यापारी अपने संपूर्ण वर्ष का आय–व्यय का पूरा हिसाब करते हैं, गृहस्थ अपने घरों की साफ–सफाई करते हैं, ठीक उसी तरह पर्युषण पर्व के आने पर जैन धर्म को मानने वाले लोग अपने वर्ष भर के पुण्य पाप का पूरा हिसाब करते हैं। वे अपनी आत्मा पर लगे कर्म रूपी मैल की साफ–सफाई करते हैं।

# 'मुझे लगता है कि मेरे डैड घबराए हुए हैं : सोनम कपूर



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने 20 अगस्त को एक बेबी बॉय को जन्म दिया है। अब हाल ही में सोनम ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी प्रेग्नेंसी की खबर सुनने के बाद उनके पापा अनिल कपूर ने कैसे रिएक्ट किया था। एक्ट्रेस ने बातचीत में बताया कि पापा अनिल ग्रैंड पेरेंट बनने को लेकर डरे हुए थे, क्योंकि वो इस अगले फेज के लिए तैयार नहीं थे।

सोनम ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे डैड घबराए हुए हैं। वो खुद को एक ग्रैंड पेरेंट के रूप में नहीं देखते हैं। लंबे समय से उन्होंने खुद को पेरेंट के तौर पर भी नहीं देखा, लेकिन जब मैंने उन्हें अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया था, तब वो इमोशनल हो गए थे।

**इस खबर को सुनने के बाद पापा मंदिर गए थे**

सोनम ने आगे कहा, 'जब मैंने उन्हें ये गुड न्यूज सुनाई, तब वो चंडीगढ़ में फिल्म 'जुग जुग जियो' की शूटिंग कर रहे थे। यह खबर सुनने के बाद पापा वहां आसपास के मंदिर में गए थे। चूंकि पापा उतने स्प्रिचुअल और धार्मिक नहीं हैं, इसलिए मां ने उनसे मजाक करते हुए पूछा था कि क्या वो मेरे लिए प्रार्थना करने के लिए मंदिर गए थे? जिसपर उन्होंने जवाब दिया था 'हमारा ग्रैंड चाइल्ड।' ये सुनकर मां शॉक्ड रह गई थीं।'

**सोशल मीडिया पर अनिल कपूर ने जाहिर की थी खुशी**

अनिल ने हाल ही में सोशल मीडिया पर ग्रैंड पेरेंट बनने पर खुशी जाहिर करते हुए एक नोट शेयर किया था। उन्होंने नोट में लिखा था, 'हमें ये बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 20 अगस्त को हमारी फैमिली में एक नया मेंबर जुड़ गया है। सोनम और आनंद के घर एक हेल्दी बेबी बॉय का जन्म हुआ है और इसे लेकर हम बहुत एक्साइटेड हैं। नए पेरेंट्स और उनकी ब्यूटीफुल एंजल के लिए हमारा दिल प्राइड और प्यार से भर आया है।'

सोनम कपूर और आनंद आहूजा की बात करें तो उन्होंने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद 2018 में शादी की थी। इस शादी में बॉलीवुड के कई सेलेब्स समेत सोनम के फ्रेंड्स और फैमिली मेंबर्स शामिल हुए थे। इस साल के शुरुआत में कपल ने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। सोनम को आखिरी बार 2019 में आई फिल्म 'द जोया फैक्टर' में देखा गया था। सोनम की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वो क्राइम थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाली हैं।

# राजू की तबीयत में सुधार : बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव



**बड़े भाई सीपी** श्रीवास्तव के मुताबिक, राजू श्रीवास्तव की तबीयत में सुधार है। उनके पूरे शरीर में मूवमेंट पहले से बेहतर है। मगर, अभी भी ब्रेन रिस्पॉन्स नहीं कर रहा है। न्यूरोलॉजिस्ट उनके ब्रेन का ट्रीटमेंट कर रहे हैं। उनके फोरब्रेन में ऑक्सीजन सप्लाई पहुंचाने का प्रयास चल रहा है। अब उनका ब्लड प्रेशर नॉर्मल है। उन्हें लिक्विड डाइट में दूध और जूस नली के जरिए दिया जा रहा है।

**राजू का यमराज वाला वीडियो वायरल हो रहा**

राजू की खराब सेहत के बीच सोशल मीडिया पर उनका 28 दिन पुराना एक वीडियो वायरल हो रहा है। वो गजोधर भैया के किरदार में वीडियो में नजर आते हैं। राजू कहते हैं, जीवन में सबको इस तरह का काम करना चाहिए कि जब भी यमराज आए तो वो भी आपको लेकर जाते समय कहे कि आप भैंस पर बैठ जाइए। जीवन ऐसा होना चाहिए कि यमराज खुद पैदल चलने लगे। आपको भैंस पर बैठाकर ले जाए और आपसे कहे... आप अच्छे और नेक आदमी हैं। पैदल चलते अच्छे नहीं लगते। मैं पैदल चल लूंगा, लेकिन आप भैंस पर ही चलें।

दिल्ली एम्स में जिंदगी की जंग लड़ रहे कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के इलाज में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सोर्स के मुताबिक, एम्स के सेकंड फ्लोर के ICU में राजू एडमिट हैं। 3 दिन पहले एक अनजान लड़का ICU के अंदर तक पहुंचकर राजू के साथ सेल्फी लेने लगा। वहां मौजूद स्टाफ ने उसको रोककर पूछताछ की। परिजन भी वहां पहुंच गए। उन्होंने सिक्योरिटी में शिकायत की। इसके बाद ICU के बाहर गार्ड की तैनाती की गई। किसी को भी बिना अनुमति ICU में एंट्री नहीं दी जा रही है।

पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा ने राजू श्रीवास्तव के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा, राजू श्रीवास्तव जी जब आपके बारें में पता चला तो यकीन नहीं हुआ कि लोगों को हंसाने वाले को इतनी पीड़ा झेलना पड़ सकती है।

**सीएम योगी ने ली हेल्थ की जानकारी**

राजू की सेहत का हाल जानने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने OSD दिनेश सहगल को दिल्ली भेजा था। उन्होंने मुख्यमंत्री को उनके स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी दी है।

**कपिल शर्मा ने फोन कर पूछा हाल**

राजू की सेहत का हाल जानने के लिए कॉमेडियन कपिल शर्मा ने फोन किया था। कैलाश खेर, सुनील पाल, शेखर सुमन, जॉनी लीवर रोजाना ही हेल्थ अपडेट ले रहे हैं। सिंगर सोनू निगम भी एम्स आने वाले हैं।

# दिशा पाटनी के साथ रिश्तों पर कृष्णा श्रॉफ का रिएक्शन : बोलीं-वो उन लोगों में से एक हैं, जिन्हें मैं जरूरत के वक्त सबसे पहले याद करती हूं




टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी के ब्रेकअप की अफवाहें पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस बात को न तो कंफर्म किया है और न ही इंकार किया है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में टाइगर की बहन कृष्णा श्रॉफ से सवाल किया गया कि क्या इन अफवाहों के बीच उनके और दिशा के रिश्ते में कोई बदलाव आए हैं? इस पर कृष्णा ने कहा कि उनका रिश्ता इन सारी चीजों से परे है और वो हमेशा एक दूसरे को सपोर्ट करती हैं।

**कृष्णा और दिशा करते हैं एक-दूसरे को सपोर्ट**

कृष्णा ने न्यूज 18 के साथ बातचीत में कहा, दिशा और मैंने अपने शुरुआती सालों को एक साथ स्पेंड किया है। जब वो इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत कर रही थीं, जबकि मैं ये समझने की कोशिश कर रही थी कि मैं क्या कर सकती हूं और कहां फिट हो पाउंगी। हमारा रिश्ता हमेशा सारी चीजों से ऊपर रहा, क्योंकि हमने हमेशा एक-दूसरे को सपोर्ट किया है।



**कृष्णा जरूरत के वक्त दिशा को ही याद करती हैं**

कृष्णा ने आगे कहा, वह अभी भी उन लोगों में से एक हैं, जिन्हें मैं अपनी जरूरत के वक्त सबसे पहले याद करती हूं। मुझे पता है कि मुझे जब भी दिशा की जरूरत होगी वो हमेशा मेरे लिए खड़ी रहेंगी। ऐसी दुनिया में जहां औरतें एक-दूसरे को नीचे गिराने के लिए कुछ भी करती हैं, मैं और वो उन सबसे अलग हैं।

**जैकी ने किया था ब्रेकअप की अफवाहों पर रिएक्ट**

जैकी श्रॉफ ने कुछ समय पहले बताया था कि टाइगर और दिशा अभी भी अच्छे दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि दोनों अभी भी अक्सर साथ में बाहर जाते हैं। जैकी ने कहा था कि वो अपने बेटे की लव लाइफ का ट्रैक नहीं रखते, क्योंकि ऐसा करना उनकी प्राइवेसी में दखलअंदाजी करना होगा। उन्होंने कहा था, यह उन दोनों पर निर्भर करता है कि वो लोग साथ हैं या नहीं, दोनों एक-दूसरे के साथ कंपेटिबल हैं या नहीं। जैसे मेरी और मेरी वाइफ आयशा की लव स्टोरी है, वैसे ही यह उनकी लव स्टोरी है। एक्टर ने बताया कि वो दिशा के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं।

**दिशा अब भी टाइगर के घर जाती हैं**

कुछ दिनों पहले पिंकविला ने रिपोर्ट किया था कि दोनों अभी भी रिलेशनशिप में हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर और दिशा के ब्रेकअप की खबरें बिना सिर पैर की हैं। दिशा अभी भी लगभग हर रोज टाइगर के घर जाती हैं। एक्ट्रेस अपना ज्यादातर वक्त टाइगर और उनकी फैमिली के साथ बिताती हैं। जिस दिन काम नहीं होता, उस दिन दिशा अपना पूरा दिन एक्टर के यहां ही स्पेंड करती हैं।

## शाहिद कपूर ने दिया कियारा-सिड की शादी का हिंट



कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के क्यूट कपल माने जाते हैं। फिल्म शेरशाह के बाद से ही दोनों के बीच रिलेशनशिप की खबरें आ रही हैं। दोनों ने ही अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है,लेकिन करण के शो में सिद्धार्थ और कियारा की बातों से लगभग यह कंफर्म हो गया है कि यह कपल रिलेशनशिप में है। इसी बीच एक्टर शाहिद कपूर ने सिद्धार्थ और कियारा की शादी को लेकर हिंट दिया है। दरअसल करण के लेटेस्ट शो में शाहिद और कियारा बतौर गेस्ट पहुंचे थे, जहां करण ने कियारा की पर्सनल लाइफ से जुड़े कई सवाल किए। करण ने काउच पर कियारा से सवाल पूछा कि क्या वो सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट कर रही हैं, तो इस पर एक्ट्रेस ने न और हां दोनों में ही जवाब नहीं दिया, हालांकि उन्होंने कहा कि हम बेशक दोस्त से ज्यादा हैं। इस पर करण ने कियारा से मजाक करते हुए कहा कि तुम दोनों एक गॉर्जियस कपल हैं और दोनों के बच्चे बहुत सुंदर होंगे। सिड- कियारा की शादी पर शाहिद ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर दोनों फैंस और भी एक्साइटेड हो जाएंगे। शाहिद ने शादी का हिंट देते हुए कहा कि बहुत जल्द सभी को बड़ी अनाउंसमेंट सुनने को मिल सकती है, इतना ही नहीं शाहिद ने कहा कि मैं साफ कर दूं कि यह किसी फिल्म अनाउंसमेंट नहीं होगी। इस तरह के हिंट्स को देखते हुए फैंस यह कयास लगा रहे हैं कि जल्द ही यह सिड और कियारा अपने रिलेशनशिप को पब्लिक कर सकते हैं या फिर जल्द ही शादी की अनाउंसमेंट भी कर सकते हैं। यह कपल फिल्म शेरशाह के दौरान नजदीक आया था, जिसके बाद से ही कपल के लिंकअप की खबरें आती रही हैं।

## चहल संग रिश्ते में खटास की खबरों के बीच धनश्री ने शेयर किया फनी वीडियो, पति के साथ दिखी बेहतरीन केमिस्ट्री



रिश्तों में खटास की खबरों के बीच भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में धनश्री उनसे कहती हैं, 'सुनो मैं मायके जा रही हूं', जिसके बाद युजवेंद्र खुशी से डांस करने लगते है। उनके इस फनी वीडियो में दोनों की केमिस्ट्री देख फैंस काफी खुश हैं। दरअसल, हाल ही में धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से चहल का सरनेम हटा दिया था। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि उनके बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है हालांकि उसके बाद धनश्री ने एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर कर लोगों से अपील की थी कि ऐसे खबरों पर ध्यान न दें।

# स्प्लिट्सविला में सीजन 14 में अब सनी लियोनी के साथ स्क्रीन पर कंटेस्टेंट्स की क्लास लेते नजर आएंगे अर्जुन बिजलानी

**रोडीज सीजन** 1 के विजेता रहे रणविजय अब तक एमटीवी के कई शोज को होस्ट कर चुके हैं, जिनमें से स्प्लिट्सविला पॉपुलर शोज में से एक है। अब तक इस शो के 13 सीजन आ चुके हैं और 14वां सीजन जल्द ही आने वाला है। लेकिन शो के रणविजय शो के इस सीजन को होस्ट नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह अब इस शो को नागिन फेम अर्जुन बिजलानी सनी लियोनी के साथ होस्ट करते नजर आएंगे। बता दें इससे पहले रणविजय ने एमटीवी रोडीज करने भी इनकार कर चुके हैं।



हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में अर्जुन बिजलानी कहा- 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं कि मैं एमटीवी स्प्लिट्सविला 14 का हिस्सा हूं। यह शो हमेशा से ही यूथ में बहुत फेमस रहा है।' एक्टर ने बताया कि वो हमेशा से इस शो के फैन रहे हैं और जल्द ही नए सीजन में सनी लियोनी के साथ शो होस्ट करते हुए नजर आने वाले हैं। उन्होंने उम्मीद की है दर्शक इस सीजन को जरूर पसंद करेंगे।

साल 2008 में एमटीवी स्प्लिट्सविला की शुरुआत हुई थी। शो के पहले सीजन में रणविजय बतौर होस्ट थे। लेकिन इसके बाद साल 2015 तक इस शो को निखिल चिनप्पा ने होस्ट किया था। इसके एक बार फिर रणविजय ने बतौर होस्ट शो में वापसी की और सीजन 13 तक शो हिस्सा रहे, लेकिन एक बार फिर रणविजय को इस शो से रिप्लेस किया गया है।

रणविजय के शो में न होने से उनके फैंस बेहद मायूस हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि बिना रणविजय के रोडीज और स्प्लिट्सविला कुछ भी नहीं है। वो इस शो के स्टार हैं। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा को वो रणविजय को शो में बहुत मिस करते हैं, वो इस शो के असली स्टार हैं। वहीं यूजर्स ने शो में करण कुंद्रा को बतौर होस्ट देखने की इच्छा जाहिर की।

# विजय देवरकोंडा ने लाइगर के बायकॉट पर किया रिएक्ट : बोले- कौन रोकेगा देख लेंगे, यहां डर के लिए कोई जगह नहीं है

**एक्टर विजय** देवरकोंडा ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्मों के बायकॉट ट्रेंड पर रिएक्ट किया है। एक इंटरव्यू में विजय ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइगर' के बारे में बात करते हुए कहा कि कौन रोकेगा देख लेंगे। रिलीज के पहले से ही #BoycottLigerMovie ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। इसके पहले भी सोशल मीडिया पर कई फिल्मों को बायकॉट किया गया है। जिसकी वजह से हालिया रिलीज फिल्मों के बॉक्स-ऑफिस बिजनेस पर काफी असर पड़ा है।

**'लाइगर' के लिए हम लड़ाई लड़ेंगे**

विजय ने बात करते हुए कहा, लाइगर के साथ थोड़ा ड्रामा तो हमने एक्सपेक्ट किया था, लेकिन हम इसका सामना करेंगे। हमने इस फिल्म को बनाने में खून-पसीना एक किया है और मुझे लगता है कि मैं सही हूं। मुझे लगता है कि यहां डर के लिए कोई जगह नहीं है। जब मेरे पास कुछ नहीं था, तब भी मैं नहीं डरा और अब जब मैंने थोड़ा बहुत हासिल कर लिया है, तो मुझे नहीं लगता कि मुझे डरने की जरूरत है। मां का आशीर्वाद है, लोगों का प्यार है, भगवान का हाथ है, अंदर आग है, कौन रोकेगा देख लेंगे।

**विजय ने की स्ट्रगल के दिनों पर बात**

विजय ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया, मुझे लगता है कि जिंदगी ने मुझे लड़ना सिखा दिया है। पहले मुझे सम्मान और पैसे के लिए लड़ना पड़ा, उसके बाद मुझे इंडस्ट्री में अपनी जगह और काम के लिए लड़ना पड़ा। हर फिल्म मेरे लिए किसी लड़ाई से कम नहीं थी। जब मैं अपनी पहली फिल्म कर रहा था, तो हमें इसके लिए प्रोड्यूसर नहीं मिल रहे थे।

**लोग मुझे मेरे काम से जानते हैं**

विजय ने आगे कहा, इसलिए मैंने उस फिल्म में फ्री में काम किया, हमें प्रोडक्शन के खर्चे के लिए पैसा इकट्ठा करना था। उस वक्त मैं इंडस्ट्री में कुछ भी नहीं था। जब मेरी तीसरी फिल्म अर्जुन रेड्डी रिलीज होने वाली थी, उसके पहले हमें प्रोटेस्ट का सामना करना पड़ा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई और लोग आज मुझे फिल्म में मेरे काम की वजह से जानते हैं।




स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'लाइगर' 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म से विजय हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं।

साथ ही यह अनन्या की पहली मल्टी-लिंगुअल फिल्म होगी। इस फिल्म को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम समेत पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को जगन्नाथ, चार्मी कौर, करण जौहर और अपूर्व मेहता ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# आलिया भट्ट ने की नेपोटिज्म क्रिटिसिज्म पर बात

## बोलीं- अगर आप मुझे पसंद नहीं करते हैं, तो मेरी फिल्में मत देखिए



आलिया भट्ट ने हाल ही में उन्हें नेपोटिज्म के लिए क्रिटिसाइज करने वालों को जवाब दिया है। एक इंटरव्यू में आलिया ने कहा कि अगर कुछ लोग उन्हें पसंद नहीं करते हैं, तो फिर उनकी फिल्में देखना बंद कर दें। आलिया को आए दिन नेपोटिज्म की बहस में टारगेट किया जाता है। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के प्रमोशन में बिजी हैं।

**अपने काम से ट्रोल्स का मुंह बंद कर दो-आलिया**

मिड डे के साथ इंटरव्यू के दौरान आलिया से सवाल किया गया कि वो नेपोटिज्म डिबेट और ट्रोलिंग से कैसे डील करती हैं। आलिया ने कहा, इसे डील करने के दो रास्ते हैं। पहला इसे कंट्रोल करके और मैं अपना स्पेस और अपनी जगह साबित कर सकती हूं। मुझे लगता है कि सिर्फ मैं अपनी फिल्मों के जरिए इन ट्रोल्स का मुंह बंद कर सकती हूं। इसलिए रिस्पॉन्ड ही मत करो और न ही बुरा फील करो।

**आलिया का ट्रोल्स से डील करने का तरीका**

आलिया आगे कहती हैं, मुझे भी बुरा लगता था, लेकिन जिस काम के लिए लोग आपसे इतना प्यार करते हैं, आपका सम्मान करते हैं, उसके लिए बुरा महसूस करना एक बहुत छोटी कीमत होगी। मैं चुप रहती हूं, अपना काम करती हूं और घर चली जाती हूं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फिल्म दी है। मैं बोलकर अपना बचाव नहीं कर सकती हूं। अगर आप मुझे पसंद नहीं करते हैं, तो मेरी फिल्में और मुझे मत देखो। इससे ज्यादा मैं क्या ही कर सकती हूं।

**आलिया लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देती हैं**

आलिया ने आगे कहा, लोगों के पास हमेशा कुछ न कुछ कहने के लिए होता है। उम्मीद है कि मैं अपनी फिल्मों के जरिए उन्हें साबित कर पाऊंगी कि मैं उस जगह के लायक हूं, जिस जगह पर मैं हूं। मेरा जन्म ऐसी फैमिली में हुआ, उसे मैं कैसे कंट्रोल कर सकती हूं। मैं कैसे कंट्रोल कर सकती हूं कि मेरे पेरेंट्स का प्रोफेशन क्या था। आप चाहते हैं कि मैं अपने पापा की मेहनत के लिए शर्मिंदगी महसूस करूं। हां मुझे चीजें आसानी से मिली हैं, लेकिन मैं अपने काम के लिए बहुत मेहनत करती हूं।

**'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगी आलिया**

आलिया हाल ही में नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल फिल्म 'डार्लिंग्स' में नजर आई थीं। जसमीत के रीन की निर्देशित फिल्म में शेफाली शाह और विजय वर्मा भी लीड रोल में थे। आलिया पहली बार अपने पति रणबीर कपूर के साथ ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ समेत पांच भाषाओं में रिलीज होगी।




# कुछ आदतों से आपके दांतों में कमज़ोरी व ख़राबी आती हैं



हमने जाने-अनजाने में ऐसी आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है, जो हमारे दांतों को नुक़सान पहुंचा रही हैं।

**बर्फ़ चबाना**

कुछ लोगों में बर्फ़ के टुकड़े यानी कि आइस क्यूब चबाने की आदत होती है। कोल्ड ड्रिंक के गिलास में डली बर्फ़ को भी चबाकर खाते हैं। बर्फ़ के सख्त और अत्यधिक ठंडे टुकड़ों को चबाने से दांतों के किनारे टूट सकते हैं या दांत चटक सकते हैं। लंबे समय के लिए दांतों में झनझनाहट हो सकती है। इसे चबाने के कारण दांत के अंदर मौजूद मुलायम टिश्यूज़ (ऊतकों) पर असर पड़ता है जिससे दांतों में लगातार दर्द हो सकता है। इस आदत को दूर करने के लिए ड्रिंक में बर्फ़ नहीं डालें बल्कि ड्रिंक को ठंडा करके पिएं या स्ट्रॉ से पिएं।

**खट्टे का सेवन**

दांतों के ऊपर सबसे बाहरी परत को एनैमल कहा जाता है, जो हमारे शरीर की हड्डी से भी ज़्यादा मज़बूत होती है। यह दांतों को एसिड और रसायनों से होने वाले नुक़सानों से भी बचाती है। कोई भी खाद्य या पेय पदार्थ जितना ज़्यादा एसिडिक होगा, वह दांतों को उतना ही ज़्यादा नुक़सान पहुंचाएगा।

एसिडिक पेय-खाद्य पदार्थ या खट्टे फलों के नियमित सेवन से दांतों पर चढ़ी एनैमल परत स्थाई रूप से ख़राब हो जाती है।

सोडा से लेकर टमाटर जूस, संतरा जूस, सेब का जूस, अंगूर का जूस, नींबू पानी, अनानास जूस, खट्टे फल, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, शराब, कॉफी, चाय, ये सभी एसिडिक खाद्य पदार्थ में आते हैं। इनका पीएच स्केल 7 से कम होता है जिससे ये सबसे पहले दांतों की एनैमल परत को नुक़सान पहुंचाते हैं। इस परत के ख़राब होने या घिस जाने की वजह से ठंडा या गर्म दांतों पर लगने लगता है, तो झनझनाहट महसूस होती है। दांतों में दर्द भी हो सकता है। दांतों पर गंदे धब्बे पड़ सकते हैं। कीड़े लगने का जोखिम बढ़ जाता है। दांतों के अंदर पस भी पड़ सकता है।



**दांतों से कठोर वस्तु चबाना**

कुछ लोगों को नाखून चबाने या पेंसिल, पेन को मुंह में दबाने की आदत होती है। कपड़ों की सिलाई करने वाले लोग भी सिलाई के दौरान बॉबी पिन को दांतों के बीच रख लेते हैं। महिलाएं बालों को खोलने या बांधने के दौरान पिन मुंह में दबा लेती हैं। इससे दांतों पर ज़रूरत से ज़्यादा दबाव पड़ता है। सबसे पहले मसूड़ों पर इसका असर पड़ता है और दांतों की एनैमल परत को हानि पहुंचती है। नतीजतन दांतों में झनझनाहट पैदा हो सकती है और बाद में दांत टूट भी सकते हैं। दांतों का आकार बदल जाता है। दरार पड़ जाती है या कोई कोना टूट जाता है। कई मामलों में आधा दांत पूरी तरह टूट जाता है।

**मुंह से पैकेट खोलना**

आपके दांत कैंची या औजार नहीं हैं। कुछ लोग कपड़ों में लगा प्लास्टिक का टैग, टेप या धागा दांतों से तोड़ते हैं। खाने के पैकेट को भी दांतों से फाड़कर खोलते हैं। ऐसी आदतें दांतों को नुक़सान पहुंचाती हैं। दांतों में दरार पड़ सकती है या इसके किनारे टूट सकते हैं। इसके अलावा मसूड़ों पर भी इसका असर पड़ता है। ख़ासतौर पर बच्चों में ये आदत दूर करनी चाहिए।



# रेफ्रिजरेटर को लंबे समय तक चलाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**हम सब के** घर में रेफ्रिजरेटर एक ऐसी चीज़ है जिसके बिना किचन का काम करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि हम समय-समय पर इसका ध्यान रखें जिससे यह बिना रिपेयरिंग या रिप्लेस किए सालों तक अच्छा चलता रहे। अपने रेफ्रिजरेटर की सेहत अच्छी रखने के लिए हमें इन बातों पर खास ध्यान देने की ज़रूरत है-




**हर एक साल में रेफ्रिजरेटर डोर की रबर सील बदलें**

फ्रिज के दरवाज़े पर लगी रबर सील को अक्सर गैसकेट कहा जाता है। इसे 12 महीनों के अंदर एक बार चेक करना चाहिए। यदि यह ढीली हो रही हो या कहीं से फट रही हो तो इसे तुरंत बदले। ऐसा नहीं करने से आपका फ्रिज ठंडा नहीं करेगा और कंप्रेसर पर भी लोड आएगा। गैसकेट को डोर से निकालने के लिए-

**रबर सील को बाहर की ओर खींचे मेटल रीटेनर को स्क्रू ड्राइवर से ढीला करें**

गैसकेट को बाहर निकाल कर नया लगा दें और स्क्रू कस दें



**कंडेनसर की कॉइल्स और फैन को हर 6 महीने में साफ करें**

फ्रिज के पीछे मौजूद कंडेनसर कॉइल्स को साल में दो बार साफ करने से फ्रिज की 70 प्रतिशत समस्याएं कम हो सकती हैं। कॉइल्स और फैन में धूल इकट्ठा हो जाने के कारण कंडेनसर सही से काम करना बंद कर देता है जिससे फ्रिज को ठंडा करने में दिक्कत आने लगती है।

**इसे आप ब्रश या वैक्यूम की मदद से साफ कर सकती हैं।**

फ्रीज़र के वेंट्स को लगातार साफ करते रहें

फ्रीज़र के वेंट्स में ब्लॉकेज हो जाने से फ्रीज़र में कूलिंग की समस्या आ सकती है। इससे बचने के लिए वेंट्स को लगातार साफ करें जिससे फ्रीज़र में वेंटिलेशन बना रहे और बिजली की भी बचत हो सके।

**रेफ्रिजरेटर के टेम्परेचर को लगातार चेक करते रहें, इसे बहुत ज्यादा कम न रखें**

फ्रिज की टेम्परेचर कन्ट्रोल सेटिंग्स को लगातार चेक करना जरूरी होता है जिससे फ्रिज पर ज्यादा लोड न पड़े। टेम्परेचर सेटिंग्स को हमेशा 38 से 42 डिग्री फारेनहाइट के बीच में रखें। फ्रीज़र का टेम्परेचर 0 से 10 डिग्री फारेनहाइट के बीच में रखें। इससे आपके फ्रिज की लाइफ भी लंबी बनी रहेगी।

**फ्रिज को हर महीने करें डिफ्रॉस्ट**

नई टेक्नोलॉजी के रेफ्रिजरेटर में ऑटोमेटिक डिफ्रॉस्टिंग हो जाती है, लेकिन पुराने रेफ्रिजरेटर में मैनुअली डिफ्रॉस्टिंग करनी पड़ती है। ऐसा करने से आपके फ्रिज में बिल्ड अप नहीं होता है और फ्रिज कम बिजली खाता है। फ्रिज को डिफ्रॉस्ट करने के लिए-

फ्रिज को बंद कर प्लग निकाल दें

पूरा फ्रिज खाली कर दें और सभी रैक निकाल दें

फ्रिज को आठ घंटे के लिए खुला छोड़ दें

जमी हुई बर्फ को हेयर ड्रायर की मदद से पिघला दें

**फ्रिज में चीजें ऑर्गेनाइज करके रखें**

फ्रिज में सब्जियों और खाने को एयर-टाइट कंटेनर में भर कर रखें जिससे उन्हें ढूंढने में आसानी हो और खाने की बदबू फ्रिज में न फैले।

**ज्यादा देर तक फ्रिज का दरवाजा खुला न रखें**

फ्रिज का दरवाजा ज्यादा देर तक खुला रखने से उसके कूलिंग सिस्टम पर असर पड़ता है। इससे बिजली की खपत भी बढ़ती है और फ्रिज को दोबारा ठंडा होने में ज़्यादा समय लगता है।

**गरम खाना सीधे रेफ्रिजरेटर में न रखें**

खाना अगर गर्म ही फ्रिज में रख दिया जाए तो वह फ्रिज के अंदर का माहौल भी गरम करने लगता है और फ्रिज के अंदर का तापमान कम ठंडा हो जाता है। इससे बचने के लिए खाने को फ्रिज में रखने से पहले ठंडा कर लें जिससे वह फ्रिज के अंदर के तापमान को प्रभावित न करे।

# बच्चे को जगाकर या गहरी नींद में दूध पिलाना खतरनाक

**पेरेंट्स को बच्चे** के खाने-पीने से जुड़ी चिंताएं हमेशा लगी रहती हैं। उन्हें लगता है कि बच्चे को क्या खिलाएं की उसकी सेहत बनी रहे और उनका विकास भी होता रहे। इन बातों को सोचते हुए पेरेंट्स बच्चों के खाने के रूटीन का खास ख्याल रखते हैं। पेरेंट्स को लगता है, थोड़ी-थोड़ी देर में बच्चा दूध पीता रहे। इसलिए सोए बच्चे को भी दूध की बोतल लगाने से पेरेंट्स परहेज नहीं करते हैं। अगर आप भी यह करते हैं, तो अच्छी सोच के साथ किया जाने वाला यह काम बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है।

**नवजात को क्या आप भी थोड़ी-थोड़ी देर में पिलाती हैं दूध?**

डॉक्टर के मुताबिक यह गलत धारणा है कि नवजात या 4 -5 महीने के बच्चे को हर थोड़ी देर में दूध की जरूरत होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। जो बच्चा किसी जटिलताओं के साथ नहीं जन्मता है उसे जन्म के 3 दिन बाद तक थोड़ी-थोड़ी देर में दूध पिलाना जरूरी होता है। वहीं जो बच्चा प्री मैच्योर या ढाई किलो से कम वजन का जन्मता है उसे जन्म के 14 दिन बाद तक थोड़ी-थोड़ी देर में फीडिंग करानी पड़ती है। इसके बाद बच्चे को दो-तीन घंटे के अंतराल में दूध पिलाएं।



**जन्म के कुछ दिनों बाद तक छोटे गैप में क्यों पिलाया जाता है दूध?**

डॉक्टर बताती हैं कि जन्म के बाद शुरुआती दिनों में बच्चे के शरीर में लिवर डेवलप हो रहा होता है। बच्चे का दूध पीना और इसका पेट हमेशा भरे रहने से लिवर का सही विकास हो पाता है। अगर इस दौरान बच्चे की फीडिंग में लापरवाही बरती गई, तो उसे स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही लिवर भी कमजोर या अविकसित रह सकता है। यही वजह है कि जन्म के बाद बच्चे को शुरुआती कुछ दिनों के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में दूध पिलाने की जरूरत पड़ती है।

**जब बच्चा कुछ महीने का हो जाए, तब कैसा हो उसके दूध पीने का रूटीन?**

जब बच्चा चार महीने की उम्र पार कर ले, तब उसे तीन से चार घंटे के गैप में दूध पिलाना ठीक रहता है। अगर बच्चा सो रहा है, तो उसके उठने का इंतजार करें, न कि उसे जगा कर दूध पिलाएं। डॉ. सिंघल के मुताबिक पेरेंट्स में यह गलतफहमी रहती है कि बच्चे का पेट हमेशा भरा नहीं रहेगा, तो उसके मानसिक या शारीरिक विकास में अड़चन आ सकती है।

**एक साल की उम्र के बाद, क्या आधी रात में बच्चे को दूध पिलाना जरूरी है?**

एक साल की उम्र के बाद बच्चा रातभर आराम से सोता है। जिन पेरेंट्स को यह डर होता है कि बच्चा आधी रात में उठकर भूख से रोएगा और इसलिए रात में एक से दो बार उसे दूध पिलाते हैं, वे असल में बच्चे को नुकसान पहुंचा रहे होते हैं। डॉ. सिंघल कहती हैं कि इससे बच्चे के दांत खराब होते हैं, दूध पचाने की क्षमता प्रभावित होती है, इसलिए सिर्फ अपने मन को संतुष्ट करने के लिए नींद में बच्चे को बार-बार दूध न पिलाएं।

**बच्चे को नींद से जगा कर या गहरी नींद के दौरान दूध पिलाने के क्या हैं नुकसान?**

बच्चा चाहे ब्रेस्ट फीडिंग पर हो या फॉर्मूला मिल्क पर, जब वह नींद में दूध पी रहा होता है, तो दूध में मौजूद चीनी मुंह में घंटों रहती है, जिसकी वजह से कम उम्र में दांत सड़ने लगते हैं। यह आगे चलकर डायबिटीज का कारण हो सकती है या फिर बच्चे का डाइजेशन इससे प्रभावित हो सकता है। इससे उनकी नींद डिस्टर्ब होती है, जिसका असर उनके विकास पर पड़ता है।

# बुज़ुर्गों पर हो रहे दुर्व्यवहार के लिए क़ानून या संगठनों से मदद ले सकते हैं

**जब हमारे आसपास** बुज़ुर्गों के साथ बदसलूकी होती है, तो हम उनकी मदद करना चाहते हैं पर हमारी मदद उनकी मुश्किलें न बढ़ा दे इसलिए सीधे तौर पर दख़ल न करते हुए क़ानूनी तौर पर मदद करें।

कई बार जब बूढ़े माता-पिता बच्चों पर निर्भर होते हैं या अपना घर और संपत्ति बच्चों को दे चुके होते हैं, तो कुछ मामलों में उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। बुज़ुर्ग अपने ही बच्चों के हाथों आए दिन प्रताड़ित और अपमान का शिकार होते हैं। एक सर्वे के मुताबिक़, लगभग 75 प्रतिशत बुज़ुर्गों को किसी न किसी रूप में दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। हेल्पएज इंडिया के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत क्रूरता या दुर्व्यवहार बेटों द्वारा किया जाता है। ऐसे में जानिए कि बुज़ुर्ग कैसे सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

**शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना**

बुज़ुर्गों को मारना और धक्का देना शारीरिक दुर्व्यवहार है। इसके अलावा मौखिक दुर्व्यवहार और मानसिक रूप से परेशान करना भी इसी के अंतर्गत आता है, जैसे ताने देना, जवाब न देना, अपमान करना आदि। इसके अलावा बुज़ुर्गों को वित्त संबंधी दिक़्क़तों जैसे ख़र्च के लिए पैसे न देना, उनकी जायदाद अपने नाम करने का दबाव डालना, पैसे छीन लेना आदि से जूझना पड़ता है। ऐसे में आसपास के लोग उनकी मदद कर सकते हैं। उस वक़्त वो मामला सुलझ गया लग सकता है, लेकिन मुमकिन है कि हमारे दख़ल देने के कारण उन्हें बाद में घर के अंदर ज़्यादा प्रताड़ित किया जाए। अतः सीधे तौर पर उनकी सहायता न करते हुए क़ानून की मदद ली जा सकती है। बुज़ुर्ग भी अपनी मदद ख़ुद कर सकते हैं।



**दुर्व्यवहार पर सज़ा**

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 में माता-पिता की देखभाल के साथ यह भी प्रावधान है कि वृद्ध अभिभावक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कोर्ट बच्चों को माता-पिता की देखभाल करने का आदेश देने के साथ ही हर महीने 10 हज़ार रुपए गुज़ारा भत्ता भी देने के लिए आदेश दे सकता है। वहीं 3 से 6 महीने की जेल की सज़ा का प्रावधान भी है। अब संतान की परिभाषा में बहू और दामाद भी शामिल होंगे। उनके लिए भी वही क़ानून लागू होगा।

**भरण पोषण का अधिकार**

बूढ़े माता-पिता दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अधीन भी अपने बच्चों से गुज़ारा भत्ता मांग सकते हैं। भरण पोषण पाना बच्चों के आगे हाथ फैलाना नहीं, बुज़ुर्ग का अधिकार है।

**मदद के लिए हेल्पलाइन**

वृद्ध जन के लिए हेल्प लाइन नंबर भी मौजूद है। यदि बुज़ुर्ग को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, तो वे 100 और 112 नंबर पर सहायता के लिए कॉल कर सकते हैं। यदि वृद्ध व्यक्ति के साथ उनके परिजन, बच्चे या बहू शिकायत के बाद भी दुर्व्यवहार करते हैं या इस अधिनियम के भय से घर वापस तो लेकर आते हैं परंतु पुनः वही स्थिति उत्पन्न करते हैं तो इसमें भी बुज़ुर्गों को मदद मिल सकती है। बुज़ुर्ग व्यक्ति या दंपती ने जिस ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) का सहारा लिया था उस संगठन से इस बात की आशंका जता सकते हैं और वह संस्था समय-समय पर उनकी खोज-ख़बर कर सकती है। ट्रिब्यूनल ख़ुद भी उन वरिष्ठ नागरिकों की जानकारी मंगा सकती है जिन्होंने अपनों से संबंधित दुर्व्यवहार की शिकायत की थी।

**साथ न रहना हो**

उपरोक्त प्रावधानों के अतिरिक्त परिस्थितियां अत्यधिक ख़राब होने की स्थिति में वरिष्ठ नागरिक वृद्धाश्रम की शरण ले सकते हैं। यदि बुज़ुर्ग दंपती की संतान उनसे छल से संपत्ति अपने नाम पर करा लेती है और भरण पोषण नहीं देती, तो ट्रिब्यूनल उस अंतरित संपत्ति का कपटपूर्वक अंतरण मानेगा और वापस बुज़ुर्ग को सौंप दिया जाएगा। उचित पुलिस अधिकारी को मामले की कार्यवाही के निर्देश भी दिए जा सकते हैं। इसके बावजूद यदि वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार बंद नहीं होता है, तो वह दांडिक अधिनियम सीआरपीसी के अंतर्गत भी वाद दायर कर राहत प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें सिर्फ़ एक प्राधिकृत पुलिस या मजिस्ट्रेट के समक्ष एक परिवाद दायर करना पड़ेगा और किसी न्याय मित्र की सहायता से उन्हें अधिकार मिल जाएगा।

**ऐसे भी करें मदद**

वरिष्ठ नागरिकों की मदद करने वाले कुछ गैर सरकारी संगठन हैं। ये एनजीओ उन्हें विभिन्न तरह की मदद देने के अलावा स्थानीय पुलिस, वृद्धाश्रम और अन्य सेवाओं से जुड़ने में सहायता भी करते हैं।

# घरेलू सहायक के रिश्ते को मज़बूत बनाने के लिए टिप्स

**जहां विगत** वर्षों की आपदा ने हर इंसान को घर का काम करने की प्रेरणा दी है, वहीं घरेलू कामगारों की अहमियत भी समझ आई है। इन्हें सेवक कहा जाता रहा है, कामगार भी, लेकिन दरअसल ये हैं सहायक। इनका ध्यान रखना हमारी भी ज़िम्मेदारी है।

हमारे घरों में बचपन से देखा गया है कि कोई एक व्यक्ति है जो हमारे घर के कामों में हमारी मां, पिताजी और सबकी मदद करता है। होने को तो वो भी हमारी तरह एक इंसान ही है, जो हमारे लिए इतने सारे काम करता है बस फ़र्क़ इतना है कि उस इंसान को हमने नौकर के नाम से नवाज़ा। मेरे हिसाब से नौकर शब्द का सकारात्मक पहलू यह भी हो सकता है- नौकर अर्थात नौ + कर (हाथ) से काम करने वाला/वाली। जानिए, कुछ बातें जो आपके और घरेलू सहायक के रिश्ते को मज़बूत बनाने के लिए ज़रूरी हैं।

**अपना बर्ताव अच्छा रखें**

सदा सहायक या सहायिका से धीमी आवाज़ में बात करें। उनसे कोई भूल हो जाए, तो बजाय उसी समय या सबके सामने ज़ोर से डांटने के, उन्हें अलग ले जाकर सब्र से बात करें। आप उनके मान का ख़्याल रखेंगे, तो वे भी आपका मान करेंगे। भूल का दोहराव ना हो, यह ज़रूर सुनिश्चित करने का वादा लें।

**घर के अनुशासन की जानकारी दें**

किसी भी नए व्यक्ति को रखने के पूर्व उसे काम के बारे में, तौर-तरीक़े के बारे में और उसके साथ ही कार्यों की सीमाएं भी ज़रूर बताएं। घर का अनुशासन यदि उसको पता होगा और वो उसी तरीक़े से काम करेगा तो इससे उसको आपकी अपेक्षाओं और उम्मीदों का पता रहेगा। बार-बार भूल करने या लापरवाही बरतने, बेअदबी करने जैसी ग़लतियों को नज़रअंदाज़ भी ना करें। साथ की मज़बूती के लिए, जहां आपका बेहद सख़्त होना ज़रूरी नहीं, वहीं बेहद नर्म होना भी मुश्किल में डाल सकता है।

**सावधानी में समझदारी है**

आज के दौर में सुरक्षा भी एक बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। अपनों की सुरक्षा के लिए सहायक रखने की सूचना संबन्धित पुलिस थाने में अवश्य दें एवं उसको भी यह बात स्पष्ट बता दें। ध्यान रहे कि अपनी जानकारी उतनी ही दी जाए जितनी आवश्यक है क्योंकि नए व्यक्ति को पहले परखा जाना चाहिए फिर उस पर विश्वास करना चाहिए। हालांकि, किसी अंदेशे के चलते, कामगारों के ज़रूरी काग़ज़ात को ज़ब्त करके रख लेना भी ठीक नहीं है। भरोसा दो तरफ़ा होना चाहिए।



**पूरी तहकीकात कर लें**

दो लोगों के रिश्ते की मज़बूती के आधार में परिवार वालों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं होती हैं। इसीलिए ज़रूरी है कि आप अपने सहायक/सहायिका के सम्पूर्ण परिवार के बारे में जानकारी रखें। इसके दो फ़ायदे हैं, एक तो यह कि उसको भी अपनापन महसूस होगा कि कोई उसके परिवार के बारे में भी जानना चाहता है और दूसरा ये कि तहकीकात के दौरान उसको रखने के फैसले को हर तरह से समझ लेना ज़रूरी है क्योंकि उससे आपको उसका पिछला रिकॉर्ड भी पता चल जाएगा, साथ ही उसका अपने परिवार के प्रति व्यवहार देख कर भी आप ये तय कर सकते हैं कि उसके मन के भाव लोगों के प्रति कैसे हैं।

**आवश्यक सुविधाएं अवश्य दें**

उसको मूलभूत आवश्यक सुविधाएं जैसे घर में बैठने या आराम करने का कोई स्थान, वहां बिजली की सुविधा, पानी, उसके स्वयं के लिए कुछ वक़्त आदि ज़रूर दें ताकि उसपर अभाव का प्रभाव ना पड़े। इन दी गई सुविधाओं का समय-समय पर आप निरीक्षण भी करते रहें। ऐसा करने से एक-दूसरे के प्रति सजगता बढ़ेगी।

**मानवता का रिश्ता रखिए**

घरेलू कामगार के जन्मदिन का ध्यान रखिए। अगर वो छुट्टी मांगे, तो मना ना करें और हो सके तो कोई तोहफ़ा दें। समय-समय पर हम कामगारों को वस्तुएं व खाद्य-पदार्थ देते रहते हैं लेकिन उनको परिजन मानते हुए अगर बाकायदा रंगीन काग़ज़ में लिपटे तोहफ़े देंगे, तो उन्हें ख़ास महसूस होगा।


**इनकी कर लें तसल्ली**

घरेलू सहायक रखते समय हम जिस तरह उनके पूर्व कामों या घरों के अते-पते की जानकारी लेते हैं, उनके प्रमाण पत्र या आधार आदि की फोटोकॉपी लेकर तसल्ली करते हैं, वैसी ही तसल्ली कामगारों को भी चाहिए होती है। उन्हें काम समझाते समय ही अवकाश, वेतन के दिन, घर के लोगों के परिचय आदि के बारे में स्पष्टता दे दें। अगर काम करते हुए साल भर हो जाएगा, तो क्या वेतन वृद्धि देंगे, अतिरिक्त काम का अलग से भुगतान करेंगे या वार-त्योहार छुट्टियों की कैसी व्यवस्था रखेंगे, इस बारे में भी अगर कोई आश्वस्ति दे सकेंगे, तो कामगार काम की इज़्ज़त करेंगे।

**आप भी रखें ख़्याल**

- किसी महिला कामगार के घर में काम करते समय घर के पुरुषों को शालीन वस्त्र पहनने को कहें।

- घरेलू कामगारों की निजता का सम्मान करें। - उनके खाने-पीने के लिए जो बर्तन दें, वे अच्छी अवस्था में हों। टूटे-फूटे बर्तनों में खाना देना अपमानजनक होता है। - अगर वे घर के मामलों में बोलें, तो उनको झिड़कने की बजाय, शांति से समझा दें कि वे दख़ल न दें। - घरेलू सहायक को इतनी तसल्ली होनी चाहिए कि किसी भी समस्या के होने पर वे आपसे बात कर सकते हैं।



## एलन मस्क ने अपने दोस्त ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी को कोर्ट में हाजिर होने का नोटिस भेजा

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने अपने दोस्त और ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी को अदालत में हाजिर होने का नोटिस भेजा है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार यह समन मस्क के ट्विटर सौदे से पीछे हटने



पर शुरू हुई कानूनी कार्रवाई के संबंध में भेजा गया है। इसके तहत डोर्सी को गवाही के लिए अदालत में आना होगा। मस्क ने 44 अरब अमेरिकी डॉलर में ट्विटर के अधिग्रहण का सौदा किया था, हालांकि बाद में वह अपनी पेशकश से पीछे हट गए। ट्विटर और मस्क के बीच इस विवाद पर 17 अक्टूबर को डेलावेयर की अदालत में सुनवाई होनी है, जहां यह तय किया जाएगा कि सोशल मीडिया कंपनी अरबपति कारोबारी को अधिग्रहण के लिए मजबूर कर सकती है या नहीं। इस संबंध में डोर्सी के वकील को भेजे गए सवालों के जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं आए थे।

# दो दिनों की गिरावट के बाद संभला बाजार

### सेंसेक्स 257 अंक ऊपर, निफ्टी 17550 के पार

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन ऐसे तो शेयर बाजार लाल निशान में खुला पर धीरे-धीरे बाजार बाजार का मूड सुधरने लगा। जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार में दो दिनों की गिरावट के बाद हरियाली लौटने लगी। मंगलवार को कारोबार बंद होते समय सेंसेक्स 257.43 अंकों की उछाल के साथ 59,031.30 अंक पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, निफ्टी में पिछले दिन की तुलना में 86.80 अंकों की बढ़ दिखी। बाजार बंद होते समय निफ्टी इंडेक्स 17,577.50 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा था। मंगलवार के कारोबारी सेशन में एमएंडएम के शेयरों में चार प्रतिशत तक की बढ़त दिखी जबकि अदाणी पावर के शेयरों में पांच प्रतिशत की गिरावट दिखी। इससे पहले बाजार खुलते समय मंगलवार (23 अगस्त) को बाजार में मंदी का माहौल रहा। सेंसेक्स 374 अंक लुढ़ककर खुला जबकि निफ्टी में 117 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले एसजीएक्स निफ्टी ने 49 अंकों की



कमजोरी के साथ बाजार भारतीय बाजार में कमजोरी के संकेत दे दिए थे। इसमें 0.28 अंकों की गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कड़े फैसले और वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में नरमी को लेकर बाजार में चिंता है इससे बजार फिसलता दिखा। वहीं, डॉलर के मजबूत होने से आईटी सेक्टर के शेयर कमजोर हुए हैं। निफ्टी का आईटी इंडेक्स 1.66% तक कमजोर हुआ।

# भारतीय रिजर्व बैंक: एक नियामक के रूप में हमारा काम दिशा-निर्देश जारी करना

### बैंकों के स्वामित्व पर आरबीआई गवर्नर ने कहा

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग क्षेत्र के नियामक के रूप में स्वामित्व के मामले में तटस्थ है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को एक मीडिया हाऊस के साथ बातचीत में ये बातें कही है। बता दें कि आरबीआई की ओर से इसी महीने जारी बुलेटिन में कहा गया कि सरकार को बैंकों के निजीकरण में धीमा रुख अपनाना चाहिए। इससे फाइनेंशियल इनक्लूजन के सामाजिक लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि बाद में आरबीआई की ओर कहा गया था कि ये लेखक के 'निजी विचार' हैं। जरूरी नहीं है कि आरबीआई उससे सहमत हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि एक नियामक के रूप में



हम दिशा-निर्देश तय करते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि उन दिशा-निर्देशों का पालन हो जिसे बैंकिग क्षेत्र सुव्यवस्थित तरीके से अपना काम करता रहे। आरबीआई गवर्नर के अनुसार बैंक मजबूत होते हैं, वे बेहतर तरीके से पूंजीकृत होते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके वित्तीय मानदंड मजबूत हों। आरबीआई गवर्नर ने एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में कहा है कि हम बैंकों स्वामित्व के प्रति अज्ञेयवादी हैं, हम इस मामले में तटस्थ हैं। उनपर मालिकाना हक किनका है एक नियामक के रूप में हमें इससे कोई खास मतलब नहीं है। यह बैंक के स्वामियों को तय करना होता है कि वे कितनी शेयरहोल्डिंग रखते हैं या किसी दूसरे को कितनी शेयरहोल्डिंग देते हैं? वे अपनी शेयर होल्डिंग सार्वजनिक करें या फिर जिसे चाहे दें एक नियामक के तौर पर हम तटस्थ हैं। हमारी ओर से जारी दिशा-निर्देश भी स्वामित्व के मामले में तटस्थ होते हैं।

## ईडी ने दो अचल संपत्तियों के साथ 3.68 करोड़ रुपये की राशि जब्त की

### फर्जी भुगतान लेने का मामला

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने राजधानी दिल्ली में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने दिल्ली स्थित दो अचल संपत्तियों को जब्त करने के साथ-साथ स्नेह इंटरप्राइजेस और उसकी प्रोप्राइटर स्नेह रानी के खातों में पड़ी 3.68 करोड़ रुपये की राशि भी अटैच की है। ईडी की ओर से ये कार्रवाई पीएमएलए एक्ट 2002 के तहत की गई है।

यह मामला डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर फॉर ऑप्थॉलमिक साइंसेज, एम्स से फर्जी तरीके से भुगतान पाने से जुड़ा है।

# शहर की 2050 तक की जरूरतों का ध्यान रखेगी विकास योजना

### ऐसे खींचा जा रहा नए गोरखपुर का खाका

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। अगले करीब 30 साल यानी 2050 तक की जरूरतों और बदलाव को ध्यान में रखकर शहर के सुनियोजित विकास के लिए गोरक्षनगरी की नगर विकास योजना (सीडीपी) को तैयार किया जा रहा है। इसमें विकास से लेकर यातायात, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अगले महीने के आखिरी सप्ताह तक प्रस्ताव पूरा हो जाने की उम्मीद है, जिसके बाद इसे शासन को भेज दिया जाएगा। शासन ने गोरखपुर सहित 14 शहरों के नगर विकास की योजना बनाने का निर्देश दिया था। कंसलटेंसी फर्म के चयन के बाद गोरखपुर में भी कार्ययोजना बनाने का काम शुरू कर दिया गया। सीडीपी, जीडीए की नई महायोजना में शामिल क्षेत्र के आधार पर तैयार किया जा रहा है। यानी शहर के आस-पास के इलाके जो सीमा विस्तार के बाद



जीडीए में शामिल हुए हैं, वहां के विकास का भी पूरा खाका तैयार किया जा रहा है। इस सिलसिले में 19 अगस्त को हुई बैठक में कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने योजना बनाने का काम तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। शहर के विकास के लिए तैयार की जा रही इस कार्ययोजना में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सुझाव देने और बाद में इसे मूर्तरूप देने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीडीपी के लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) को नोडल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सीडीपी में पुराने शहर को नए सिरे से विकसित करने की कार्ययोजना शामिल होगी। इसके साथ ही फलमंडी, ट्रांसपोर्टनगर, वेयर हाउस के शहर से बाहर ले जाने का भी जिक्र होगा। नया गोरखपुर की कार्ययोजना में आध्यात्मिक शिक्षा, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट (टीडीपी), पार्किंग को लेकर नीति, मीटर के जरिए जलापूर्ति, सोलर ऊर्जा का प्रयोजन, शून्य उत्सर्जन, सभी विभागों के बीच सूचना साझा करने के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, नगर दिवस समारोह, जोनल प्लान, पीपीपी माडल नीति, सीवर व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट रिसाइकिलिंग के उपचार के नए तरीके, पर्यटन विकास को भी सीडीपी में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही गीडा में फूड प्रोससिंग पार्क की संभावनाएं एवं 2050 तक शहर के स्वावलंबन की संभावनाओं जैसे अनेक बिन्दुओं को इस कार्ययोजना में समाहित किया जाएगा।

# अकासा एयर, एयर इंडिया जैसी कंपनियां ज्योतिरादित्य सिंधिया का यह बयान सुनकर हो जाएंगी खुश

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। कोविड-19 की वजह से जिन कुछ सेक्टर को गहरी चोट पहुंची थी। उनमें से एविएशन सेक्टर एक था। लेकिन जैसे-जैसे परिस्थितियां फिर नॉर्मल हो रही हैं, वैसे-वैसे हवाई सफर करने वालों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिल रही है। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया के नए बयान ने अकासा, एयर इंडिया सहित एविएशन सेक्टर की सभी कंपनियों को खुश कर दिया होगा। मंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ सालों में यात्रियों की संख्या में तेज इजाफा होगा।



सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले सात से 10 वर्षों में कुल 40 करोड़ से अधिक हवाई यात्री होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू एयरलाइंस के लिए वृद्धि के जबरदस्त अवसर हैं और इन कंपनियों के पास पांच वर्षों में कुल 1,200 विमानों का बेड़ा होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या सात से 10 वर्षों में दोगुनी होकर 40 करोड़ होने की उम्मीद है। महामारी से पहले भारत में हवाई यात्रियों की संख्या करीब 20 करोड़ थी। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में सिंधिया ने कहा कि देश में 2026 तक हेलिपोर्ट और एयरोड्रोम सहित कुल 220 हवाई अड्डे होने का अनुमान है।

## मार्च तक छह फीसदी के नीचे आ सकती है महंगाई

### दिसंबर तक रेपो दर में 0.60 फीसदी इजाफा कर सकता है भारतीय रिजर्व बैंक



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। खुदरा महंगाई भले ही पिछले तीन महीने से घट रही है, लेकिन अगले साल मार्च तक ही इसके छह फीसदी से नीचे आने की उम्मीद है। वहीं, उच्च महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई दिसंबर तक रेपो दर में 0.60 फीसदी तक वृद्धि कर सकता है। बार्कलेज के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) राहुल बजोरिया ने कहा कि महंगाई पर काबू पाने के लिए अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी आक्रामक रुख अपना सकता है। सितंबर व दिसंबर में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की होने वाली बैठक में आरबीआई रेपो दर दो बार में 0.50 फीसदी बढ़ा सकता है।

वहीं, कुछ विश्लेषकों का मानना है कि सितंबर में होने वाली एमपीसी की बैठक में नीतिगत दर में 0.50 फीसदी वृद्धि हो सकती है। वैश्विक मंदी की चिंताओं और केंद्रीय बैंकों के आक्रामक रुख के बीच मांग घटने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अक्तूबर के लिए ब्रेंट क्रूड का भाव 1.6 फीसदी की गिरावट के साथ 95.12 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई का सितंबर वायदा भाव 1.7 फीसदी नरमी के साथ 89.21 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सोने-चांदी की कीमतों में बदलाव, 55000 के नीचे आया चांदी का भाव

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। आज यानी मंगलवार को सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के हाजिर भाव में बदलाव देखने को मिल रहा है। आज 24 कैरेट सोना 51430 रुपये पर खुला, जो सोमवार के बंद रेट से महज 34 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा है। वहीं, चांदी 281 रुपये गिरकर 54829 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4824 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 21189 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 51224 रुपये पर पहुंच गई है। जबकि, 22 कैरेट 47110, 18 कैरेट 38573 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30087 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1542 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 52972 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा यानी 5297 रुपये जोड़ने के बाद सोने का भाव 58270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 56473 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब



62121 रुपये में देगा। 24 कैरेट का सोना 22 या 18 कैरेट सोने से बहुत अधिक महंगा होता है। यह इतना मुलायम और लचीला होता है कि इससे गहने नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा 24 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल सिक्कों व बार बनाने और इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइसेज में उपयोग किया जाता है। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58036 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48523 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53375 रुपये का पड़ेगा। जहां तक 22 कैरेट सोने की बात है तो इसका अधिकतर उपयोग आभूषण बनाने में किया जाता है। क्योंकि, इस गोल्ड की बनी ज्वेलरी ज्यादा मजबूत बनती हैं। इसे 91.67 फीसद शुद्ध सोने के तौर पर जाना जाता है। इसमें दूसरी धातुएं जैसे ल्विर, जिंक, निकल और दूसरी मिश्रित धातुएं होती हैं। मिश्रित धातुओं के होने से यह कठोर बनता है और इसलिए इसे ज्वैलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 39730 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43703 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट सोने में 75 फीसद गोल्ड और 25 फीसद दूसरी धातुओं जैसे तांबा, चांदी मिला होता है। ऐसे सोने को स्टोन स्टडेड गहने बनाने और दूसरी डायमंड जुलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह 24 और 22 कैरेट के मुकाबले सस्ता व ज्यादा मजबूत होता है। इसका रंग हल्का पीला होता है। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30087 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34088 रुपये का पड़ेगा। बता दें 14 कैरेट के सोने में 58.1 फीसद शुद्ध सोना और बाकी दूसरी धातुओं का मिश्रण होता है। हालांकि, इसका भारत में ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

## इन्फोसिस ने जून तिमाही के लिए कर्मचारियों का 'वैरिएबल-पे' घटाया

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी इन्फोसिस ने मर्जिन में कमी और कर्मचारियों की उच्च लागत के बीच जून तिमाही के लिए कर्मचारियों के औसत




'वैरिएबल-पे' को घटाकर लगभग 70 प्रतिशत कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विप्रो ने भी हाल में मार्जिन घटने और प्रौद्योगिकी में निवेश के कारण कर्मचारियों के 'वैरिएबल पे' को रोक दिया था। इसके अलावा टाटा कंसल्टंसी सर्विसिस ने भी कुछ कर्मचारियों के तिमाही वैरिएबल-पे को एक महीने के लिए टाल दिया है। सूत्रों के अनुसार, इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए वैरिएबल-पे को घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया है और कर्मचारियों को भी इस बारे में सूचित कर दिया है। इस संबंध में भेजे गए ई-मेल का इन्फोसिस ने फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया। इन्फोसिस ने बढ़ती लागत के बीच पिछले महीने जून तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। यह हालांकि, कंपनी के अनुमान से कम था।

# इंसान 10,000 साल से पी रहा

### दूधपचा नहीं पाया:लैक्टोज इनटॉलरेंस हो सकती है जानलेवा, नन्हा सा जीन लड़ता है पचाने की जंग

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। करीब 10 हजार साल पहले इंसान ने जानवरों का दूध पीना शुरू किया और आज तक इसे पचाने की कोशिश कर रहा है। दुनिया भर में लाखों इंसान ऐसे हैं जो दूध पीकर पचा नहीं पाते हैं। जो लोग इसे पचा लेते हैं, उनकी मदद करता है एक खास जीन। आइए जानते हैं, दूध पीने और उसे पचाने के दिलचस्प सफर को। एक्ट्रेस कियारा आडवाणी दूध-दही नहीं पी पाती हैं। मिल्क प्रोडक्ट्स खाते ही उन्हें दिक्कत होने लगती है। कुछ समय पहले उन्होंने खुलासा किया था कि वह लैक्टोज इनटॉलरेंट हैं। इसके चलते वह दूध-दही पीने की जगह उनका इस्तेमाल घरेलू नुस्खों में करती हैं, ताकि उनकी स्किन और बाल हेल्दी बने रहें। कियारा की तरह ही हॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर माइली साइरस और कर्टनी कर्दाशियां भी लैक्टोज इनटॉलरेंस के चलते डेयरी प्रोडॅक्ट्स का इस्तेमाल छोड़ चुके हैं। इन्हीं की तरह, दुनिया के आधे से ज्यादा वयस्कों को दूध और उससे बने दूसरे प्रोडॅक्ट्स खाते ही खासकर पेट से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। सबसे पहले दूसरे जानवरों का दूध पीना शुरू करने वाले इंसानों को होने वाली ऐसी परेशानी की वजह क्या है? हरियाणा की शिला बचपन से रोजाना दूध पीती थीं। दही, पनीर मक्खन, घी, खोया जैसी चीजें उनकी डेली डाइट में शामिल थीं। अचानक उन्हें खाना पचना बंद हो गया। उल्टी, सिरदर्द, लूज मोशन होने लगे। डॉक्टर को दिखाया तो पता लगा कि उन्हें लैक्टोज इनटॉलरेंस है। डॉक्टर ने उन्हें जिंदगी भर दूध, पनीर, घी, मक्खन, दही जैसी चीजों से परहेज करने की सलाह दी। यह परेशानी हजारों साल से चली आ रही है। अधिकतर लोगों को इस बारे में पता ही नहीं होता। फिर भी हमारा शरीर हमारे जीन में बदलाव लाकर हमें दूध-दही खाने लायक बना रहा है और यह जीतोड़ कोशिश हजारों बरसों से चल रही है। इसकी भी एक दिलचस्प कहानी है, जिसमें हैं कुछ अनूठे किरदार, थोड़ा सा केमिकल लोचा और ढेर सारा एक्शन-रिएक्शन। आइए-पहले जानते हैं गले से उतरकर पेट में दूध के पचने या न पचने की कहानी। लैक्टोज एक तरह की चीनी होती है, जो दूध और दूसरे डेयरी प्रोडॅक्ट्स में नेचुरल रूप से पाई जाती है। आपने भी दूध पीते समय उसमें हल्की सी मिठास तो महसूस की होगी। यह मिठास इसी लैक्टोज की वजह से आती है। मां के दूध में लैक्टोज की मात्रा ज्यादा होती है, वहीं गाय, भैंस और बकरी जैसे पशुओं के दूध में थोड़ी कम होती है।जब हम दूध या उससे बनी कोई दूसरी चीज खाते हैं, तो कई लोगों का शरीर उसमें मौजूद लैक्टोज पचा नहीं पाता। ऐसी चीजों को खाने के बाद लोगों को पेट में तेज दर्द, ब्लोटिंग, गैस, डायरिया जैसी परेशानियां होती हैं। इसे ही डॉक्टरी भाषा में लैक्टोज इनटॉलरेंस कहते हैं। हर व्यक्ति पर इसका असर अलग-अलग होता है। किसी को हल्की-फुल्की दिक्कतें होती हैं, तो किसी को दूध पीते ही डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। ऐसे लोग भी हैं, जो दूध से बनी मिठाइयां आसानी से गप्प करते जाते हैं, गटागट दूध पीते हैं, लेकिन उनका पेट सब हजम कर लेता है। आखिर ऐसा क्यों है, आइए समझते हैं। किसी का शरीर लैक्टोज पचा पाता है और किसी का नहीं, इसकी भी एक वजह है। इस वजह का नाम है एलसीटी यानी लैक्टेज जीन। यह जीन छोटी आंत में लैक्टेज नाम का ही एंजाइम बनाता है।

# सस्ती बिजली से राज्यों पर एक लाख करोड़ कर्ज:महाराष्ट्र पर 19000 करोड़ बकाया

### मप्र को चुकाने हैं 5000 करोड़; बिजली पर सब्सिडी कितनी सही?

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रीबीज के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। इन फ्रीबीज में भारत में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील मुद्दा बिजली सब्सिडी का है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार मुफ्त बिजली देती है। पंजाब चुनाव में आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली का वादा किया था। कई अन्य राज्यों में भी बिजली पर सब्सिडी दी जाती है। उधर, देश में पूरा बिजली सेक्टर घाटे में है और ज्यादातर वितरण कंपनियों के कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सब्सिडी का इनएफिशिएंट स्ट्रक्चर ही बिजली क्षेत्र में घाटे के लिए जिम्मेदार है? सरकारों का बिजली पर सब्सिडी देना सही है या नहीं? बिजली कंपनियों को हो रहे नुकसान से निपटने के लिए सरकार क्या कर रही है? अगर ऐसे ही बिजली कंपनियों को नुकसान होता रहेगा तो भविष्य का इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे मजबूत होगा? तो चलिए बिजली सब्सिडी से जुड़े ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब जानते हैं... किसी भी



चीज पर सरकार की तरफ से दी जाने वाली छूट को सब्सिडी कहते हैं। यह सरकार के नॉन-प्लान्ड खर्चों का एक हिस्सा होता है। दुनियाभर में सरकारें अपने नागरिकों को अलग-अलग चीजों पर सब्सिडी देती है। भारत में प्रमुख सब्सिडी पेट्रोलियम, फर्टिलाइजर, फूड, इलेक्ट्रिसिटी पर मिलती है। कई अर्थशास्त्री कहते हैं, अगर सब्सिडी किसी देश की समग्र अर्थव्यवस्था में सुधार करने में विफल रहती है, तो सब्सिडी एक विफलता है। बिजली सब्सिडी कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं के साथ पावर और हैंडलूम जैसे कुटीर उद्योगों और ग्राम पंचायतों को दी जाती है। इसके अलावा कई राज्यों में इंडस्ट्री और बिजनेस को भी बिजली सब्सिडी दी जा रही है। वसुधा फाउंडेशन के सीईओ श्रीनिवास कृष्णास्वामी कहते है कि जैसे जैसे बिजली की खपत बढ़ती है वैसे वैसे सब्सिडी कम होती जाती है और टैरिफ बढ़ता है। ऐसे में अधिक खपत वाले कई उपभोक्ताओं को बिजली ऊंची दर पर मिलती है।पावर मिनिस्ट्री के आंकड़ों से पता चलता है कि 36 में से 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश उपभोक्ताओं को सब्सिडी वाली बिजली प्रदान कर रहे हैं, जिसमें कम से कम 1.32 लाख करोड़ रुपए देश भर में अकेले 2020-21 वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक ने 36.4% या 48,248 करोड़ की सबसे ज्यादा बिजली सब्सिडी दी। तीन साल के डेटा एनालिसिस से पता चलता है कि दिल्ली ने 2018-19 और 2020-21 के बीच अपने सब्सिडी एक्सपेंडिचर में 85% की बढ़ोतरी देखी। ये 2018-19 में 1,699 करोड़ रुपए थी, जो बढ़कर 3,149 करोड़ रुपए हो गई। ये सभी राज्यों में दूसरी सबसे अधिक है।



# सोनिया गांधी से मिले अशोक गहलोत

## बोले- अध्यक्ष पद पर मेरा नाम चला दिया, मुझसे तो कोई चर्चा कर नहीं रहा



नई दिल्ली/जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में आज सोनिया गांधी से मुलाकात की है। गुजरात दौरे पर जाने से पहले गहलोत ने सोनिया गांधी से संगठन चुनावों और गुजरात विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा की है। गहलोत ने राजस्थान को लेकर भी फीडबैक दिया है। गहलोत सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद गुजरात दौरे पर गए हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम चलने के सवाल पर सीएम अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा- मेरा नाम तो चला दिया है, लंबे अरसे से मैं सुन रहा हूं। मुझसे कोई चर्चा कर नहीं रहा है। मेरा नाम मीडिया वाले चला रहे हैं कि आप अध्यक्ष बन रहे हैं,अध्यक्ष बनेंगे। नाम कई हैं देश के अंदर, संगठन में कई कार्यकर्ता हैं और एक से बढ़कर एक हैं। जब मौका आएगा तो सब मिलकर अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। अभी देश के जो हालात हैं,उसमें तमाम लोग मिलकर एक राय होकर ही अध्यक्ष का चुनाव करेंगे तो बेहतर होगा। गहलोत इससे पहले अध्यक्ष बनने से साफ इनकार कर चुके हैं।

### राहुल गांधी अध्यक्ष बनेंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरेगी

गहलोत ने कहा- हम बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद पर आएंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरकर आएंगे। राहुल गांधी नहीं आएंगे तो लोग निराश हो जाएंगे और घर बैठ जाएंगे। सबकी यह भावना है कि राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करें। हमारा उन पर दबव रहेगा कि वे अध्यक्ष बनें, यह प्रयास रहेगा। अभी तो हमें उनकी भारत जोड़ो यात्रा को भी सफल बनाना है।गहलोत ने कई बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम की पैरवी कर चुके हैं। गहलोत के अलावा कई और नेता भी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू है और अगले महीने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला होने की संभावना है।

### गुजरात में जीत का दावा

गहलोत ने गुजरात को लेकर बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा- गुजरात चुनाव को लेकर हम सब लोग गंभीर हैं, वहां पर हमारा फोकस है। वहां बीजेपी 27 साल से राज कर रही है। गुजरात मॉडल केवल धोखा था। प्रधानमंत्री बनने के लिए मोदी ने गुजरात मॉडल की मार्केटिंग की। अब आप देख रहे हैं छह महीने पहले गुजरात में बीजेपी को मुख्यमंत्री से लेकर पूरा मंत्रिमंडल तक बदलना पड़ा। ऐसा पहली बार हुआ है। उन्हें यह इसलिए करना पड़ा क्योंकि पहले जो लोग थे उन्होंने गुजरात को बर्बाद कर दिया। जनता में वहां बीजेपी के प्रति बहुत गुस्सा है और इस बार वहां हम अच्छी टक्कर देंगे।

# 'शेखावत को चापलूसी करनी है तो मोदी को श्रीकृष्ण बता देते हैं', पीसीसी चीफ डोटासरा



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और डोटासरा के बीच जुबानी जंग जारी है। पीसीसी चीफ डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा कि शेखावत को चापलूसी करनी है तो पीएम मोदी को श्रीकृष्ण बता देते। दरअसल हाल ही में केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी किताब की तुलना मद्भागवत गीता से की थी। डोटासरा ने शेखावत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि इतनी चापलूसी करनी है तो नरेंद्र मोदी को श्रीकृष्ण बता देना चाहिए। डोटासरा ने बीकानेर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि शेखावत ने मंहगाई और ईआरसीपी को लेकर चुप्पी साध रखी है। सिर्फ पीएम मोदी को खुश करने वाले बयान देते रहते है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में फोन टैपिंग मामले में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने डोटासरा को झूठा व्यक्ति बताया था।

### डोटासरा बोले- सितंबर में मिल जाएगा कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस में आंतरिक स्तर पर हो रहे चुनाव प्रक्रिया को लेकर उन्होंने कहा कि सितंबर में पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। साथ ही ब्लॉक लेवल और जिलाध्यक्ष की घोषणा भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने अब पूरे प्रदेश में मंडल बनाए हैं और उनके पदाधिकारियों की घोषणा भी हो जाएगी। इन सबको लेकर पूरी एक्सरसाइज हो चुकी है और नाम भी तय हो चुके हैं, लेकिन कांग्रेस में नियमों के मुताबिक चुनाव प्राधिकरण ही इसकी घोषणा करता है।

### रघु शर्मा के समर्थन में डोटासरा

रघु शर्मा के बयान का समर्थन डोटासरा ने एक दिन पहले जयपुर में कांग्रेस के कार्यकारिणी में गुजरात प्रभारी रघु शर्मा के लिए दिए बयान का समर्थन करते हुए डोटासरा ने कहा कि रघु शर्मा ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। रघु शर्मा ने पार्टी के विधायकों और मंत्रियों को जनता से जुड़ने और आम जनता के काम करते रहने की बात कही है, ताकि संगठन मजबूत हो और हम दोबारा 2023 में सरकार बना सकें। उल्लेखनीय गुजरात के कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस की बैठक में कहा था कि एक-दूसरे को निपटाने में लगे नेता सब चुनाव हारेंगे। पद पर बैठे न समझे की वह सर्वोपरी हो गए।

# राजस्थान में बाढ़, 7 जिले डूबे : लोगों को एयरलिफ्ट करने सेना से हेलिकॉप्टर मांगा

जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। दो दिन की भारी बारिश ने राजस्थान में बाढ़ के हालात पैदा कर दिए हैं। सात जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। धौलपुर और झालावाड़ में पानी में फंसे हजारों लोगों का रेस्क्यू करने के लिए सेना को तैयार करने के लिए कहा गया है। बारां में 20 लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए सेना से हेलिकॉप्टर मांगा गया है।

वहीं, पांच से ज्यादा जिलों में एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स) और एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिलीफ फोर्स) की 17 टीमों को भेजा गया है। हाड़ौती क्षेत्र में बिगड़ते हालातों को देखते हुए सेना के हेलीकॉप्टर को भी स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है।

### 40 हजार से ज्यादा लोग फंसे

उफान मारती नदियों और ओवरफ्लो डैम से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। झालावाड़, बारां, बूंदी, कोटा, सवाई-माधोपुर और करौली में 40 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। प्रशासन की सेना से मदद मांगने के बाद आर्मी ने झालावाड़, धौलपुर में एक-एक कॉलम उतारे हैं।

वहीं, कोटा में एनडीआरएफ की दो टीमें के अलावा आर्मी को भी तैयार रखा गया है। बारां में 1-1 एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को उतारा है। बूंदी में 2 एसडीआरएफ, धौलपुर में 4 एसडीआरएफ और एक आर्मी का कॉलम, करौली में 2, सवाई माधोपुर में 2 एसडीआरएफ की टीमें राहत बचाव के लिए भेजा गया है।

### 11 इंच से ज्यादा बारिश

बीते 24 घंटे में उदयपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर और भरतपुर संभाग के कई जिलों में 3 से लेकर 11 इंच तक बरसात हुई। तेज बारिश से यहां नदियां-नाले उफान मार रहे हैं। प्रदेश के सबसे बड़े बांधों में शामिल बीसलपुर से पानी छोड़े बिना ही टोंक, सवाई माधोपुर में बनास नदी अपने पूरे वेग के साथ बहने लगी हैं। इधर उदयपुर में नेशनल हाईवे बंद होने से वाहनों की लाइन लग गई है। वहीं, राजधानी जयपुर में भी आज सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

वहीं, जल्द बीसलपुर के भी गेट खोलने की तैयारी की जा रही है। तेज बारिश का सबसे अधिक प्रभाव हाड़ौती क्षेत्र के जिलों में देखा जा रहा है। वहीं करौली जिले में चंबल का जल स्तर बढ़ने से 50 से अधिक गांवों से संपर्क टूट गया है। प्रशासन की टीमें अब तक इन गांवों में नहीं पहुंच सकी हैं।



मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग राजस्थान से मिली रिपोर्ट देखें तो पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात झालावाड़ के डग में हुई। यहां 289मिमी ( 11 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। वहीं, प्रतापगढ़ के अरनोद में 258MM (करीब 10 इंच) पानी बरसा। इसके अलावा अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, झालावाड़, उदयपुर जिलों में भी तेज बारिश हुई।

झालावाड़ में तेज बारिश के चलते कालीसिंध बांध के 27 गेट खोले हैं, जिनसे 6 लाख 27,218 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं भीमसागर के 5 , छापी के 10, राजगढ़ बांध 7 के गेट खोलकर लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, चंबल नदी पर बने राणा प्रताप सागर 16, जवाहर सागर 11, कोटा बैराज 14, गांधी सागर के 19 गेट खोले गए हैं।

### कल से धीमा पड़ेगा तेज बारिश का दौर

मौसम विभाग की माने तो तेज बारिश से लोगों को 24 अगस्त से राहत मिलने की उम्मीद है। कल से इस सिस्टम का असर धीमा पड़ जाएगा और केवल पश्चिमी राजस्थान के कुछ एरिया में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 25 अगस्त को राज्य के अधिकांश एरिया में मौसम साफ रह सकता है।

### बीसलपुर बांध में तेज हुई पानी की आवक

अजमेर, जयपुर की लाइफ लाइन माने जाने वाले बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक तेज हो गई। गंभीरी डेम से पानी छोड़े जाने के बाद त्रिवेणी नदी का गेज बढ़कर 7 मीटर पर पहुंच गया, जिसके चलते बांध का गेज पिछले 24 घंटे के दौरान 313.02 से बढ़कर 313.91 आरएल मीटर पर पहुंच गया। बांध की मॉनिटरिंग कर रहे इंजीनियरों की मानें तो जिस स्पीड से पानी आ रहा है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बांध के अगले 2-3 दिन में गेट खोलने पड़ सकते हैं।

### उदयपुर-झाड़ोल नेशनल हाईवे बंद

उदयपुर-झाड़ोल नेशनल हाईवे बंद होने से वाहनों की लाइन लग गई है। पहाड़ों से बड़ी संख्या में पत्थर यहां गिरे हैं। इसे जल्द ही शुरू करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वायुसेना के हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, हनुमानगढ़ के खेत में हुई इमर्जेंसी लैंडिंग

हनुमानगढ़, 23 अगस्त (एजेंसियां)। तकनीकी गड़बड़ी के चलते भारतीय वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर को मंगलवार को हनुमानगढ़ जिले में एक खेत में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हेलीकॉप्टर और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। संगरिया थाने के थानाधिकारी एच आर विश्नोई ने घटना के बारे में बताते हुए कहा, 'यह भारतीय वायुसेना का हेलिकॉप्टर था जिसे मंगलवार को सुबह नौ बजे एमएमके गांव में आपात स्थिति में उतारना पड़ा।' उन्होंने बताया कि हेलिक्रॉप्टर को गांव के एक खेत में उतारा गया। विश्नोई ने कहा, 'हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के कारण इसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा।' उन्होंने बताया कि इसके चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

# कोरोना से 4 की मौत, एक्टिव केस हुए 3924; हर दिन दम तोड़ रहे हैं कोरोना मरीज



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोरोना से 4 लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक्टिव केस 3924 हो गए है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान 425 नए केस मिले हैं। सबसे अधिक राजधानी जयपुर में 194 केस मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार अजमेर में 24, अलवर में 6, भरतपुर में 24, भीलवाड़ा में 18, बीकानेर में 8, बूंदी में 11, चित्तौड़गढ़ में 11, डूंगरपुर में 4, गंगानगर और हनुमानगढ़ में 1-1 केस मिले है। जैसलमेर में 2, जालौर में 1, झालावाड़ में 2, झुंझुनूं में 5, जोधपुर में 25, कोटा में 3, नागौर में 8, पाली में 8, प्रतापगढ़ में 12 और राजसंमद में 15, सवाई माधोपुर में 7, सीकर में 1, सिरोही में 12 और उदयपुर में 16 नए केस मिले हैं।

बता दें कि शुक्रवार को प्रदेश में 748 केस मिले थे और दो संक्रमितों की मौत हो गई थी। गुरुवार को 803 मरीज मिले थे, जबकि तीन की मौत हो गई। बुधवार को 502 नए केस थे और दो की मौत हो गई थी। वहीं मंगलवार 16 अगस्त को 191 मरीज मिले थे और तीन लोगों की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में मौसमी बीमारियों का प्रकोप है। इसलिए मौसमी बीमारियों के साथ-साथ कोरोना के केसों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को कम से कम एक हजार सैंपल लेने के निर्देश दिए थे।

राजस्थान में सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद कोरोना से मरने वालों की संख्या में रोक नहीं लग पार ही है। सीएम अशोक गहलोत की बार-बार अपील के बावजूद कोरोना गाइडलाइंस की पालना नहीं हो रही है।

# आतंकियों से 2 घंटे तक बहादुरी से लड़े सतपाल

## ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच आगे बढ़ते गए, करीब से सिर में लगी गोली

झुंझुनूं, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना के जवान अपने कैंप में सो रहे थे, तभी तेज धमाका हुआ। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक ग्रेनेड हमले के साथ ही, ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगीं। फौरन जवानों ने मोर्चा संभाला। इनमें झुंझुनूं के हवलदार सतपाल सिंह भी शामिल थे।

गोलियों की परवाह किए बगैर वह आतंकियों की ओर बढ़ते गए। करीब 3 घंटे तक आमने-सामने से गोलीबारी होती रही। मौके पर ही 4 जवान शहीद हो गए और कई घायल। सतपाल आतंकियों के काफी करीब चले गए थे। इसी दौरान एक गोली उनके सिर में और दूसरी कमर में आ धंसीं। घायल होने के बाद भी वे लड़ते रहे। अपनी बहादुरी से सतपाल और अन्य सैनिकों ने दोनों आतंकियों को अंदर घुसने नहीं दिया। कुछ देर बाद दोनों आतंकियों ने जवानों को ढेर कर दिया।



सतपाल सहित अन्य घायलों को तत्काल आर्मी हॉस्पिटल भेजा गया। करीब 10 दिन इलाज के बाद वो 21 अगस्त को शहीद हो गए। उनकी पार्थिव देह मंगलवार को झुंझुनूं जिले के जैतपुरा गांव पहुंची। वो राजपूताना राइफल्स में तैनात थे। जैतपुरा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। दोपहर 1.40 बजे पर शहीद सतपाल के बेटे शांतनु ने मुखाग्नि दी। इस दौरान 11 राजपूताना राइफल्स के रिटायर्ड जवानों के साथ लोगों ने नारे लगाकर नम आंखों से विदाई दी। पति के अंतिम दर्शन कर वीरांगना बेसुध हो गई। शहीद सतपाल के बच्चे अपने ताऊ नायब सूबेदार से लिपटकर रोए।

इससे पहले शहीद की पार्थिव देह गमगीन माहौल में दोपहर करीब 12.30 बजे घर लाई गई। भावुक लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ पड़े। बच्चे, युवा, महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग तिरंगा हाथ में लिए भारत की माता की जय... सतपाल अमर रहें... जैसे नारे लगा रहे थे। घर पर परिवार की महिलाएं-पुरुष और गांव के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद के अंतिम दर्शन किए। अंतिम दर्शन के बाद वीरांगना विंतोष बेसुध हो गईं। बच्चों ने मकान की छत से पिता के अंतिम दर्शन किए।

पार्थिव देह पहुंचने पर सलामी देने के बाद पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। फिर दोपहर करीब 1.25 बजे बड़े भाई नायब सुबेदार राजेश कुमार, बेटे शांतनु, भतीजे नीरव को तिरंगा सौंपा गया। वीरांगना विंतोष गृहिणी हैं। 15 साल की बेटी प्रीत 11वीं में पढ़ रही है जबकि बेटा शांतनु (12) नौवीं क्लास में। दोनों बच्चे पिलानी में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। शहीद की माता का नाम बादामी देवी है।

सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा, कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी, एसपी मृदुल कच्छावा, सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया, बुहाना प्रधान हरिकृष्ण यादव, सूरजगढ़ प्रधान सत्यवान सिंह पहुंचे हैं।

# 'मीडिया ने 2जी केस को इश्यू बनाया हमारी सरकार चली गई'

## गहलोत ने मनमोहन सिंह सरकार जाने की बताई वजह



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मनमोनह सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के चुनावों में हारने की वजह बताई है। सीएम गहलोत ने कहा कि हमेशा इश्यू हमेशा मीडिया बनाता आया है। मनमोहन सिंह सरकार के समय टू जी स्पैक्ट्रम, कोलेगेट घोटाला और लोकपाल बिल का इश्यू मीडिया ने बनाया था। लेकिन आज मीडिया इनके बारे में कुछ नहीं बोलता है। हमने रेलमंत्री पवन बंसल और केंद्रीय मंत्री डी. राजा के इस्तीफ ले लिए थे। हमारी सरकार चलीं गई। लेकिन आज मीडिया पूरी तरह गोदी मीडिया हो गया है। मीडिया अभी पूरी मोदी जी डरा हुआ है। लोकतंत्र को बचाने में इसकी बहुत बड़ी भूमिका है। संविधान की रक्षा करने में बहुत बड़ी भूमिका है। लेकिन मीडिया पर डरा हुआ है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के रेड से मीडिया मालिक डरे हुए है।

### गहलोत बोले- कांग्रेस के शासन में खुलापन था

सीएम गहलोत ने सोमवार को राजधानी जयपुर में प्रेस वार्ता की और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीएम गहलोत ने कहा कि कांग्रेस के शासन में खुलापन था। मीडिया को पूरी आजादी थी। सरकार की आलोचना करते थे। कोलगेट के अंदर क्या-क्या नहीं हुआ। कोलगेट, टू जी स्पैक्ट्रम और लोकपाल बिल कहा चला गया। सरकार हिल और सरकार चली गई हमारी। सीएम गहलोत ने कहा कि मीडिया अब टू जी स्पैक्ट्रम, लोकपाल, ब्लैकमनी और कोलगेट को याद नहीं करता है। मीडिया दबाव में है। सीएम गहलोत ने गुजरात के अहमदाबाद में भी मीडिया पर निशाना साधा था। सीएम गहलोत ने कहा कि मीडिया के मालिक दबाव में है। कोरोना काल में पत्रकारों की नौकरियां चली गई। मीडिया के मालिकों के पास मैसेज आ जाते हैं। साहित्यकार और पत्रकार जेल में है। मीडिया की आजादी नहीं है। मीडिया पूरी तरह से दबाव में है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सीएम गहलोत ने 5 फरवरी 2022 को पूर्व सीएजी विनोद राय पर जमकर निशाना साधा था। सीएम गहलोत ने कहा कि विनोद राय ने झूठे आरोप लगाए और देश ने मान लिया कि घोटाला हुआ है। विनोद राय के बयान की वजह से देश में कांग्रेस के खिलाफ माहौल बन गया। राय ने कहा कि 1 लाख 76 हजार करोड़ का घोटाला हो गया है।

### हाई प्रोफाइल पार्टी में एंट्री 2 लाख में; मास्टरमाइंड ने देश भर से बुलाए कस्टमर

# जयपुर में कैसिनो, डांस-बार के लिए बुलाईं विदेशी गर्ल्स



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में हुई हाई प्रोफाइल पार्टी का लिंक नेपाल से जुड़ा है। कैसिनो, नशा और बार डांस के शौकीन लोगों के लिए पार्टी रखी गई थी। इस पार्टी में दिल्ली और नेपाल से कुल 13 लड़कियां बुलाई गईं। जो दो दिन के लिए 5 लाख के पैकेज में आईं थीं। ये लड़कियां इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से लोगों को ताश में हराने का काम कर रही थीं। वहीं, कैसिनो चलाने वाले मोटा मुनाफा कमा रहे थे।

शनिवार और रविवार दो दिन के लिए 2 लाख रुपए प्रति मेंबर एंट्री फीस के तौर पर लिए गए थे। पार्टी का प्लान करीब 2 महीने पहले बनाया गया था।

एडि. डीसीपी (क्राइम) सुलेश चौधरी ने बताया कि कैसिनो, नशा और बार डांस के शौकीन लोग देश से बाहर नेपाल जाते हैं। नेपाल के कैसिनो में जुआ खेलने जाने के कारण पकड़े गए ज्यादातर लोग मेरठ निवासी मनीष शर्मा के टच में थे। नेपाल के जरिए आरोपी मनीष शर्मा के अलग-अलग राज्यों के हाई प्रोफाइल जुआरी कॉन्टैक्ट में जुड़ गए। देश में ही अलग-अलग जगह मनीष पार्टी अरेंज कर उन्हें बुलाने लगा। कैसिनो, नशा और बार का शौक देश में ही पूरा होने पर मनीष का दबाव ओर बढ़ गया। क्राइम ब्रांच के सीआई खलील अहमद ने बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कॉन्स्टेबल महिपाल सिंह की सूचना पर कार्रवाई की गई। दिल्ली निवासी नरेश मल्होत्रा उर्फ राहुल उर्फ बबलू और उसके बेटे मनवेश पहले भी हाई प्राफोइल पार्टी करवा चुके हैं। नेपाल में बैठ मनीष शर्मा से बाप-बेटे ने कॉन्टैक्ट कर जयपुर में पार्टी अरेंज कराने के लिए कहा।

# राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची जारी, पायलट समर्थकों का दबदबा



जयपुर, 23 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में गहलोत सरकार ने विभिन्न बोर्ड, आयोग और अकादमियों में राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। सोमवार देर रात यह सूची जारी की गई। तीसरी सूची में पायलट के समर्थक विधायक गजराज खटाणा को जगह मिली है। खटाणा को राज्य भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर समिती का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले राजनीतिक नियुक्तियों 132 नेताओं को नियुक्तियां दी गई थी। पहली सूची में 58 और दूसरी सूची में 74 नेताओं को राजनीतिक नियुक्ति का तोहफा दिया गया था। इसके बाद हाल ही में बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए विधायक वाजिब अली और संदीप यादव को राजनीतिक नियुक्तियों को तोहफा दिया।

### किसान आयोग के 10 सदस्यों की नियुक्ति

किसान आयोग में 10 सदस्यों की नियुक्ति, कृषि वैज्ञानिक डॉ जी एल केसवा, कृषि अर्थशास्त्री डॉ सुखदेव सिंह बुरड़क,जीव एवं कृषि विशेषज्ञ ओपी खेदड़, डेयरी विशेषज्ञ डॉ राजेश मान, पुष्प उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ एस के खंडेलवाल,उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ इंद्र भूषण मौर्य, फसलोतर प्रबंध विशेषज्ञ डॉ बीरबल, निर्यात विशेषज्ञ सुरेंद्र कुमार जैन, प्रगतिशील कृषक नारायण राम बेड़ा, प्रगतिशील कृषक महिला सोहनी चौधरी को किया सदस्य नियुक्त किया गया है। इकराम राजस्थानी को पं.जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# नारी के बिना घर, घर जैसा नहीं होता : साध्वी त्रिशलाकुमारी

## 'नारी घर की फुलवारी' कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी के पावन सानिध्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद के तत्वावधान में 'नारी घर की फुलवारी' कार्यक्रम का सफल आयोजन तेरापंथ भवन डी.वी. कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टीपीएफ सदस्य मोनिका भंसाली, दीपिका भंडारी एवं पूजा बोहरा द्वारा मंगलाचरण से हुआ।

टीपीएफ राष्ट्रीय सह मंत्री ऋषभ दुगड़ ने सभी का स्वागत किया एवं टीपीएफ फेमीना के आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा अनीता गिड़िया ने सभी संस्थाओं की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। तेरापंथी सभा सिकंदराबाद अध्यक्ष बाबूलाल बैद, मंत्री सुशील बैद, महिला मंडल अध्यक्षा अनीता गिरिया की भी गरिमामय उपस्थिति रही। टीपीएफ फेमिना द्वारा एक लघु नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी गई।



तेरापंथ भवन सिकंदराबाद में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के द्वारा साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी के सान्निध्य में नारी घर की फुलवारी नामक कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा-नारी घर की फुलवारी है। नारी के बिना घर घर नहीं रहता है। इस घर की फुलवारी को हरा भरा रखने के लिए जरूरी है इसमें सहिष्णुता की खाद हो। सेवा भावना व अपनेपन की भावना का इस फुलवारी को निरंतर चिंतन मिलता रहे तो यह फुलवारी न केवल हरी भरी रहेगी बल्कि इस पर जो फल लगेंगे वह भी अच्छे मीठे होंगे। इस अवसर पर साध्वी श्री कल्प्यशाजी ने कहा आज की नारी विकास के नए-नए परचम फहरा रही है।

कार्यक्रम में आठ की तपस्या करने वाले हिमांशु दुगड़ का तपोभिनंदन तेरापंथी सभा के द्वारा किया गया। साध्वी श्री रश्मि प्रभाजी ने समधुर गीत का संगान किया। सभा के द्वारा तस्वीर के द्वारा तपस्वी का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बाबूलाल बैद ने शुभकामनाएं दी। कार्य्रकम में 200 से ज्यादा लोगों की उपस्थिति के साथ सफल आयोजन रहा।

# अर्जुन गल्ली गणेश उत्सव समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अर्जुन गल्ली गणेश उत्सव समिति, जियागुडा की बैठक समिति के उपाध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल के निवास पर संपन्न हुई, जिसमें विशेष रूप से जियागुड़ा डिवीजन के पार्षद बोहिनि दर्शन तथा भाजपा नेता राजेंद्र सिंह डिगन उपस्थित हुए। इस दौरान पिछले 34 वर्षों से लगातार जारी गणेश मूर्ति की स्थापना एवं अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की गई। समिति गणेश जी की मूर्ति स्थापना के 35वें वर्ष को यादगार बनाने तथा गणेशोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समिति का पुनर्गठन किया जिसमें लगातार पिछले 15 वर्षों से अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे गोगीकर हरिओम को पुनः अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया। हरिओम का सहयोग देने के लिए गजानंद मांजरेकर, सतीश कुमार जायसवाल (उपाध्यक्ष), मोहन कनिकी (महासचिव), ज्ञानेश्वर गोगिकार, मनोज भगत (सचिव), अविनाश सिंह घस्सुवाले, सतीश भांडेकर, कोतवाल योगेश (सह सचिव), मुरली कनिकी (कोषाध्यक्ष), किशोर, प्रवीण गोगिकर (सह कोषाध्यक्ष), मनदीप सिंह घस्सुवाले, योगराज मलतुमकार (संयोजक सचिव), एमके बालाजी, संदीप सिंह घस्सुवाले (खेल एवं सांस्कृतिक सचिव) के नाम चुने गए। इसी तरह युवाओं को अवसर प्रदान करने व प्रोत्साहित करने के लिए युवा सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पवन कनिकी, उपाध्यक्ष आश्रित मलतुमकार, महासचिव शुभम सिंह घस्सुवाले, सचिव अजय गोगीकर, सहसचिव शुजल सिंह घस्सुवाले, कोषाध्यक्ष भास्कर कनिकी, सह कोषाध्यक्ष दत्तराज, दक्ष, लक्की आदि के नामों पर अंतिम मुहर लगी। बैठक का संचालन सभाध्यक्ष रविंदर सिंह घस्सुवाले ने किया।



बैठक के शुरू में रविंदर सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों, अतिथिगण, युवाओं, बालकों का हार्दिक अभिनंदन किया। बैठक में 35वें गणेशोत्सव के दौरान अन्नदान व भंडारा कार्यक्रम शनिवार 3 सितंबर को आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में कराटे मास्टर मलतुमकार बालाजी, पंचगव्य विशेषज्ञ डॉ. राजु मलतूमकर, राजेश भगत, सुभाष कनिकि, फाउंडर मेंबर सत्यनारायण मलतुमकार आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। रविंदर सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन हुआ।

**नगर पधारे झुंझुनू संसदीय क्षेत्र के सांसद नरेंद्र कुमार खींचड़ का स्वागत करते हुए झुंझुनू प्रगति संघ के अध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी, मानद मंत्री राजकुमार पसारी, कोषाध्यक्ष शुकरलाल तुलस्यान। गौरतलब है कि कल बुधवार को संघ द्वारा सांसद के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**





**रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में समाजसेवी चुन्नीलाल ग्वाला (जाट) का स्वागत करते हुए रामदेवरा मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम सुंदर गिल्डा। साथ में हैं तेलंगाना जाट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, कमल जाजु, धर्मचंद भंसाली, श्याम परतानी, सुरेश सांकला, सुरेश महाराज, राकेश महाराज व अन्य।**

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद की विशेष बैठक आयोजित

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, हैदराबाद की विशेष बैठक एवं कलामंच के अभ्यास सत्र का आयोजन परिषद के वरिष्ठ सदस्य उदय शंकर झा के निवास में किया गया। बैठक में परिषद के पदाधिकारी तथा कलाकार मंच के सदस्यों ने हिस्सा लिया। महासचिव अनिल कुमार झा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस विशेष बैठक की अध्यक्षता विनय कुमार झा ने की। बैठक में जंतर-मंतर, दिल्ली में मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा आहूत मिथिला राज्य माँग को लेकर किये गए अभूतपूर्व धरना-प्रदर्शन, मिथिला के प्रसिद्ध उत्पाद मखाना को "मिथिला मखाना'' नाम से मिले जीआई टैग के कारण लोगों में हर्ष एवं अन्य बातों पर चर्चा की गयी। विनय कुमार झा ने यह भी बताया कि उन्होंने दिल्ली में आयोजित उक्त प्रदर्शन के शीर्ष-नेतृत्व से दूरभाष पर सम्पर्क किया और कहा कि मिथिला सांस्कृतिक परिषद, हैदराबाद, उनके द्वारा माँगे गए मिथिला राज्य का नैतिक समर्थन करती है।तत्पश्चात कलामंच के अभ्यास सत्र का संचालन प्रसून कुमार झा द्वारा किया गया। कलामंच के सदस्यों द्वारा देवी स्तुति ''जय जय भैरवि " गानके बाद गीत-संगीत का एक भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें साधना झा, रोशनी चौधरी, कमला क्षीझा, नीलम मिश्र, प्रसून कुमार झा, धीरेन्द्र कुमार झा, सत्येन्द्र झा, अमर कान्त मिश्र एवं काली कान्त झा आदि ने सुंदर प्रस्तुति दी।

# राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा के सह संयोजक बने कैलाश अडानिया कुमावत

### धर्मीचन्द कुमावत ने समस्त समाज की ओर से दी बधाई

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। निमाज पाली रास्थान के भाजपा के युवा नेता कैलाश अडानिया कुमावत को प्रदेश के महामंत्री ओ.पी. यादव द्वारा उनकी किसानों के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर राजस्थान प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के आईटी सह-संयोजक बनाया गया।

इस उपलब्धि पर कुमावत समाज हैदराबाद-सिकन्दराबाद के पूर्व अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत ने समस्त समाज की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि अडानिया राजस्थान के निमाज तहसील जेतारण में कई सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। कुमावत समाज हैदराबाद-सिकन्दराबाद के मानाराम, मनोज कुमार भदाणिया (हश्मत पेट), भंवरलाल आलोन्दया, शंकरलाल मानणिया, जयप्रकाश चान्दोरा, रामकिशोर भडलीवाल, फताराम मनावत, धानाराम चन्दोरा व सोनाराम तिलइचा ने उन्हे बधाई प्रेषित की व हैदराबाद आने का निमंत्रण दिया।



# एनटीपीसी-एसआरएचक्यू द्वारा बालिका सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एनटीपीसी दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत दक्षिण दीपांजलि महिला समिति (डीडीएमएस) के सहयोग से गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, वेस्ट मारेडपल्ली, सिकंदराबाद में छठी और सातवीं कक्षा की 100 लड़कियों के लिए महीने भर चलने वाले बालिका अधिकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। स्कूल में कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका आनंद, अध्यक्ष, डीडीएमएस ने लड़कियों को खुद को सशक्त बनाने और जीवन में अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने के लिए कहा।

इसी तरह के विचार को प्रतिध्वनित करते हुए, महाप्रबंधक (एचआर) मणिकांत ने लड़कियों को शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों दोनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एनटीपीसी-एसआरएचक्यू द्वारा की जा रही विभिन्न सीएसआर पहलों पर भी बात की। डीडीएमएस और गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, वेस्ट मेरेडपल्ली के अन्य वक्ताओं ने स्कूली बच्चों के लिए बालिका सशक्तिकरण और एनटीपीसी के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान ई-लड़कियों को वोकल म्यूजिक, कराटे, सेल्फ डिफेंस, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, सॉफ्ट स्किल्स, डांस और ड्रामा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बाद में, गणमान्य व्यक्तियों ने अधिकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम की लड़कियों को ट्रैक सूट, जूते, स्कूल बैग और अन्य उपयोगी वस्तुएं प्रदान कीं। उद्घाटन दिवस कार्यक्रम का समापन आत्मरक्षा कक्षाओं के प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने रक्षा के गुर बताए।

# श्री आईमाता मंदिर में सत्संग व प्रवचन कार्यक्रम सम्पन्न

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली स्थित पी.जे.आर. इन्केलेव श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज ट्रस्ट समाज बन्धुओं के सान्निध्य में सोनु महाराज की मधुर आवाज में सत्संग व प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष मनोज बर्फा व विनोद गेहलोत ने संयुक्तरुप से बताया कि कार्यक्रम प्रात: वेला में मंदिर को विशेषरुप से सजाकर आईमाँ का श्रृंगार व पूजा-अर्चनाकर रात्रि 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर आयोजित किया गया। इसमें मरुधरा सिरीयारी से पधारे सोनु महाराज ने श्री आईमाँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करते हुए प्रवासी बन्धुओं व विशेषकर बच्चों में संस्कार का प्रवचन दिया। सम्बोधन भाषन मे अध्यक्ष मनोज बर्फा ने पधारे समाज बन्धुओं व संत श्री शिरोमणि सोनुजी महाराज का सम्मानकर तहदिल से आभार प्रकट करते हुए भादवा सुदी बीज की अग्रीम बधाई दी एवं बताया कि भादवा सुदी बीज महोत्सव के पश्चात् विशेष शुभ मूहुर्त मे समाज बन्धुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे मनोज बर्फा, मांगीलाल परिहारियां, विनोद गेहलोत, मांगीलाल सोनपरा, वेनाराम परमार, रमेश लचेटा, महिला अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत, शांति पंवार, कविता परमार, पदाधिकारियों, सदस्यों व समाज बन्धुओं का विशेष सहयोग रहा।



# स्कूल की छात्राओं से बदसलूकी करने वाले रंगेहाथ पकड़े गए

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। छात्राओं का पीछा करने की एक सरकारी स्कूल के शिक्षक की शिकायत पर एसएचई टीम आईटी कॉरिडोर ने स्कूल परिसर के पास एक ऑपरेशन किया। इस दौरान शीटीम ने स्कूल की लड़कियों को इशारे करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा और गच्चीबोवली पीएस में सिटी पुलिस एक्ट मामले की धारा 70 (सी) के तहत एक छोटा मामला दर्ज किया। इसी क्रम में एक व्हाट्सएप पर एक स्कूली छात्रा की मां की शिकायत पर आई। मां ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसकी बेटी एसएससी की पढ़ाई कर रही है और पैदल चलकर स्कूल जाती थी। इसका फायदा उठाकर एक लड़का उसका पीछा कर रहा था और उसके साथ बदतमीजी कर रहा है।

इस संबंध में एसएचई टीम राजेंद्रंगर ने स्कूल परिसर में एक अभियान चलाया और उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह एक ड्रग तस्कर है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



**हिंदी अकादमी मुंबई द्वारा हैदराबाद की अनुराधा पांडेय को उनकी सुदीर्घ हिंदी सेवा उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उनकी प्रतिष्ठा के आधार पर हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया।**

# एनएमडीसी और फिक्की द्वारा भारतीय खनिज और धातु उद्योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

### पहले दिन विजन 2047 के लिए रोडमैप पर चर्चा हुई




हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत की प्रमुख खनन कंपनी एनएमडीसी ने फिक्की के सहयोग से 23 और 24 अगस्त को नई दिल्ली में 'ट्रांजिशन टूवड्र्स 2030 एंड विजन 2047' विषय पर भारतीय खनिज और धातु उद्योग पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का आयोजन भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में इस्पात मंत्रालय और खान मंत्रालय के सहयोग से किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विजन 2047 को प्राप्त करने के लिए खनिज और धातु उद्योग के लिए रोडमैप पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम में उद्योग, नीति और शिक्षा जगत के वक्ताओं ने भाग लिया। भाग लेने वाले संगठनों में खनिज उद्योग में वैश्विक और घरेलू उत्पादक, खान उपकरण निर्माता, वैश्विक कॉर्पोरेट और सरकारी संगठन शामिल थे। प्रह्लाद जोशी, संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे और ज्योतिरादित्य एम सिंधिया नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री विशिष्ट अतिथि थे। सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी; संजीव मेहता, अध्यक्ष, फिक्की; और डीके मोहंती, निदेशक उत्पादन भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे। सुमित देब ने राष्ट्र निर्माण में एनएमडीसी के योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि एनएमडीसी भारत में लौह अयस्क उत्पादन में सबसे आगे है। वित्त वर्ष 2022 में लौह अयस्क का कुल उत्पादन 42 मिलियन टन से अधिक था, जो भारत में सभी लौह अयस्क उत्पादकों और खनिकों में सबसे अधिक है। एनएमडीसी का दृष्टिकोण राष्ट्रीय इस्पात नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप है क्योंकि इसका उद्देश्य 2025 तक वार्षिक लौह अयस्क उत्पादन क्षमता को 67 मिलियन टन और 2030 तक 100 मिलियन टन तक बढ़ाना है। इसे प्राप्त करने के लिए, हम अत्याधुनिक तकनीक के साथ अपनी खानों में क्षमता बढ़ाने और संचालन को अपग्रेड करने के लिए अपनी पहल को तेजी से आगे बढा रहे हैं।

# काटेदान प्रजापति समाज का बीज महोत्सव 29 को

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांटेदान स्थित श्री श्रीयादेमाता मंदिर में प्रजापति समाज ट्रस्ट समाज बन्धुओं के सान्निध्य मे दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव रविवार 28 अगस्त रात्रि 9.15 बजे से जागरण व सोमवार 29 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष तेजाराम बेतेड़िया, सचिव धर्मीचन्द बाबरिया ने संयुक्तरुप से बताया कि 28 अगस्त रात्रि 9.15 बजे से जागरण जिसमे नेतराम तिवारी, सुरेश ईड़वा, गोपाल प्रजापति माई के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। मध्य रात्रि नवनिर्माणाधीन मंदिर के लिए विशेष बोलियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भादवा सुदी बीज सोमवार 29 अगस्त प्रात: 10 बजे से समाज बन्धुओं व भक्तों द्वारा माई की विशेष पूजा-अर्चनाकर, श्रीफल भेंट करते हुए श्रद्धा के पुष्प अर्पित करेंगे।

कार्यक्रम मे बत्तौर मुख्यअतिथि टी.आर.एस.विधायक प्रकाश गौड़ रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहेगे। चेयरमैन पप्पुलाल रावंरिया ने समाज बन्धुओं से विशेष निवेदन किया है कि सोमवार 29 अगस्त अपने प्रतिष्ठान बंदरखकर सपरिवार पधारकर महोत्सव का लाभ लेवे।



**रामदेवरा दरबार में पैदल आने वाले कुमावत व प्रजापति समाज के भक्तों द्वारा जागरण तथा प्रसादी का आयोजन रखा गया। साथ ही सभी पधारे महमानों का सम्मान किया गया।**

# विराट से बाबर आजम की तुलना पर अकरम ने दी प्रतिक्रिया

## कहा- अभी वह कोहली के बराबर नहीं



दुबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में रविवार (28 अगस्त) को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाना है। उससे पहले दोनों देशों के क्रिकेट एक्सपर्ट और पूर्व खिलाड़ियों ने बयानबाजी शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा चर्चा भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की हो रही है। बाबर ने बहुत कम समय में अपना नाम कमा लिया है और उनकी तुलना कोहली से होती है, लेकिन इससे पूर्व पाकिस्तानी कप्तान वसीम अकमर इत्तेफाक नहीं रखते हैं। अकरम का मानना है कि कोहली महान खिलाड़ियों में से एक हैं और उनसे बाबर की तुलना जल्दबाजी होगी।

विराट पिछले दो वर्षों में रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन दिग्गज वसीम अकरम को लगता है कि भारत के पूर्व कप्तान सर्वकालिक महानों में से एक हैं और बाबर आजम की उनके साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। बाबर अभी विराट के बराबर नहीं पहुंचे हैं। कोहली ब्रेक के बाद वापसी करने के लिए तैयार है। उन्होंने अपना पिछला शतक नवंबर 2019 में लगाया था। तब विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में शतक लगाया था।

### 'कोहली की आलोचना अनावश्यक'

अकरम ने कहा, "मुझे सबसे पहले यह कहना है कि कोहली के खिलाफ भारतीय प्रशंसकों की आलोचना अनावश्यक है। वह न केवल इस युग के महानतम में से एक हैं, बल्कि अभी भी वह खेलने के लिए उपयुक्त हैं। मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में उनका नाम है। जैसा कि लोग कहते कि क्लास हमेशा रहता है तो कोहली के साथ भी वही बात है। उम्मीद है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ फॉर्म में वापस नहीं आएंगे, लेकिन इस टूर्नामेंट में जरूर वापसी करेंगे।"

### पहले भी होती थी खिलाड़ियों की तुलना: अकरम

अकरम ने आगे कहा, "जहां तक बाबर और विराट की तुलना की बात है तो यह स्वभाविक है। जब हमलोग खेलते थे तो लोग इंजमाम उल हक, राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर की तुलना करते थे। उनसे पहले सुनील गावस्कर, जावेद मियांदाद, गुंडप्पा विश्वनाथ और जहीर अब्बास में तुलना होती थी। बाबर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास सही तकनीक है। वह रनों का भूखा है और फिट है। वह अभी भी एक युवा कप्तान है, लेकिन बहुत तेजी से सीख रहा है। हालांकि, विराट के साथ तुलना करना जल्दबाजी होगी।₹

### 'सही रास्ते पर हैं बाबर'

अकरम ने आगे कहा, ₹बाबर जहां विराट कोहली हैं, वहां पहुंचने के लिए सही रास्ते पर हैं, लेकिन इस समय उनसे उनकी तुलना करना जल्दबाजी होगी। बाबर आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए बिल्कुल सही रास्ते पर हैं।

### एक ही ग्रुप में भारत और पाकिस्तान

27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से होगा। इन दोनों टीमों को ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप ए में कुल तीन टीमें हैं, भारत और पाकिस्तान के अलावा क्लालिफायर राउंड में जीतने वाली टीम इस ग्रुप में जगह बनाएगी। श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को ग्रुप बी में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच कुल 13 मैच खेले जाएंगे।

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान। रिजर्व खिलाड़ीः श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, दीपक चाहर।

### एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम

बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, हैदर अली, इफ्तिखार अहमद, उस्मान कादिर, फखर जमान, हारिस रऊफ, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी।

# शुभमन गिल का शतक

## गिल के शतक पर युवराज ने की तारीफ तो पंत बोले- पाजी ऐसा क्या समझाया इसको मान ही नहीं रहा



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में शुभमन गिल कमाल की फॉर्म में थे। उन्होंने इस सीरीज में कुल 245 रन बनाए और तीसरे मैच में 130 रन की शानदार पारी खेली और अपनी टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में यह उनका पहला शतक था। गिल के शतक लगाने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने उन्हें बधाई दी। हालांकि, युवराज के ट्वीट पर ऋषभ पंत ने मजाकिया ट्वीट किया, जो फैंस को पसंद आ रहा है।

युवराज ने शुभमन गिल को शतकीय पारी पर बधाई देते हुए लिखा ₹अंततः शुभमन गिल आपने शानदार बल्लेबाजी की, आप वाकई में इस शतक के हकदार थे। आपके पहले शतक पर बधाई, ये बस शुरुआत है कई और बाकी हैं। युवराज के इस ट्वीट पर ऋषभ पंत ने मजाकिया अंदाज में लिखा ₹पाजी ऐसा क्या समझाया इसको मान ही नहीं रहा₹ इसके साथ ही उन्होंने हंसने वाला इमोजी भी शेयर किया।

पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ ऋषभ पंत ने शतकीय पारी खेली थी और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई थी। इस मैच में उन्होंने शुरुआत में अपने स्वभाव के विपरीत धीमी गति से रन बनाए थे और हार्दिक पांड्या के साथ अच्छी साझेदारी की थी। इसके बाद उन्होंने तेजी से रन बनाकर भारत को जीत दिलाई और नाबाद लौटे थे। उनकी इस पारी के बाद युवराज ने ट्विटर पर लिखा था कि लगता है 45 मिनट की बातचीत काम आई। पंत ने इसके जवाब हां पाजी बिल्कुल। अब गिल के शतक पर युवराज ने उनकी तारीफ की तो पंत ने मजे लेते हुए कहा कि इसे क्या समझाया ये तो मान ही नहीं रहा। खास बात यह है कि इस साल वनडे में सिर्फ यही दो बल्लेबाज भारत के लिए शतक लगा पाए हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में 245 रन बनाने वाले शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में भी कमाल किया था। उन्होंने तीन मैचों में 102.50 के औसत से 205 रन बनाए थे। इसमें 98 रन की नाबाद पारी भी शामिल थी, जिसमें वो बारिश की वजह से अपना शतक नहीं लगा सके थे। इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में भी उन्होंने नाबाद 82 रन बनाए थे।

शुभमन गिल अब तक नौ वनडे मैच में 71.29 के औसत से 499 रन बना चुके हैं। इसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105.27 और सबसे बड़ा स्कोर 130 रन है।

# साइना नेहवाल प्री क्वार्टर फाइनल में

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड में हांगकांग की खिलाड़ी को हराया, दूसरे राउंड में मिला वॉकओवर




टोक्यो, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल टोक्यो में चल रही वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साइना के अलावा तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने विमेंस डबल्स में जीत के साथ शुरुआत की है। गायत्री भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं। पीवी सिंधु चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रही हैं।

हांगकांग की चेउंग एनगान यी को हराया

व ल ड चैंपियनशिप में पहले सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं साइना ने पहले राउंड के मुकाबले में हांगकांग की चेउंग एनगान यी को सीधे गेम में हराया। 38 मिनट तक चले मुकाबले में साइना ने 21-19, 21-9 से जीत हासिल की।

दूसरे राउंड में साइना की भिड़ंत जापानी की नोओमी ओकुहारा से होना था। ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं। इसलिए साइना को वॉकओवर मिल गया और वे प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। अब साइना का मुकाबला थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान या जर्मनी की युवोनी ली से हो सकता है।

### विमेंस डबल्स में आसान जीत

विमेंस डबल्स में तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की यीन युवान लोव और वलीरी सियोव को आसानी से 21-11, 21-13 से हरा दिया। वहीं, मिक्स्ड डबल्स में वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवगन का सफर समाप्त हो गया। भारतीय जोड़ी को इंग्लैंड के ग्रेगरी मेयर्स और जेनी मूरे की जोड़ी ने 21-10, 23-21 से हराया।

# वनडे फॉर्मेट खत्म करने के पक्ष में नहीं हैं स्टोक्स

## बताया- उनके लिए आईपीएल खेलना क्यों मुश्किल



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने हाल ही में वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया है। उन्होंने वर्कलोड का हवाला देते हुए कहा कि उनके लिए तीनो फॉर्मेट खेलना और हर फॉर्मेट में पूरी ऊर्जा के साथ अपना 100 फीसदी योगदान देना मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से वो वनडे क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। स्टोक्स के संन्यास के बाद कई दिग्गजों ने वनडे फॉर्मेट को बंद करने की बात कही थी। हालांकि, खुद स्टोक्स नहीं चाहते हैं कि इस फॉर्मेट को बंद किया जाए।

बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट को लेकर सवाल किए जाने पर कहा है कि किसी फॉर्मेट को बंद करना आखिरी चीज है, जो कोई चाहेगा। वनडे क्रिकेट को बंद करने की बजाय आईसीसी इसमें कुछ बदलाव कर सकता है। 40 ओवर के मैच कराए जा सकते हैं या आईसीसी दूसरा तरीका निकाल सकता है। उन्होंने द हंड्रेड का उदाहरण देते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट के साथ यह फॉर्मेट भी चल रहा है। इसी तरह वनडे के साथ 40 ओवर का फॉर्मेट शुरू किया जा सकता है और 40 ओवर में भी उतना ही स्कोर बनेगा, जितना 50 ओवर में बनता है।

### इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए आईपीएल खेलना मुश्किल

स्टोक्स से जब आईपीएल 2023 को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह इंग्लैंड का कैलेंडर देखकर तय करेंगे कि उन्हें आईपीएल 2023 खेलना है या नहीं। आईपीएल में 10 करोड़ से ज्यादा की कीमत हासिल कर चुके स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए आईपीएल में खेलना काफी मुश्किल होता है। यहां का क्रिकेट कैलेंडर पूरी तरह भरा रहता है। जब दुनिया में गर्मी होती है तब इंग्लैंड में ठंड का मौसम आता है। वहीं, जब इंग्लैंड में गर्मी होती है तो बाकी जगहों पर सर्दियां होती हैं।

पूरे साल या तो इंग्लैंड की टीम दूसरे देशों की मेजबानी करती है या विदेशों का दौरा करती है। इस वजह से इंग्लैंड के खिलाड़ियों के पास आईपीएल में खेलने का समय नहीं होता है। इस दौरान स्टोक्स ने यह भी साफ किया कि टेस्ट उनका पसंदीदा फॉर्मेट है। इसी के आधार पर वो बाकी टूर्नामेंट में खेलने का फैसला करेंगे।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप

### नए वेन्यू को लेकर सस्पेंस कहा होगा आयोजन

15 अगस्त को जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के लिए एक बुरी खबर आई। फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंद लगा दिया। जिसके बाद भारतीय फुटबॉल को बहुत बड़ा झटका लगा। फीफा की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज़ में यह साफ कहा गया की एआईएफएफ पर लगे बैन की वजह से भारत में अक्टूबर के महीने में होने वाले फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी भारत नहीं करेगा।

महिला फुटबॉलरों को इस साल की शुरुआत में पहले ही नुकसान उठाना पड़ा था, जब भारत ने एक और बहु-राष्ट्र टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप की मेजबानी की थी। मुंबई में बायो बबल में कोविड-19 के फैलने की वजह से राष्ट्रीय टीम को टूर्नामेंट छोड़ना पड़ा था। दरअसल, फीफा का प्रतिबंध भारतीय अंडर-17 महिला टीम के लिए पहली बुरी खबर भी नहीं है। दो महीने से भी कम समय पहले टीम के असिस्टेंट कोच एलेक्स एम्ब्रोस को यौन दुराचार के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था। इन सभी घटनाओं ने भारत में महिला फुटबॉल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान कई बार इसे राष्ट्रीय गौरव के रूप में दिखाने की कोशिश की गई। हालांकि इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर सुलझाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से सीओए को भंग कर दिया गया है। जिसके बाद से फीफा की ओर से ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन पर लगे बैन की हटने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। फीफा ने कुछ समय पहले एआईएफएफ में थर्ड पार्टी की दखल की वजह से बैन लगा दिया था। मगर अब उम्मीद की जा रही है कि फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी फिर से भारत को मिल सकती है।

# यूएस ओपन से हटीं सानिया मिर्जा

## सोशल पोस्ट में किया ऐलान लिखा- कोहनी में चोट लगी है रिटायरमेंट प्लान में बदलाव होगा



हैदराबाद, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा 29 अगस्त से शुरू हो रहे US ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। उनके कोहनी में चोट लगी है। सानिया ने मंगलवार सुबह एक सोशल पोस्ट में साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से हटने का ऐलान किया।

35 साल की सानिया मिर्जा ने अपनी इंस्टा पोस्ट में लिखा, 'नमस्कार दोस्तों, एक क्विक अपडेट। मेरे पास अभी कुछ बहुत अच्छी खबर नहीं है। दो हफ्ते पहले कनाडा में खेलते समय मेरी कोहनी में चोट लगी थी और इस बात का अंदाजा नहीं था कि ये कितना बुरा है, जब तक कि कल मैंने स्कैन नहीं करवाया। जाहिर तौर पर यह महसूस नहीं किया था कि कल तक मेरा स्कैन होने तक यह कितना बुरा था।'

सानिया ने लिखा, 'मैं हफ्तों के लिए बाहर रहूंगी और US ओपन से हट गई हूं। यह ठीक नहीं है और गलत समय पर है, जिसके कारण मेरे रिटायरमेंट प्लान में बदलाव होगा, लेकिन मैं आपको जानकारी देती रहूंगी।'

वे मैटरनिटी ब्रेक से कोर्ट पर वापसी करने के बाद से ही अच्छी फॉर्म में हैं। उनके लगातार प्रदर्शन से WTA रैंकिंग में भी उनकी बढ़ोत्तरी दिखी है।

### पिछले महीने विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं

सानिया मिर्जा और उनकी क्रोएशियाई जोड़ीदार मेट पाविक पिछले महीने खेले गए विंबलडन की सेमीफाइनलिस्ट रही है। इस जोड़ी को मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

मिर्जा ने 6 ग्रैंड स्लैम जीते हैं

सानिया मिर्जा विमेंस डबल्स इवेंट में नंबर-1 रही हैं। अपने करियर में मिर्जा ने 6 खिताब जीते हैं। इनमें 3 विमेंस डबल्स और 3 मिक्स्ड डबल्स टाइटल शामिल हैं। सानिया ने विमेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलिया ओपन, विंबल्डन और US ओपन जीते हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया ओपन, फ्रेंच ओपन और US ओपन के मिक्स्ड डबल्स खिताब उनके नाम हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा का रिकॉर्ड शर्मनाक

### एशिया कप में प्रदर्शन सुधारने की चुनौती



नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय टीम 28 अगस्त (रविवार) को एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। टीम इंडिया की नजर पाकिस्तान से पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला लेने पर है। अगर भारतीय टीम को इस टीम के खिलाफ जीत हासिल करनी है तो शीर्ष क्रम को बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन टीम इंडिया इन तीनों को लेकर ही चिंतित है।

दरअसल, राहुल ने लंबे समय बाद चोट से वापसी की है। वह जिम्बाब्वे में दो मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल पाए। वहीं, विराट कोहली का फॉर्म पिछले दो सालों से ठीक नहीं है। इस कारण उन्होंने ब्रेक भी लिया था। वह ब्रेक के बाद सीधे पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे। रोहित शर्मा की बात करें तो वह नियमित खेल रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शर्मनाक है। अगर वह अपने रिकॉर्ड में सुधार नहीं करते हैं तो टीम इंडिया मुश्किल में पड़ जाएगी।

### पाकिस्तान के खिलाफ दो बार शून्य पर हुए आउट

टी20 में पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा के प्रदर्शन को देखें तो उन्होंने सात पारियों में सिर्फ 70 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 14 का रहा है। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 30 रन है और स्ट्राइक रेट 127.27 का है। वह दो बार पाकिस्तान के खिलाफ शून्य पर भी आउट हुए हैं। रोहित ने जिन टीमों के खिलाफ कम से कम पांच पारियां खेली हैं, उनमें पाकिस्तान के खिलाफ ही उनका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

### श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया से भी खराब पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड

रोहित ने पाकिस्तान के बाद श्रीलंका के खिलाफ 16 पारियों में 21.19 की औसत से 339 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 पारियों में ही 22.71 की औसत से 318 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ भारतीय कप्तान ने 118 रन की पारी जरूर खेली है, लेकिन ओवरऑल रिकॉर्ड उनका बेहतरीन नहीं है। इस बार एशिया कप में उनके पास पाकिस्तान के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ भी अपने रिकॉर्ड को ठीक करने का मौका है।

रोहित के पिछले पांच सालों के प्रदर्शन को देखें तो 2022 में उनका औसत सबसे कम है। उन्होंने इस साल 13 मैच की 13 पारियों में 24.16 की औसत से 290 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 140.09 का रहा। रोहित ने एक अर्धशतक लगाया है।

रोहित के पास इस बार पाकिस्तान से बदला लेने का भी मौका है। दरअसल, पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में वह पाकिस्तान के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे।

# एशिया कप से पहले द्रविड़ को कोरोना

## 28 अगस्त को है भारत-पाकिस्तान मैच, शास्त्री बोले- पैरासिटामॉल खाते ही रेडी हो जाएंगे




बेंगलुरू, 23 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप शुरू होने से चार दिन पहले टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने भास्कर से इसकी पुष्टि की है।

एशिया कप में भारत का पहला मैच 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ है। अभी यह साफ नहीं है कि द्रविड़ इस मैच के दौरान टीम के साथ रहेंगे या नहीं। जब से कोरोना महामारी की शुरुआत हुई है, तब से बोर्ड की पॉलिसी कोरोना पॉजिटिव खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ को आइसोलेशन में रखने की है।

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धमूल ने भास्कर को बताया, 'टीम के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं हुआ है और चीफ कोच पर फैसला लेना बाकी है। अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि कोच बदला जाएगा या नहीं।' बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा कि द्रविड़ में कोरोना के लक्षण बहुत हल्के हैं। जल्दी ही उनकी रिपोर्ट निगेटिव आएगी और वे टीम से जुड़ेंगे।

रवि शास्त्री ने कहा कि द्रविड़ एक पैरासिटामॉल खाएंगे और भारत-पाक मैच के लिए रेडी हो जाएंगे। अब कोई कोविड नहीं रहा। मुझे जब कोरोना हुआ था, तब मैं 6 दिन के अंदर ड्रेसिंग रूम में था और हमने ओल्ड ट्रेफर्ड में जीत भी हासिल की थी।

बोर्ड के सूत्रों कहते हैं कि लक्ष्मण एक विकल्प हो सकते हैं। द्रविड़ टीम के साथ रवाना नहीं हुए हैं। वीवीएस लक्ष्मण कुछ मैचों के लिए उनकी जगह ले सकते हैं। उन्हें जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया था और नेशनल क्रिकेट एकेडमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण उनकी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। द्रविड़ निगेटिव आने के बाद ही टीम से जुड़ सकते हैं।


केएल राहुल की कप्तानी में भारत की वनडे टीम ने अभी जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में 3-0 से जीत हासिल की है। द्रविड़ इस टीम के साथ जिम्बाब्वे नहीं गए थे। उन्हें आराम दिया गया था। उनके अलावा बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे को भी आराम दिया गया था। द्रविड़ के पॉजिटिव होने के बावजूद भारतीय टीम के शेड्यूल में कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। टीम के सभी खिलाड़ियों का रूटीन कोरोना टेस्ट होता रहता है। अगर कोई अन्य खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ भी पॉजिटिव आता है तो उसे निगेटिव आने तक आइसोलेशन में रखा जा सकता है।

# मुफलिसी में जी रहे कांबली को मिला नौकरी का ऑफर : सैलरी एक लाख रुपए, फाइनेंस विभाग में काम करना होगा

मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसियां)। आर्थिक तंगी में जी रहे पूर्व क्रिकेटर और सचिन तेंदुलकर के जिगरी दोस्त विनोद कांबली को नौकरी का ऑफर मिला है। महाराष्ट्र के एक व्यवसायी संदीप थोराट ने उन्हें अपनी कंपनी सह्याद्री उद्योग समूह के फाइनेंस डिपार्टमेंट में 1 लाख रुपए महीने की सैलरी के साथ जॉब ऑफर की है।

हालांकि विनोद कांबली ने अब तक इस ऑफर को लेकर कोई जवाब नहीं दिया है। बता दें कि टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर ने 5 दिन पहले मिड डे को दिए इंटरव्यू में अपनी माली हालत का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि वे बेरोजगार हैं और उन्हें काम की तलाश है। वे फिलहाल BCCI से मिलने वाली 30 हजार रुपए पेंशन के दम पर जी रहे हैं।

चेन-ब्रेसलेट सब गायब, मोबाइल स्क्रीन भी फूटी मिड डे को दिए इंटरव्यू के दौरान कांबली का लुक काफी बदला हुआ था। अपने लुक और स्टाइल के लिए मशहूर रहे कांबली सफेद दाढ़ी में नजर आए। उनके गले में न तो गोल्ड चेन थी और न ही हाथ में ब्रेसलेट और घड़ी। यहां तक कि उनके मोबाइल फोन की स्क्रीन भी टूटी हुई नजर आई थी।



# कॉर्पोरेटर से लेकर विधायक बनने तक राजा के खिलाफ 75 से ज्यादा केस

## कभी कैसेट बेचकर परिवार चलाते थे राजा सिंह, फिर बने हिंदुत्ववादी

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान की कंट्रोवर्सी एक बार फिर शुरू हो गई है। इस बार आरोपी हैं बीजेपी विधायक टी. राजा सिंह। मंगलवार को हैदराबाद पुलिस ने उन्हें पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक बयान देने पर गिरफ्तार कर लिया। टी. राजा के खिलाफ हैदराबाद में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच बीजेपी ने भी उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया है।

ज्ञातव्य है कि टी. राजा सिंह हैदराबाद की गोशामहल विधानसभा से बीजेपी विधायक और पार्टी के चीफ व्हिप हैं। पहली बार उन्होंने 2014 में गोशामहल विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। 2018 में तेलंगाना में टीआरएस की लहर में भी जीतने वाले बीजेपी के 5 विधायकों में से टी. राजा एक थे, जबकि हारने वालों में थे जी. किशन रेड्डी जो अब केंद्रीय मंत्री हैं और राज्यसभा सांसद के. लक्ष्मण भी थे।

बजरंग दल के मेंबर रहे टी. राजा ने 2009 में अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत टीडीपी से कॉर्पोरेटर के रूप में की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले अप्रैल 2013 में टीडीपी छोड़कर बीजेपी से जुड़ गए थे। अगस्त 2018 में सिंह ने गोरक्षा आंदोलन के लिए खुद को समर्पित करने के लिए बीजेपी से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ टीआरएस पर गोरक्षा के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने का आरोप भी लगाया था। 2014 में बीजेपी में शामिल होने के बाद से यह उनका तीसरा इस्तीफा था, लेकिन हर बार वे अपने फैसले से पीछे हट जाते रहे हैं।

कई सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक टी. राजा सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की युवा शाखा हिंदू वाहिनी से जुड़े रहे हैं। 2014 में पहली बार विधायक बनने से पहले उन्होंने गौ रक्षा आंदोलन में भाग लिया था। टी. राजा की वेबसाइट कहती है कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की युवा शाखा हिंदू वाहिनी से जुड़े रहे हैं। 2014 में पहली बार विधायक बनने से पहले उन्होंने गौ रक्षा आंदोलन में भाग लिया था।

### वीडियो कैसेट बेच कर चलाते थे परिवार

टी. राजा सिंह का जन्म 15 अप्रैल 1977 को हैदराबाद के धूलपेट में एक लोध परिवार में हुआ था। धूलपेट अवैध शराब और नशीली दवाओं की तस्करी का केंद्र रहा है। धूलपेट के लोध अपने आप को राजपूतों का वंशज बताते हैं। वहीं कई अन्य राज्यों में ये ओबीसी समुदाय में आते हैं। राजा ने अलग-अलग प्लेफॉर्म पर अपने बारे में जो जानकारी दी, उसमें बताया, "मेरा जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जिसका कोई राजनीतिक जुड़ाव नहीं रहा है। घर में पैसे नहीं होने के कारण मैं पढ़ाई नहीं कर सका। मेरे पूर्वज दशकों पहले हैदराबाद में बस गए थे और



जीवन यापन के लिए देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मैंने भी अपने पारिवारिक कारोबार को जारी रखा।' राजा ने शुरुआत में अपने घर के बाहर ऑडियो और वीडियो कैसेट बेचने की एक दुकान चलाई। बाद में इसे बंद करके इलेक्ट्रिक वायरिंग का बिजनेस शुरू कर दिया।

### राउडी शीटर के नाम से मशहूर, 75 मुकदमे

टी. राजा सिंह और कंट्रोवर्सी का पुराना नाता रहा है। उन पर अब 75 आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। हैदराबाद पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर एम. नरेंद्र रेड्डी ने गोशामहल के बीजेपी विधायक टी. राजा सिंह को 19 दिसंबर 2019 को राउडी शीटर कहा था। उन्होंने कहा था कि राजा का नाम उन लोगों की सूची में शामिल किया गया है, जिनके खिलाफ मंगलहाट पुलिस थाने में हिस्ट्री शीट खुली हुई है।

2018 में टी. राजा की ओर से दाखिल चुनावी हलफनामे के मुताबिक उनके खिलाफ 43 आपराधिक मामले हैं। इनमें 16 पर चार्जशीट फाइल हो चुकी है। राजा पर धार्मिक उन्माद फैलाने के 17 मामले पहले से ही दर्ज हैं। नौ मामले धार्मिक भावनाओं को आहत करने के हैं। उनके ऊपर आगजनी, दंगा समेत कई तरह के गंभीर आरोप भी हैं। टी. राजा ने जून 2021 में तेलंगाना पुलिस से कहा कि यदि आप शहर में सांप्रदायिक हिंसा नहीं चाहते हैं, तो सुनिश्चित करें कि गायों की हत्या ना हो। टी. राजा ने जून 2021 में तेलंगाना पुलिस से कहा कि यदि आप शहर में सांप्रदायिक हिंसा नहीं चाहते हैं, तो सुनिश्चित करें कि गायों की हत्या ना हो।

### राजा ने दी थी भाजपा कें वोट न देने पर बुलडोजर चलवाने की धमकी

फरवरी 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान राजा सिंह ने कहा था कि बीजेपी को वोट नहीं दोगे तो घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। इसके बाद चुनाव आयोग ने वोटरों को धमकाने के मामले में उन्हें नोटिस भेजा था। 2 सितंबर 2020 को फेसबुक ने राजा सिंह को 'डेंजरस इंडिविजुअल' बताते हुए हेट स्पीच के लिए अपने तमाम प्लेफॉर्म्स से बैन कर दिया था। इसके बाद राजा ने सफाई दी थी कि उनका कोई ऑफिशियल फेसबुक पेज नहीं है। उनके नाम से चल रहे तमाम फेसबुक अकाउंट फर्जी हैं। जुलाई 2018 में टी राजा ने कहा था कि देश में रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान अगर देश नहीं छोड़ेंगे तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए। 2017 में राजा सिंह ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनाना उनका संकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए वो जान देने और जान लेने को भी तैयार हैं। 2017 में ही उन्होंने ओल्ड हैदराबाद को मिनी पाकिस्तान बताया था। साथ ही दावा किया था कि यदि यहां जांच हो तो हर घर से बम मिलेंगे। नवंबर 2017 में फिल्म पद्मावती का विरोध किया था। उन्होंने धमकी दी थी कि जो थिएटर इस फिल्म को दिखाएंगे, उन्हें जला देंगे।

वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द बोले

22 अगस्त 2022 के भाजपा विधायक टी राजा ने कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के खिलाफ एक वीडियो जारी किया था। इसमें राजा ने पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। बयान के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके विरोध में सड़कों पर उतर आए। सोमवार देर रात से हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन शुरू हो गए। भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए टी राजा की गिरफ्तारी की मांग की।

# भाजपा नेताओं को प्रजा संग्राम यात्रा रोकने के निर्देश, नोटिस जारी

## न रोकने पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी

वरंगल, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल कमिश्नरेट के वर्धन्नापेट डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त ने राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार, पदयात्रा प्रमुख डॉ. जी. मनोहर रेड्डी, जी. प्रेमेंद्र रेड्डी और दुग्याला प्रदीप कुमार को प्रजा संग्राम यात्रा को तुरंत रोकने का निर्देश दिया है, अन्यथा जिले में अमन चैन बनाए रखने के लिए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एसीपी ने भाजपा नेताओं डॉ. जी. मनोहर रेड्डी, जी. प्रेमेंद्र रेड्डी और दुग्याला प्रदीप कुमार को नोटिस में कहा है कि वे वारंगल कमिश्नरी के जंगों जिले की सीमा में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना प्रजा संग्राम यात्रा कर रहे हैं। उनके संज्ञान में यह भी आया कि भाजपा नेता बार-बार यात्रा के दौरान भड़काऊ बयान दे रहे हैं और वारंगल कमिश्नरी की सीमा में 'धर्म दीक्षा' आयोजित करने की योजना बना रहे हैं, और अन्य जिलों से भी भारी भीड़ जुटा रहे हैं।

आपके भड़काऊ बयानों और अन्य जिलों से भारी भीड़ के साथ नियोजित दीक्षा को देखते हुए, क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका है, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर कानून व्यवस्था की समस्या है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रजा संग्राम यात्रा को तत्काल रोक दें, अन्यथा जिले में अमन-चैन कायम रखने के लिए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पदयात्रा रोकने का सवाल ही नहीं : भाजपा नेता

नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए पदयात्रा प्रमुख डॉ. जी. मनोहर रेड्डी, जी. प्रेमेंद्र रेड्डी और दुग्याला प्रदीप कुमार ने कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में पदयात्रा को नहीं रोकेंगे। उन्होंने कहा कि वे पुलिस की पूर्व अनुमति से तीन चरणों में पदयात्रा का आयोजन कर रहे हैं।

यह सवाल करते हुए कि पुलिस अब आपत्ति क्यों उठा रही है, उन्होंने दोहराया कि जो भी आ सकता है वे कार्यक्रम जारी रखेंगे।

## आईआईआईटी में छात्र ने की आत्महत्या

निर्मल, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिले के बासर आईआईआईटी में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। निजामाबाद जिले के डिचपल्ली के सुरेश बासर आईआईआईटी में इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। उसने मंगलवार को छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो छात्रों ने पुलिस से सवाल किया कि वे क्यों आए हैं। इससे वहां तनाव का माहौल पैदा हुआ। छात्रों ने आक्रोश में विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि एम्बुलेंस सेवा व डॉक्टर के ना होने से उसकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि घंटे के बाद पुलिस व एम्बुलेंस पहुंची। आत्महत्या के कारणों का पता होना बाकी है। मौके पर एसपी ने मामला दर्ज कर लिया तथा आगे की जांच जारी है।

# बंडी संजय व अन्य को तुरंत रिहा करें : तरुण चुघ

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा तेलंगाना प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आज पार्टी के राज्य प्रमुख बंदी संजय कुमार और अन्य की गिरफ्तारी की निंदा की और चेतावनी दी कि उनकी पार्टी केसीआर सरकार के कृत्य के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध शुरू करेगी।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए चुग ने कहा कि भाजपा केसीआर के पारिवारिक शासन के खिलाफ अपना संघर्ष कभी नहीं छोड़ेगी और कहा कि केसीआर सरकार जल्द ही अपने घुटनों पर आ जाएगी। यह कहते हुए कि बंडी संजय तीसरे चरण की प्रजा संग्राम यात्रा पर टीआरएस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए है और यात्रा को सभी क्षेत्रों के लोगों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, पुलिस ने बंडी संजय और अन्य को जंगांव जिले के घनपुर स्टेशन के पास गिरफ्तार किया।

तरुण चुघ ने कहा कि भाजपा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से जुड़े दिल्ली में शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए हैदराबाद में टीआरएस विधायक कलवाकुंतला कविता के आवास के बाहर सुर्खियों में लाने की कोशिश कर रही है। चूंकि कविता मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं, इसलिए शराब घोटाले में उनकी संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है और घोटाले का विवरण जल्द ही सामने आएगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं से केसीआर सरकार की कार्रवाई से भयभीत न होने का आह्वान करते हुए श्री चुघ ने कहा कि जिस तरह से टीआरएस सरकार असंवैधानिक तरीके से काम कर रही है, उससे पता चलता है कि केसीआर और उनकी पार्टी में कितनी घबराहट और घबराहट है।

# राजा सिंह पर पीडी एक्ट के तहत मामला दर्ज हो : शब्बीर

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने मंगलवार को मांग की कि मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए भाजपा विधायक राजा सिंह पर पीडी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाए।

शब्बीर अली ने एक मीडिया बयान में, पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी के साथ उनका वीडियो वायरल होने के बाद राजा सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने का विरोध करने में तेलंगाना पुलिस के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा कि पुलिस को मामला दर्ज कर राजा सिंह को गिरफ्तार कर मामले में स्वत: संज्ञान लेना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में युवाओं द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही पुलिस हरकत में आई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि राजा सिंह को 'आदतन अपराधी' माना जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने



अतीत में मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाले कई बयान दिए हैं। इसलिए, पिछले सभी मामलों को ध्यान में रखते हुए, तेलंगाना पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए पीडी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करना चाहिए कि राजा सिंह इतनी आसानी से जमानत पर बाहर न आएं।

शब्बीर अली ने आरोप लगाया कि राजा सिंह को अप्रत्यक्ष रूप से टीआरएस सरकार का संरक्षण प्राप्त है, जिसने कभी भी भाजपा विधायक के खिलाफ गंभीर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि कठोर कार्रवाई की कमी ने राजा सिंह को मुस्लिम समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बयान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार राजा सिंह के खिलाफ सभी लंबित मामलों में कार्रवाई करे और यह सुनिश्चित करे कि उन्हें उनके कार्यों के लिए अनुकरणीय सजा मिले। उन्होंने राजा सिंह के भाजपा से निलंबन को 'बड़ा ड्रामा' बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नूपुर शर्मा के मामले में भी ऐसा ही नाटक किया था, जिन्हें निलंबन के बावजूद सत्ताधारी पार्टी से पूरी सुरक्षा मिली है। गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई से बचाने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उसके खिलाफ जांच में जानबूझकर देरी की जा रही है। शब्बीर अली ने मांग की कि राज्य सरकार राजा सिंह के खिलाफ दर्ज नफरत भरे भाषणों के सभी मामलों से निपटने के लिए एक फास्ट ट्रायल कोर्ट की स्थापना करे।

## सीएम 25 अगस्त को करेंगे रंगारेड्डी कलेक्ट्रेट का उद्घाटन

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव गुरुवार को रंगा रेड्डी कलेक्ट्रेट परिसर का उद्घाटन करेंगे। राज्य सरकार ने कोंगारा कलां गांव में नए विशाल और शानदार एकीकृत जिला समाहरणालय परिसर का निर्माण किया है, जो कि 40 एकड़ जमीन में आदिबटला नगर पालिका के अंतर्गत आता है, जिसकी लागत 32 करोड़ रुपये है। कलेक्ट्रेट परिसर के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट परिसर में एक बैठक को संबोधित करेंगे। आज इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी, चेवेल्ला सांसद रंजीत रेड्डी, विधायक जयपाल यादव और मनचिरेड्डी किशन रेड्डी, एमएलसी येगे मल्लेशम, जिला कलेक्टर अमय कुमार, राचाकोंडा आयुक्त महेश भागवत और अन्य अधिकारियों ने नवनिर्मित समाहरणालय परिसर का दौरा किया और मुख्यमंत्री के लिए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# शहर में फैल रहे डेंगू व वायरल बुखार को रोकने के उपाय करे सरकार : कांग्रेस

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हैदराबाद कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष समीर वलीउल्लाह ने हैदराबाद और इसके बाहरी इलाकों में डेंगू, वायरल बुखार और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के फैलने पर चिंता व्यक्त की। समीर वलीउल्लाह ने मंगलवार को एक मीडिया बयान में कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) एक प्रभावी मानसून कार्य योजना को लागू करने में पूरी तरह से विफल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप न केवल बारिश के दौरान निचले इलाकों में बाढ़ आई, बल्कि इसके कारण शहर में वायरल, जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियों का प्रसार। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी प्रभावी ढंग से छिड़काव कार्य करने में विफल रही है। नतीजतन, उन्होंने कहा कि सरकारी और सार्वजनिक दोनों अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के हजारों मामले सामने आ रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अकेले सरकारी अस्पतालों में डेंगू, वायरल बुखार आदि के 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यदि हम निजी अस्पतालों और



स्थानीय क्लीनिकों में रिपोर्ट किए जा रहे मामलों को शामिल करें तो यह संख्या बहुत अधिक है। टीआरएस सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को बहुत हल्के में लिया है। तेलंगाना के लगभग सभी हिस्सों, विशेष रूप से हैदराबाद में पिछले दो महीनों से लगातार बारिश हो रही है। लेकिन राज्य सरकार ने बारिश से संबंधित बीमारियों के संभावित प्रकोप से निपटने के लिए ठोस उपाय नहीं किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस मुद्दे पर अधिकारियों को सचेत करती रही है।

समीर वलीउल्लाह ने कहा कि अधिकारियों ने डेंगू, मलेरिया और अन्य प्रकार के वायरल बुखार के मामलों से निपटने के लिए लोगों को संवेदनशील नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि डेंगू के मामलों से निपटने में इसी तरह की लापरवाही के कारण करीब तीन साल पहले बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित बुखार, वायरल बुखार, मलेरिया, डेंगू और अन्य संचारी रोगों के बीच का अंतर समझाया जाना चाहिए।

# केआरएमबी की बैठक सितंबर में, प्रमुख मुद्दों पर होगी चर्चा

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच कृष्णा नदी के पानी के बंटवारे और उचित जलाशय प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए श्रीशैलम और नागार्जुन सागर परियोजना (एनएसपी) के पावरहाउस के संचालन के लिए एक ध्वनि तंत्र विकसित करने से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) की नदी प्रबंधन समिति (आरएमसी) की अगले महीने होने वाली एक बैठक के दौरान चर्चा होने की उम्मीद है।

बैठक के दौरान श्रीशैलम और एनएसपी जलाशयों के वक्रों पर नियम बनाने के संबंध में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी चर्चा की जा सकती है। कुछ दिनों पहले, तेलंगाना सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास (आई एंड सीएडी) के अधिकारियों ने केआरएमबी से अनुरोध किया कि अगली आरएमसी बैठक बुलाते समय श्रीशैलम और एनएसपी जलाशयों के नियम वक्रों के निर्माण के लिए जल्द से जल्द डेटा प्रस्तुत करें।

तेलंगाना और एपी क्षेत्र के तहत कृष्णा बेसिन में 75 प्रतिशत से अधिक भरोसेमंद प्रवाह के अतिरिक्त पानी के सीमांकन के लिए एक पद्धति विकसित करने के लिए एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी चर्चा की जाएगी। 4 अगस्त को आयोजित आरएमसी बैठक के दौरान भी यही मुद्दा चर्चा के लिए आया था। आई एंड सीएडी के वरिष्ठ अधिकारी बैठक के दौरान एक विस्तृत प्रस्तुति देंगे।

# सरकार से रैतु बंधु को पांच एकड़ तक सीमित करने का आग्रह

नलगोंडा, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। फार्मर्स फर्स्ट फाउंडेशन ने बुधवार को राज्य सरकार से रैतु बंधु योजना के तहत निवेश सहायता को लाभार्थी किसानों के लिए पांच एकड़ भूमि तक सीमित रखने का आग्रह किया। इस प्रकार, राज्य सरकार छोटे और सीमांत किसानों की मदद के लिए निवेश समर्थन को मौजूदा 5,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति एकड़ कर




सकती है। यहां एक मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए, फाउंडेशन के निदेशक चक्रधर गौड़ ने कहा कि रायथु बंधु को पांच एकड़ से अधिक की भूमि में विस्तारित करने से केवल जमींदारों को मदद मिलेगी। रैतु बंधु की मांग पर फाउंडेशन आंदोलन जारी रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि रैतु बंधु राशि को भूमि के लिए बढ़ाया जा रहा है, जिन्हें रियल एस्टेट उपक्रम के रूप में परिवर्तित किया गया है, और विशेष रूप से हैदराबाद के आसपास के क्षेत्रों में रिसॉर्ट्स।

### राजगोपाल रेड्डी से रैतु बंधु को छोड़ने का आग्रह

यह कहते हुए कि उपचुनावों के कारण पूरा राज्य मुनुगोड़े की ओर देख रहा है, चक्रधर गौड़ ने भाजपा नेता कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी से रैतु बंधु राशि छोड़ने और दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए इस संबंध में एक घोषणा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें उपचुनाव में किसानों का समर्थन हासिल करने में निश्चित तौर पर मदद मिलेगी। उन्होंने मुनुगोड़े के लोगों को राजनीतिक दलों के नेताओं से सवाल करने का सुझाव दिया, जो उपचुनाव में अपनी पार्टी को वोट मांगने के लिए अपने गांवों में आएंगे, क्या उन्होंने रायथु बंधु को छोड़ दिया।


स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com



रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक


## तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन का नवापारा रोड रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बिलासपुर-तिरुपति-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों (सं. 17481/17482) को क्रमशः 23 और 26 अगस्त से नवापारा रोड रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त स्टॉपेज प्रदान किया गया है।

बिलासपुर-तिरुपति द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस (सं. 17481) शाम 7.33 बजे नवापारा रोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी और शाम 7.35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, तिरुपति-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस (संख्या 17482) सुबह 12.08 बजे नवापारा रोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी और 12.10 बजे प्रस्थान करेगी।

## मंत्री सत्यवती ने आदिवासी समुदाय के परंपरागत तीज उत्सव में भाग लिया

नागरकर्नूल, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य आदिवासी, महिला, शिशु कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड ने नागर कर्नूल जिले में आदिवासी समुदाय के परंपरागत तीज उत्सव में भाग लेकर सभी का उत्साह ही नहीं बढाया पर सभी के साथ नृत्य किया तथा आदिवासी परंपरा के अनुसार वेशभूषा पहन कर गीत भी गाया। इस संदर्भ में, तेलंगाना आधिकारिक सूत्रों ने विस्तार से बताया कि, नागर कर्नूल जिले के कल्वकुर्ती मंडल जयप्रकाश तंडा में आदिवासी तीज उत्सव जोर शोर से मनाया गया है। इस दौरान मंत्री ने कहा कि, सभी समुदाय के पारंपरिक उत्सव में भाग लेकर सभी का उत्सवों का आदर करना मानवीय दृष्टिकोण का सूचक है। इस उत्सव में संबंधित अधिकारियों ने भी भाग लिया।



नई दिल्ली दौरे के दौरान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनका सम्मान करते हुए आंप्र के सीएम जगन मोहन रेड्डी। याथ में हैं सांसद विजयसाई रेड्डी व अन्य।

## देर रात विरोध प्रदर्शन के बाद पुराने शहर में तनाव

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल के भाजपा विधायक टी. राजा सिंह की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ देर रात विरोध प्रदर्शन के बाद पुराने शहर में मंगलवार को तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। दबीरपुरा पुलिस ने विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कुछ इलाकों में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद रहे और कुछ स्कूल प्रबंधन ने परेशानी की आशंका के चलते छुट्टी घोषित कर दी। पुलिस घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए है और सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

बहादुरपुरा, जलपल्ली, शाहीननगर, अंबरपेट और अन्य स्थानों से नवीनतम प्रदर्शनों की रिपोर्ट के साथ विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

पुलिस आईटी सेल सोशल मीडिया प्लेफॉर्म पर नजर रखे हुए है। पुलिस ने सुबह राजा सिंह को हिरासत में ले लिया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.